रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 30 मई 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 276 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### झारखंड में बिजली करंट लगने से 6 लोगों की मौत

**रांची।** पूर्व मध्य रेलवे के झारखंड के धनबाद रेल मंडल के हावड़ा - नई दिल्ली रेल मार्ग पर धनबाद और गोमो स्टेशन के बीच निचितपुर रेल फाटक के पास करंट की चपेट में आने से मौके पर 6 लोगों की मौत हो गई। रेलवे सूत्रों ने बताया कि मजदूर पोल गाड़ रहे थे और काम के दौरान पोल डगमगा कर 25000 वोल्ट के ओवरहेड तार से छू गया। इसके बाद करंट की चपेट में आने से 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया है। इस घटना में 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

### देश में कोरोना के 310 नये मामले

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 310 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इसी अवधि में दो मरीजों की मौत हुई है। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और पिछले 24 घंटों में 500 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,67,07,591 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,49,90,054 हो गयी है।

### शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई।** अमेरिकी ऋण सीमा को निलंबित करके आर्थिक रूप से अस्थिर करने वाले डिफ़ॉल्ट को टालने पर सहमति बनने पर वैश्विक बाजार की मिलीजुली प्रतिक्रिया के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, धातु और रियल्टी समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 344.69 अंक की छलांग लगाकर 62846.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 99.30 अंक की तेजी लेकर 18598.65 अंक पर पहुंच गया।

# मिलरों से 150 करोड़ की अवैध वसूली का आरोप

## राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ने केंद्रीय खाद्य मंत्री को पत्र लिखकर किया बड़ा खुलासा

रवि भूतड़ा ◄ बालोद
www.dailypioneer.com


छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन

पायनियर खास

राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर ने बड़ा खुलासा करते हुए केंद्रीय खाद मंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें 150 करोड़ की अवैध वसूली की बात कही गई है। एफसीआई अफसरों पर राइस मिलरों से 150 करोड़ से अधिक रुपये की अवैध वसूली का आरोप कोषाध्यक्ष ने बकायदा पत्र लिखकर किया है। शिकायत के बाद से प्रदेशभर के एफसीआई अधिकारियों में हडकंप मचा हुआ है। चंद्राकर ने एफसीआई के अफसरों पर राज्य भर के राइस मिलरों से वर्ष 2021-2022 में 67.13 करोड़ और चालू वर्ष में अब तक 85.85 करोड़ रुपयों की अवैध उगाही का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से की है। उन्होंने मामले की जांच केन्द्रीय एजेंसी से कराकर एफसीआई के भ्रष्टाचारी अफसरों के गिरोह के सभी सदस्यों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**लाट्स रिजेक्ट और मिलर्स को ब्लैक लिस्ट करने की दी जाती है धमकी**

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा सभी जिलों में संदेश भेजकर या मिलर्स की मीटिंग लेकर दबाव बनाया गया। मंत्री को अतिरिक्त पैसा भेजने की बात कहकर बड़ी मात्रा में अवैध राशि वसूली की गई हैं। वर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ एफसीआई द्वारा 3244615 मी. टन चावल लिया गया। छत्तीसगढ़ एफसीआई के अधिकारियो के संगठित गिरोह द्वारा 6 हजार रुपये प्रति 29 मी. टन के लॉट के हिसाब से 67.13 करोड़ रुपये की अवैध उगाही की गई हैं। वर्ष 2022-23 में आज तारीख तक 3319342 मी. टन चावल छत्तीसगढ़ में एफसीआई द्वारा एक्सेप्ट किया गया हैं। उसपर 7 हजार 500 रुपये प्रति मी. टन के लॉट के हिसाब से 85.85 करोड़ रुपयों की अवैध उगाही ऑलरेडी की जा चुकी है। यह वसूली अभी भी जारी हैं। उन्होंने कहा अधिकारियों द्वारा राइस मिलर्स को धमकी दी जाती है कि अगर उन अधिकारियों की कोई शिकायत करेगा तो उस राइस मिलर्स के लाट्स को बार-बार रिजेक्ट किया जाएगा और जो शिकायतकर्ता राइस मिलर है उसे ब्लैक लिस्ट में डाला जाएगा। इसी कारण राइस मिलर्स शिकायत करने से डर जाते हैं और इनकी प्रताड़ना का शिकार होते जाते हैं। इस अवैध वसूली में शामिल अधिकारियों के नाम, पदनाम भी उन्होंने पत्र में उजागर किए हैं। चन्द्राकर ने पत्र में यह भी लिखा है कि उपरोक्त राशि किन-किन के बीच मे बटती हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के राइस मिलर्स का 2021-22 एवं 2022-23 का करोड़ों रूपए एफ आरके का भुगतान सिस्टम के कारण कुछ ना कुछ अड़ंगा जान-बूझकर बिल में कमी निकाल कर मिलर्स को परेशान करके बिल को रोककर 2 प्रतिशत राशि की एडवांस वसूली के बाद ही बिल ओके किया जाता है। इसी तरह एफसीआई के परिवहन बिल में एवरेज 3 राशि, एफ आरके निर्माताओं से 5 प्रतिशत व राइस मिलर के एफआरके के बिल को पास करने 2 प्रतिशत की अतिरिक्त वसूली की जा रही हैं।

**प्रति लॉट 7500 की ली जा रही रिश्वत**

केंद्रीय मंत्री को भेजे पत्र में अवैध उगाही में शामिल उच्च पदस्थ अफसरों के नामों का उल्लेख करते हुए रौशन ने बताया कि बालोद के पड़ोसी जिला धमतरी के राइस मिलरों से एरिया मैनेजर, धमतरी के क्यूसी मैनेजर ने प्रदेश के बड़े अफसरों की जानकारी में करोड़ों रूपये पिछले और इस वर्ष अब तक वसूले। उन्होंने कहा कि इस बाबत वहाँ के राइस मिलरों से वे केंद्रीय एजेंसी के समक्ष बयान करा सकते हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि वर्तमान में एफसीआई में 29 मी. टन के चावल के एक लॉट में एक्सेप्ट करने के एवज में 7500 प्रति लॉट रिश्वत ली जा रही हैं। इस वर्ष 1500 रु. प्रति लॉट की राशि बढ़ाई गई।

**सत्य व तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध करवा रहा हूँ : रोशन**

केंद्रीय मंत्री को भेजे गए पत्र में कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर ने बताया कि दिल्ली में उनके (मंत्री) द्वारा 20 फरवरी को आहूत बैठक में छग के राइस मिलर्स के प्रतिनिधि के रूप में वे शामिल हुए थे। बैठक में सचिव, खाद्य और सार्वजनिक वितरण भारत सरकार व सीएमडी एफसीआई



के साथ-साथ पूरे देश के राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। आपने एफसीआई की कार्य प्रणाली को सुगम, पूर्ण पारदर्शी व भ्रष्टाचार से पूर्ण रूप से मुक्त कराने का आव्हान के साथ-साथ संकल्प भी दोहराया था। हमें भरोसा भी दिया था कि अगर एफसीआई की कार्यप्रणाली को पारदर्शी व भ्रष्टाचार से मुक्त कराने में कोई अधिकारी बाधक बनता है या आपके संस्थान को आर्थिक नुकसान पहुंचाता है तो आप मुझसे डायरेक्ट संपर्क कर सकते हैं। व आप हमारी हर संभव मदद व सुरक्षा करेंगे। आपकी एफसीआई को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने की प्रबल इच्छाशक्ति से प्रभावित होकर में छत्तीसगढ़ एफसीआई में वर्षों से जारी भ्रष्टाचार के संबंध में सत्य व तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध करवा रहा हूँ।

**उक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने पायनियर संवाददाता से कहा**



एफसीआई सेंट्रल से संबंधित है, सेंट्रल इसे रोके, यह सब सेंट्रल के आधीन हो रहा है, सेंट्रल को देखना चाहिए

'ऐसी कोई बात नही है, की लाट्स एक्सेप्ट के नाम से पैसे मांगे जाते है, जिसका लाट्स सही होता है, वो एक्सेप्ट हो जाता है, बाकी ऐसा कुछ नही है, गलत बात हैं।'
भागचंद मीणा, डिपो मैनेजर, **बालोद**

'मेरी नॉलेज में जो है, उन्होंने धमतरी और रायपुर के लिए पत्र लिखा बाकी मुझे कोई आईडिया नही है, चर्चा में जो है उसके आधार पर, बाकी मेरे पास कोई लेटर नही है, तो मैं ज्यादा कुछ नही बोल पाऊँगा।'
**स्वास्तिक सान्याल,** क्वालिटी मैनेजर

## अवसंरचना निर्माण भी सच्चा सामाजिक न्याय है, सच्चा सेकुलरिज्म : पीएम मोदी

वार्ता ◄ गुवाहाटी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश में आधारभूत संरचना के विकास का सर्वाधिक लाभ मिलने का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि अवसंरचना निर्माण भी सच्चा सामाजिक न्याय है, सच्चा सेकुलरिज्म है। मोदी ने पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को गुवाहाटी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखा कर न्यू जलपाईगुड़ी के लिए रवाना किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 199 रूट किलोमीटर के न्यू बोंगाईगांव-दुधनोई-मेंदीपाथेर और 238 किलोमीटर के गुवाहाटी-चापरमुख नव विद्युतीकृत खंडों तथा लमडिंग में नवनिर्मित डेमो मेमो शेड को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर यहां गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में असम के राज्यपाल गुलाब चंद्र कटारिया, मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और केन्द्र सरकार में रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, निशीथ प्रमाणिक एवं जॉन बारला मौजूद थे । इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज असम सहित पूरे पूर्वोत्तर की रेल कनेक्टिविटी के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। आज पूर्वोत्तर की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम एक साथ हो रहे हैं। आज पूर्वोत्तर को अपनी पहली 'मेड इन इंडिया' वंदे भारत एक्सप्रेस मिल रही है। मोदी ने कहा कि बीते नौ साल, भारत के लिए अभूतपूर्व उपलब्धियों के रहे हैं, नए भारत के निर्माण के रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल ही देश को आज़ाद भारत की भव्य-दिव्य आधुनिक संसद मिली है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने शारदापीठ और ज्योतिषपीठ के जगतगुरू शंकराचार्यों का अपने निवास में किया आत्मीय स्वागत



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास में पधारे शारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज और ज्योतिषपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का सपरिवार विधि विधान से पादुका पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े व चन्द्रदेव राय, विधायक खेल साय सिंह, रामपुकार सिंह, विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, विनय भगत, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय प्रदीप शर्मा व विनोद वर्मा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकारों का बिखरेगा रंग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का शुभारंभ एक जून को होगा। इस दिन की शुरूआत हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से होगी। इस मौके पर विदेशी एवं अंतरराज्यीय कलाकारों द्वारा मार्च पास्ट भी किया जाएगा। पहले दिन इंडियन आइडल की राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार शण्मुख प्रिया तथा राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार शरद शर्मा द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा हंसराज रघुवंशी तथा लखबीर सिंह लक्खा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जाएगी। तीसरे दिन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार कुमार विश्वास द्वारा अपने अपने राम म्यूजिक नाइट की प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मैथिली ठाकुर भी भजन संध्या की प्रस्तुति करेंगी। पहले दिन होगा यह- समारोह दोपहर तीन बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा औपचारिक आरंभ के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात आमंत्रित विदेशी एवं अंतरराज्यीय कलाकारों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। इसके बाद कंबोडिया के दल की प्रस्तुति होगी। उत्तराखंड, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ की रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकांड पर आधारित अंतरराज्यीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात शण्मुख प्रिया तथा शरद शर्मा भजनसंध्या की प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन होगा यह- दूसरे दिन समारोह का आरंभ दोपहर 2 बजे से होगा। दूसरे दिन भी हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। इसके पश्चात अंतरराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकांड पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, असम, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, गोवा और छत्तीसगढ़ की टीम हिस्सा लेगी। इसके पश्चात बाबा हंसराज रघुवंशी और लखबीर सिंह लक्खा भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे। तीसरे दिन समापन समारोह पर होगा यह- तीसरे दिन समारोह दोपहर 2 बजे से आरंभ होगा। अंतरराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्य कांड पर आधारित प्रतियोगिता होगी। इसमें केरला, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की टीम हिस्सा लेगी। इसके पश्चात कंबोडिया के दल की प्रस्तुति होगी।

**एनवीएस-01 दूसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जिसमें अतिरिक्त क्षमताएं हैं**

## जीएसएलवी-एफ12 ने किया देश की दूसरी पीढ़ी के पहले नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 का सफल प्रक्षेपण

वार्ता ◄ श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)
www.dailypioneer.com

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ-12 के जरिये देश की दूसरी पीढ़ी के पहले नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 का सफल प्रक्षेपण किया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह 10:42 बजे 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी-एफ12 अपनी 15वीं उड़ान में दो हजार 232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को लेकर रवाना हुआ। प्रक्षेपण की उल्टी गिनटी 27.5 घंटे पहले रविवार सुबह सात बजकर 12 मिनट पर शुरू हो गयी थी। प्रक्षेपण के लगभग 18 मिनट बाद उपग्रह प्रक्षेपण यान से अलग होकर जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित हो गया। एनवीएस-01 में पहली बार एक स्वदेशी परमाणु घड़ी को भी लगाया गया है। उपग्रह को अपेक्षित कक्षा में स्थापित करने के लिए कक्षा ऊपर उठाने की प्रक्रिया को



अंजाम दिया गया। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने सफल प्रक्षेपण के बाद मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा, जीएसएलवी-एफ12 मिशन के उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी को बधाई। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि जीएसएलवी-एफ12 ने नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 को अपेक्षित कक्षा में स्थापित कर दिया है। इस मिशन को पूरा करने के लिए पूरी टीम को बधाई। डॉ. सोमनाथ ने कहा कि जीएसएलवी-एफ12 का यह मिशन क्रायोजेनिक चरण में आयी समस्या के कारण जीएसएलवी-एफ10 मिशन के विफल होने के बाद सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। उन्होंने कहा, हमने संशोधन किये और इससे सीखे गये सबक की बदौलत एलवीएम-एम3 मिशन तथा आज का मिशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ। उन्होंने विफलता विश्लेषण समिति को भी धन्यवाद दिया, जिसने जीएसएलवी-एफ10 मिशन की विफलता के कारणों का पता लगाया और अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं। उन्होंने कहा कि एनवीएस-01 दूसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जिसमें अतिरिक्त क्षमताएं हैं, जो संकेतों को अधिक सुरक्षित बनाती हैं। यह नए विन्यास में उपग्रहों की उन पांच श्रृंखलाओं में से एक है, जिनके प्रक्षेपण की योजना बनायी गयी है। इसरो प्रमुख ने कहा, मैं सफल मिशन के लिए सभी को धन्यवाद देता हूं। जीएसएलवी-एफ12 भारत के जीएसएलवी की 15वीं और स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ नौवीं उड़ान है।

### इसरो मिशनों की श्रृंखला तैयार, शार रेंज गतिविधियों से गुलजार : सोमनाथ

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने सोमवार को कहा कि भारत के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में हलचल नजर आ रही है क्योंकि अंतरिक्ष एजेंसी ने आने वाले महीनों में मिशनों की एक श्रृंखला तैयार की है। इसरो ने सोमवार को प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ-12 के जरिये देश की दूसरी पीढ़ी के पहले नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह 10:42 बजे 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी-एफ12 अपनी 15वीं उड़ान में दो हजार 232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को लेकर रवाना हुआ। प्रक्षेपण की उल्टी गिनटी 27.5 घंटे पहले रविवार सुबह सात बजकर 12 मिनट पर शुरू हो गयी थी। प्रक्षेपण के लगभग 18 मिनट बाद उपग्रह प्रक्षेपण यान से अलग होकर जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित हो गया। एनवीएस-01 में पहली बार एक स्वदेशी परमाणु घड़ी को भी लगाया गया है। उपग्रह को अपेक्षित कक्षा में स्थापित करने के लिए कक्षा ऊपर उठाने की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। प्रक्षेपण के बाद डॉ सोमनाथ ने संवाददाताओं से कहा कि इसरो के लिए आने वाला साल काफी व्यस्त रहेगा क्योंकि यह पीएसएलवी, जीएसएलवी, सबसे भारी रॉकेट एलवीएम और एसएसएलवी के साथ मिशनों की एक श्रृंखला शुरू करेगा। इसरो प्रमुख ने कहा कि चंद्रयान-3 को इसी साल जुलाई में लॉन्च किया जाएगा। ये अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की एक और बड़ी कामयाबी होगी। इसके साथ ही इंसेट - 3डी को जीएसएलवी की मदद से प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, पहला मानव उड़ान मिशन, गगनयान से पहले रॉकेट क्रू एस्केप सिस्टम का जुलाई में परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद दो मानव रहित मिशन होंगे। डॉ सोमनाथ ने कहा,'हम टेस्ट वेहिकल मिशन के लिए तैयार हो रहे हैं। हमें क्रू मॉड्यूल और क्रू निकास प्रणाली हासिल करनी होगी। जुलाई तक हम रॉकेट के साथ सिस्टम को एकीकृत कर लेंगे।' क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम की सुरक्षा प्रणालियों का परीक्षण लगभग 14 किमी की ऊंचाई पर किया जाएगा।

## मोदी का कार्यकाल आजाद भारत का स्वर्णिम युग : पुरी

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली की सराहना करते हुये केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि मोदी के पिछले नौ साल के कार्यकाल में उतने काम हो चुके है जो आजादी मिलने के बाद से 2014 के बीच कभी नहीं हुये थे। मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल के दौरान मिली उपलब्धियों का बखान करते हुये श्री पुरी ने कहा कि बीते नौ साल में जो काम हुए हैं, वो 1947 से अब तक नहीं हुए। 2019 में हमने कोरोना महामारी का सामना किया। इससे पहले हमारे हेल्थ सेक्टर की स्थिति अच्छी नहीं थी। पीपीई किट छोड़िए वैक्सिन मैन्यूफैक्चरिंग का काम बंद था। हमने वैक्सीन मैन्यूफैक्चरिंग और हेल्थ सेक्टर को सुदृढ़ किया। पुरी ने ओडीएफ, अमृत मिशन के अंतर्गत नल से जल योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना पर भी विस्तार से आंकड़े रखे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत की जीडीपी 3.8 ट्रिलियन डॉलर है। जर्मनी और जापान हमसे थोड़ा आगे हैं। हम अगले दो साल में ही दुनिया के तीसरे नंबर की जीडीपी वाला देश होंगे। 2028 तक हमने सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है। साथ ही 2040 तक हम 28 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर चर्चा करते हुए कहा कि पिछले साल से लेकर इस साल तक 30 प्रतिशत कैपिटल एक्सपेंडिचर की ग्रोथ हुई है। हरदीप सिंह पुरी ने एयरपोर्ट, रोड नेटवर्क, नेशनल हाईवे को लेकर हुए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि न सिर्फ हमारे हवाई अड्डे वर्ल्डक्लास हो रहे हैं बल्कि रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प हो रहा है।

# आंधी-तूफान से महाकाल लोक में हुई क्षति पर शिवराज के अधिकारियों को निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में तेज आंधी तूफान में उज्जैन स्थित महाकाल लोक की कुछ मूर्तियों के क्षतिग्रस्त होने के मामले में प्रदेश में जोर पकड़ती राजनीति के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटनाक्रम का संज्ञान लेते हुए फोन पर आला अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।



आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चौहान ने उज्जैन कलेक्टर और उज्जैन संभाग आयुक्त से कल ही फोन पर चर्चा की।

चौहान को अधिकारियों ने बताया कि कल मालवा क्षेत्र के उज्जैन एवं आसपास के इलाक़ों में तेज तूफ़ान से प्राकृतिक आपदा जैसी स्थित उत्पन्न हुई।

इसमें दो लोगों की (एक उज्जैन और एक नागदा में) मृत्यु हो गई और तीन लोग घायल हुए। लगभग 50 वृक्ष और बहुत से बिजली के खंभे उखड़ गए। मुख्यमंत्री चौहान को बताया गया कि महाकाल लोक में 155 प्रतिमाएँ हैं, जिनमें से 6 खंडित हुई हैं। ये सभी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के तहत कांट्रेक्टर द्वारा नयी स्थापित की जाएंगी।

चौहान ने कहा कि ऐसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में जहां तेज आंधी तूफान में तीन लोगों की मृत्यु हुई हो, लोग घायल हुए हों, वहां कांग्रेस मध्यप्रदेश के लोगों के साथ खड़े होने की बजाए राजनीति कर रही है और बिना किसी तथ्य को सामने रखे सिर्फ़ भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

उज्जैन में कल तेज आंधी-तूफान के कारण महाकाल लोक की कुछ मूर्तियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इनसे जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस ने इस मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और संपूर्ण मामले की जांच के लिए एक समिति का भी गठन कर दिया।

पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि मध्यप्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जब उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर का भव्य निर्माण करने का संकल्प लिया था तब इस बात की कल्पना नहीं की थी कि बाद की सरकार महाकाल लोक के निर्माण में भी गंभीर अनियमितता करेगी। जिस तरह से महाकाल लोक परिसर में आंधी चलने से देव प्रतिमाएं जमीन पर गिर गईं, वह दृश्य किसी भी धार्मिक व्यक्ति के लिए अत्यंत करुण दृश्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री चौहान से मांग की कि गिरी प्रतिमाओं के स्थान पर नई प्रतिमाएं स्थापित की जाएं और घटिया निर्माण करने वालों को जांच कर दंडित किया जाए। कमलनाथ के निर्देश पर गठित कांग्रेस की जांच समिति में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा समेत सात सदस्यों को शामिल किया गया है। ये समिति उज्जैन पहुंच कर मामले की जांच करेगी।

## भाजपा मध्यप्रदेश में जीतेगी 200 से ज्यादा सीटें : शिवराज

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी। चौहान ने अपने बयान में बिना किसी का नाम लिए कहा कि दिल को बहलाने को 'बाबा', ख्याल अच्छा है। भाजपा मध्यप्रदेश में 200 से ज्यादा सीट जीतेगी। उन्हें ख्याली पुलाव पकाने हैं तो वे पकाते रहें। दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आज दिल्ली में दिया एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे संवाददाताओं से ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के आंकलन के अनुसार पार्टी को मध्यप्रदेश में 150 सीटों पर जीत हासिल होगी। इस बयान के बाद चौहान का ये बयान सामने आया है। कांग्रेस की आज दिल्ली में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे। गांधी ने इस बैठक के बाद मध्यप्रदेश के संदर्भ में बयान दिया था।

## नवविवाहित महिलाएं भी पात्रतानुसार लाड़ली बहना योजना में होंगी लाभान्वित: शिवराज

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नवविवाहित बेटियों को भी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्रतानुसार लाभान्वित करने आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। चौहान ने मुख्यमंत्री निवास से झाबुआ जिले की थांदला जनपद पंचायत में 300 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेटियों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की हैं। वर्ष 2006 में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की शुरूआत के बाद लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत और स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत स्थान बेटियों के लिए सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई। शिक्षण कार्य में भी बेटियों की हिस्सेदारी कम से कम आधी हो, इसकी पहल की गई है। आज प्रदेश की बेटियाँ शिक्षण सुविधाओं का लाभ लेते हुए सम्मानजनक स्थिति में हैं।

# जबलपुर की कार्रवाई एटीएस और एनआईए का संयुक्त ऑपरेशन : गृह मंत्री

वार्ता ✓ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के जबलपुर में की गई कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और मध्यप्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की संयुक्त कार्रवाई थी।



डॉ मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि जबलपुर की ये कार्रवाई एटीएस और एनआईए का एक संयुक्त अभियान था।

मध्यप्रदेश की पुलिस आतंकी सोच वाले लोगों के लिए पेस्टिसाइड है। उन्होंने बताया कि सैयद मसूद, अली मुहम्मद आदिल खान और मुहम्मद शाहिद नाम के तीन लोग पकड़े गए, जो आईएसआईएस के लिए काम करते थे। इस मामले की पूरी जांच एनआईए के पास है। एफआईआर भी उन्होंने ही की है। ये लोग स्थानीय मस्जिद में बैठक कर कट्टरता फैलाते थे। इन्होंने बिस्मिल्लाह नाम से एक समूह भी बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद से संबंधित कोई भी सोच मध्यप्रदेश में कुचल दी जाएगी।

## 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर ब्याज में 30 प्रतिशत की छूट

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स 31 जुलाई तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी वर्गों को काफी राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाइन हो चुका है। प्रॉपर्टी टैक्स की ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट का लाभ अधिकतम लोगों को मिले, इसके लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे बकायेदारों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए जागरुक एवं प्रेरित करें ताकि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकें।

## सुक्खू ने केजरीवाल से दोनों राज्यों से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार देर शाम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से नयी दिल्ली में भेंट कर दोनों राज्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी सोमवार को यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में दी गई। सुक्खू ने ऊना जिले में स्थापित होने वाले बल्क ड्रग पार्क के लिए भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड (बीबीएमबी) के सहयोग से विद्युत आपूर्ति और रेणुका और किशाऊ जल विद्युत परियोजनाओं के सांझे जल बंटवारे के समझौते और इनके शीघ्र कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यमुना जल बंटवारे के संबंध में दिल्ली और हिमाचल प्रदेश सरकार के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के संबंध में भी दिल्ली सरकार से विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## नर्मदा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में नर्मदा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम जहाजपुरा में नहाने के दौरान नर्मदा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई है। इस घटना में सौरभ, प्रियांशु और हर्ष नागर की मौत हो गयी। तीन बच्चें रायसेन जिले के है। सभी बच्चे माथनी गांव में रिश्तेदार के यहां आए थे। तीनों बच्चों के शव को बाहर निकाल लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।



## बीएसएफने अमृतसर सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया

**जालंधर।** पंजाब के अमृतसर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पाकिस्तान की एक और नापाक कोशिश को नाकाम करते हुए रविवार रात लगभग 0850 बजे नशीले पदार्थों की खेप ले जा रहे पड़ोसी देश के ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को बताया कि गहराई वाले क्षेत्र में तैनात सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के धनोई खुर्द गांव के पास एक संदिग्ध पाक ड्रोन की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि बीएसएफके जवानों ने ड्रोन को रोकने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया दी और पाकिस्तानी ड्रोन को मादक पदार्थों की खेप सहित सफ्लतापूर्वक मार गिराया। क्षेत्र की बाद की तलाशी के दौरान, बीएसएफके जवानों ने खेतों से एक काले रंग का ड्रोन (क्वाडकॉप्टर, डीजेआई मैट्रिस, 300 आरटीके) बरामद किया, जिसमें संदिग्ध हेरोइन का एक बैग था, जो लोहे की अंगूठी के माध्यम से ड्रोन से जुड़ा हुआ था। संदिग्ध नशीले पदार्थों की बरामद खेप का कुल वजन लगभग दो किलो सात सौ ग्राम है।



## एसजीपीसी ने ओलंपियन पहलवानों पर सरकार की जबरन कार्रवाई की निंदा की

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर न्याय के लिए प्रदर्शन कर रही महिला ओलंपियन पहलवानों पर सरकार की जबरन कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। एसजीपीसी के महासचिव भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने सोमवार को कहा कि मानवाधिकार के लिए आवाज उठाने वालों के खिलाफसरकार द्वारा की जा रही दमनात्मक कार्रवाई लोकतंत्र पर धब्बा है। उन्होंने कहा कि एक ओर नवनिर्मित संसद का उद्घाटन हो रहा है और दूसरी ओर देश का नाम रोशन करने वाली महिला पहलवानों पर अत्याचार हो रहे हैं, जिससे पूरा देश शर्मसार हुआ है।

## वैशाली में 637 कार्टन विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार


**हाजीपुर।** बिहार में वैशाली जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 637 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर रविवार की देर रात गोढ़िया गांव स्थित एक ठिकाने पर छापेमारी की गयी। इस दौरान ट्रक पर लदी हरियाणा निर्मित 637 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गयी। बरामद शराब की कीमत करीब 65 लाख रूपये है।

# पौंग बांध बनेगा साहसिक गतिविधियों का केंद्र: सुक्खू

वार्ता ✓ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला की शिवालिक पहाड़ियों की आद्रभूमि में मानव निर्मित पौंग बांध जलाशय प्रवासी पक्षियों, विशेष रूप से साइबेरियाई क्रेन और रूस एवं ट्रांस अंटार्कटिक क्षेत्रों से सैकड़ों प्रजातियों की निवास स्थली के रूप में प्रसिद्ध है।



राज्य सरकार अब इसे साहसिक गतिविधियों का केंद्र बनाने में जुटी हुई है।

प्रदेश सरकार इसे पर्यटकों की पसंदीदा सैरगाह के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह महाराणा प्रताप सागर के नाम से भी विख्यात है। यह वन्यजीव अभयारण्य, रामसर कन्वेंशन द्वारा घोषित 25 अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि स्थलों में से एक है।

पौंग बांध झील को नवंबर, 2002 में राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि (रामसर साइट) के रूप में घोषित किया गया है। इस पर्यटन स्थल में वर्ष भर सैलानियों को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में राज्य सरकार झील के आस-पास पर्याप्त अधोसंरचना बनाने और जल क्रीड़ा एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों शुरू करने की संभावनाएं तलाश रही है। सरकार यहां आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास करने के लिए प्रयासरत है। यहां पर्यटकों को शिकारे के साथ-साथ अनेक साहसिक गतिविधियां आरम्भ करने की योजना तैयार की जा रही है। राज्य सरकार इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से युवाओं को शिकारा खरीदने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी।

वर्तमान राज्य सरकार ने अधोसंरचना विकास के लिए 70 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटकों की सुविधा के लिए पौंग बांध में एक फ्लोटिंग होटल खोलने पर विचार कर रही है। इसके अलावा, साहसिक गतिविधियों में रूचि रखने वाले पर्यटकों के लिए हॉट एयर बैलूनिंग गतिविधियां भी शुरू की जाएंगी। पौंग जलाशय 24,529 हेक्टेयर क्षेत्र तक फैला हुआ है। पौंग जलाशय बड़े पैमाने पर मछुआरों की आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है और क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों की आर्थिकी का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

प्रकृति से प्राप्त अपार संसाधनों के बावजूद, झील की पर्यटन क्षमता का पूरी तरह से दोहन नहीं किया जा सका है। सरकार इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि के रूप में और पक्षियों प्रेमियों के लिए विकसित करने की दिशा में प्रयासरत है। पौंग बांध में प्रवास पर आने वाले पक्षी, पक्षीविज्ञानियों और पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं की क्षेत्र के विकास में सहभागिता को बढ़ाने तथा उन्हें पर्यटन संबंधी गतिविधियों में शामिल करने पर बल दिया जाएगा।

# ओडिशा सरकार ने 'मो घर' योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ✓ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com

ओडिशा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न और निम्न मध्यम आय वाले परिवारों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के वास्ते 'मो घर' नयी आवास योजना को सोमवार को मंजूरी दे दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्य सचिव पी के जेना ने पत्रकारों को बताया कि इस योजना में ऐसे सभी परिवार शामिल होंगे जो मौजूदा आवास योजनाओं में कठोर पात्रता मानदंड या अपर्याप्त आवंटन के कारण छूट गए थे।

यह योजना उन लोगों को भी कवर करेगी जिन्हें पहले आवास सहायता प्राप्त हुई है लेकिन वे अपने घरों का उन्नयन या विस्तार करना चाहते हैं।

जेना ने कहा कि लगभग चार लाख लाभार्थियों (प्रत्येक ऋण स्लैब से एक लाख) की वित्तीय भागीदारी दो साल की अवधि में 2150 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। इस योजना के तहत, एक लाभार्थी तीन लाख रुपये तक के आवास ऋण का लाभ उठा सकता है, जिसे आसान किश्तों में एक वर्ष की अधिस्थगन अवधि को छोड़कर 10 वर्षों में चुकाया जा सकता है। वे ऋण राशि के चार स्लैब -1 लाख, 1.5 लाख, 2 लाख और 3 लाख रुपये में से एक का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि कच्चे घर में रहने वाला परिवार या आरसीसी छत के साथ एक पक्का कमरा है, जिस परिवार ने या तो किसी सरकारी आवास सहायता का लाभ नहीं उठाया है या अतीत में 70,000 रुपये से कम की सहायता प्राप्त की है, वह योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

प्रति माह 25,000 रुपये से कम आय वाला परिवार, जिसके पास व्यक्तिगत उपयोग के लिए गैर-वाणिज्यिक मोटर चालित चौपहिया वाहन नहीं है और नियमित सरकारी / पीएसयू कर्मचारी के रूप में कोई सदस्य नहीं है या सरकार / पीएसयू से मासिक पेंशन प्राप्त कर रहा है और नीचे का मालिक है 5 एकड़ सिंचित भूमि या 15 एकड़ से कम असिंचित भूमि को भी योजना के तहत कवर किया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार आवास पूरा होने पर लाभार्थियों के ऋण खाते में पूंजीगत अनुदान जारी करेगी। एससी/एसटी और पीडब्ल्यूडी मुखिया वाले परिवारों जैसी कमजोर श्रेणियों के लिए बढ़ी हुई पूंजीगत सब्सिडी उपलब्ध होगी। कैबिनेट ने एससी/एसटी को 40,000 रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया। पीडब्ल्यूडी मुखिया परिवारों को एक लाख रुपये की ऋण राशि के एवज में सामान्य वर्ग को 30,000 रुपये, एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी को 55,000 रुपये और सामान्य वर्ग को 1.5 लाख रुपये की ऋण राशि के एवज में 45,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी को 70 हजार रुपये और सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को दो और तीन लाख रुपये के ऋण पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बैंक ऋण की मंजूरी के लिए लाभार्थी से कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं लेंगे।

राज्य सरकार ने हितग्राहियों के वित्तीय बोझ को और कम करने के लिए टाइटल डीड के बंधक के दौरान आवश्यक पंजीकरण शुल्क और स्टांप शुल्क को माफ कर दिया।

# उपराज्यपाल सिन्हा ने जम्बू चिड़ियाघर का लोकार्पण किया

वार्ता ✓ जम्मू
www.dailypioneer.com

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को जम्बू चिड़ियाघर लोगों को समर्पित किया और कहा कि यह राज्य अपने विकास के शिखर पर है और यहां के युवा नए जम्मू कश्मीर के वास्तुकार हैं। सिन्हा ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा में जम्बू चिड़ियाघर का उद्घाटन करने के बाद कहा कि जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश अपने विकास के शिखर पर है।

हमने तेज वृद्धि को सक्षम बनाने के लिए नए आधार तैयार किए हैं।

अब हम ऐसे चरण में हैं जहां हमें केंद्र शासित प्रदेश के विकास में तेजी लाने, इसे ज्यादा समावेशी बनाने और इसकी क्षमता को वास्तविकता में परिवर्तित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 70 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थलों के लिए यह बहुप्रतीक्षित परियोजना लंबित परियोजना के अंतर्गत शुरू की गई थी और यह स्थानीय लोगों एवं केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा करने वाले पर्यटकों दोनों को आकर्षित करेगी।

सिन्हा ने आगे कहा, जी 20 शिखर सम्मेलन का सफ्ल आयोजन करने के साथ, जम्मू कश्मीर ने अवसरों के एक नए युग में प्रवेश किया है। यह एक दुर्लभ क्षण है और दुनिया जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के विकास गाथा की सराहना कर रही है।

हमें बाकी राज्यों के विकास के साथ तालमेल स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और विकसित भारत, 2047 के महत्वपूर्ण लक्ष्य में अपना योगदान देना चाहिए।

उपराज्यपाल ने कहा, ÷हमारे युवा नए जम्मू कश्मीर के वास्तुकार हैं और हम युवा उद्यमियों की संख्या में लगातार वृद्धि देख रहे हैं, जो एक समृद्ध समाज का निर्माण करने, हमारी सभ्यता एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने और शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को संरक्षित करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि कोई भी शक्ति केंद्र शासित प्रदेश को प्रगति एवं विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने से नहीं रोक सकती है क्योंकि जम्मू कश्मीर के जैसा ही बदल रहा है और केंद्र शासित प्रदेश शांति, प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, '÷संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश में 24 घंटे विकास हो रहा है। जम्मू कश्मीर के जैसा ही बदल रहा है। हमारे पास उत्तर भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर है जो 62.17 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 3,200 कनाल भूमि में फैला हुआ है। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू रिवर तवी फ्रंट का काम भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा और तिरुपति बालाजी मंदिर का उद्घाटन 08 जून को किया जाएगा।

तमिल प्रवासी शिक्षा, व्यवसाय और रोजगार की तलाश में दुनिया के हर कोने में

# तमिल प्रवासियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी तमिलनाडु सरकार की : स्टालिन

वार्ता ✓ चेन्नई
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि दुनिया के हर कोने में फैले तमिल प्रवासियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी तमिलनाडु सरकार की है। स्टालिन जापान की आधिकारिक यात्रा पर हैं।



जापान की राजधानी टोक्यो में रविवार रात प्रवासी तमिलों को संबोधित करते हुए स्टालिन ने कहा कि तमिल प्रवासी शिक्षा, व्यवसाय और रोजगार की तलाश में दुनिया के हर कोने में हैं। उन्होंने कहा कि तमिल भाषा की रक्षा का मतलब तमिल समुदाय की रक्षा करना है। इसलिए, तमिलनाडु सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह तमिल प्रवासियों की रक्षा करे। उन्होंने जापान में रह रहे तमिलों को तमिलनाडु आने का न्यौता दिया और कहा कि तमिलनाडु सरकार और सत्तारूढ़ द्रमुक उसे पूरा समर्थन देगी। स्टालिन ने तमिल प्रवासियों में उन लोगों की भी सराहना की, जिन्होंने स्कूलों में तमिल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया और तमिल साहित्य का प्रसार किया। इसके अलावा, उन तमिलों को तमिल पढ़ाया, जो भाषा नहीं जानते थे ।

तमिल लेखकों को प्रोत्साहित किया और जापान में स्कूलों में तमिल पुस्तकालय खोले। इस अवसर पर स्टालिन ने सुसुमू ओहनो, इरावथम महादेवन, युको फु कुरोई, नोबोरू काराशिमा और शु हिकोसाका जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों के योगदान को याद किया और कहा कि तमिल और जापान के बीच संबंध के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया। मुख्यमंत्री ने यह भी याद किया कि जापान ने तमिल के लिए एक डाक टिकट जारी किया था।

## द्रमुक का भाजपा से गठबंधन की संभावना नहीं : स्टालिन

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि उनकी पार्टी का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन की कोई संभावना नहीं है। स्टालिन ने सिंगापुर की सरकारी यात्रा के दौरान एक समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में भाजपा के साथ किसी तरह के गठबंधन से साफइंकार किया है। साक्षात्कार के अंश हाल में राज्य सरकार ने जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि अतीत के अप्रिय दिनों में दिवंगत द्रमुक नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एम करूणानिधि के नेतृत्व में पार्टी का भाजपा के साथ गठबंधन था, तब अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा के बीच काफी कुछ मतभेद थे। उन्होंने जोर दिया कि अब द्रमुक और भाजपा के बीच गठबंधन की कोई संभावना नहीं है।

## महाराष्ट्र में सड़क हादसा तीन लोगों की मौत

**बुलढाणा/नागपुर।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर सोमवार को कार के डिवाइडर से टकरा जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यूनीवार्ता को बताया कि दुर्घटना समृद्धि एक्सप्रेसवे पर देवुलगांव कोल गांव के समीप सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हुई। कार में तीन लोग सवार थे और जब दुर्घटना हुई तब उनमें से दो लोगों की कार में ही मौत हो गई जबकि उनमें से एक व्यक्ति वाहन से बाहर गिर गया। उन्होंने बताया कि डिवाइडर से कार के टकराते ही उसमें आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कार में सवार दो लोगों को इससे बाहर निकलने का भी अवसर नहीं मिला और कार के अंदर ही जलकर उनकी मौत हो गई जबकि वाहन से बाहर गिरे एक व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया।

# हाईकोर्ट में अपील करने में विलम्ब के लिए राजस्व विभाग जिम्मेदार: समिति

एजेंसी ✓ हल्द्वानी
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड में तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर के बन्नाखेड़ा राजि (रेंज) अंतर्गत आरक्षित वन भूमि को कूटरचित दस्तावेजों से राजस्व भूमि में परिवर्तित किये जाने सम्बंधित प्रकरण में उत्तराखंड उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से अपील दायर करने में हुए विलम्ब के कारणों की जांच हेतु गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट में नैनीताल व उधमसिंह नगर जिले के राजस्व विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। मुख्य वन संरक्षक (कार्ययोजना) संजीव चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 1995-1996 में यहां तैनात रहे तत्कालीन भूमि बंदोबस्त अधिकारी को अभिलेखों की कूट रचना कर नैनीताल जिले की कालाढूंगी तहसील के बंदरजूड़ा ग्राम स्थित आरक्षित वन भूमि को हरदेव सिंह व अन्य के नाम वर्ग 1 (क) श्रेणी की भूमिधरी घोषित करने का दोषी ठहराने के साथ ही उधमसिंह नगर व नैनीताल जिले के जिलाधिकारियों को बार-बार अनुरोध के बावजूद इस प्रकरण से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने हेतु जिम्मेदार ठहराया है। चतुर्वेदी ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि इस विषय में विभिन्न स्तरों पर वनाधिकारियों द्वारा आयुक्त कुमाऊँ मण्डल को विस्तृत पत्र लिखने व अनुस्मारक भेजने के पश्चात भी किसी प्रकार का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। समिति का मानना है कि यह दस्तावेज इस मामले में प्रदेश सरकार के पक्ष को पुष्ट करने तथा सरकार के दावे को सिद्ध करने के लिए परम आवश्यक थे। जांच रिपोर्ट के अनुसार,÷उच्च न्यायालय में अपील दायर करने में हुए विलम्ब का सर्वप्रमुख कारण भी यही था। यही नहीं, समिति ने तत्कालीन बंदोबस्त अधिकारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 409, 467 व 471 सहित भारतीय वन अधिनियम 1927, वन संरक्षण अधिनियम 1980 तथा भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 के तहत मामला दर्ज कराये जाने की भी संस्तुति की है।

पायनियर



# कांग्रेस पर विजय पाना भाजपा कार्यकर्त्ताओं के लिए कोई चुनौती नहीं है : ओम माथुर

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने नारायणपुर जिला भाजपा की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्त्ताओ कि पार्टी है आज भाजपा विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो आप जैसे लाखो -लाखो कार्यकर्त्ताओ के परिश्रम से बनी है। आप सभी को गर्व होना चाहिए कि हम विश्व के सबसे बड़े दल के कार्यकर्त्ता है। वही आगे माथुर ने जिला पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देते हुए लक्ष्य दिया है कि नारायणपुर विधानसभा सीट जीतना है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। इसके लिए विजय के संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सारी ताकत झोंक दें और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जनता के लिए जो योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, उनकी जानकारी एक -एक मतदाता तक पहुंचाएं। भाजपा की केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा, यह भी हमें जनता को बताना है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुट जाएं ताकि नारायणपुर विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि नारायणपुर जिले के कार्यकर्ता भाजपा को यह सीट जीत कर दें ताकि छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की जा सके।प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि भाजपा के युवा कार्यकताओं, जीवट कार्यकताओं, जमीनी कार्यकताओं, समर्पित कार्यकताओं के लिए कांग्रेस पर विजय पाना कोई बड़ी चुनौती नहीं है। यह ठान लें कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है। हम चुनाव जीत रहे हैं। अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ फिर से बनाने के संकल्प के साथ कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और इस जिले में भाजपा की जीत सुनिश्चित करें। बैठक को भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी कार्यकताओं में जोश भरते हुये कहा की आप सभी जिन विषम परिस्थिति में पार्टी का कार्य कर रहे वह सराहनीय है।आप सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है जो न कभी थकता है न ही रुकता है बल्कि सतत जनहित में कार्य करते हुये पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्य करता है आगे उन्होनें संगठनात्मक चर्चा करते आगामी कार्यक्रमों कि विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बूथ 'समिति को मजबूत करने कि बात कही क्योंकि चुनावी रणनिति के लिये बूथ समिति का होना बहुत जरुरी है, जनता के बीच पहुंचने की पहली सीढी बुथ समिति ही है ।सभा का सफल संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप व आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, भाजपा जिलासंगठन प्रभारी भरत मटियारा,भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, रतन दुबे, संजय नंदी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया गौठान का निरीक्षण, अव्यवस्थाओं का किया उजागर

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की अनेक योजनाओं मे से एक गौठान योजना के नाम पर पूरी तरह भ्रष्टाचारकिया गया हैं।भूपेश बघेल गौठान योजना के लिए वाहवाही लूट रहे हैं लेकिन उसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही हैं जिसकी पोल खोलने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चलबो गौठान खोलबो पोल अभियान शुरू किया हैं।जिसके तहत आज सोमवार को भाजपा किरंदुल मंडल के प्रभारी व कार्यकर्ताओ ने ग्रामीण क्षेत्र की गौठान का निरिक्षण किया।गौठान की दशा दयनीय थी पूरा उबड़ खाबड़ रास्ता संचालक के रूम मे दरवाजा नहीं लगा गौठान की बाउंड्री नहीं बनी थी शौचालय अधूरा पड़ा था खाद कम्पोस्ट कक्ष की छत उड़ गई पानी कोई व्यवस्था नहीं थी बस गौठान के नाम पर राशि का दुरूपयोग ही दुरूपयोग नजर आ रहा था।प्रभारी संतोष गुप्ता ने बताया कि भूपेश बघेल कहते हैं की प्रत्येक गौठान मे लगभग 19लाख रुपए निर्माण मे खर्च हुआ हैं और 10हजार रुपए महीना रख - रखाव के नाम पर भेजा जा रहा हैं पर कहां हैं गाए जिनका रख रखाव हो रहा हैं एक गौठान मे 300 गाय होने चाहिए पर तीन गाए भी गौठान मे देखने को नहीं मिली।मंडल प्रभारी सत्यजीत चौहान बोले कांग्रेस सरकार रोका छेका की बात करती हैं पर गाय तो रास्ते मे जगह जगह कही आराम करती हैं रास्ता जाम करती मिलती हैं ये भ्रष्टाचार नहीं हैं तो क्या हैं भूपेश बघेल द्वारा 1300करोड़ का भ्रष्टाचार गौठान के नाम पर किया गया हैं।ग्रामीणों से 2 रुपए मे गोबर खरीदी कर फिर उन्हें वर्मी कम्पोस्ट खाद इस्तेमाल करने का आदेश देकर कंकड पत्थर मिलाकर उसी गोबर को 10रुपए मे किसानो को बेच रहे हैं।कांग्रेस के चंद लोगो को भ्रष्टाचार का पैसा दिलवाने के लिए बिना वर्मी कम्पोस्ट बिक्री करे सोसाइटी से भुगतान करवा दिया गया जिससे धान खरीदी सोसाइटी को नुकसान हुआ।इसके आलावा अलग अलग मदों से गांव के विकास के लिए राशि भेजी जानी थी उसका भी गौठान के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया। छत्तीसगढ़ मे सिर्फ घोटाले ही घोटाले हो रहे हैं।गौठान को अपनी महत्वकांक्षी योजना बताते हुए भूपेश बघेल इसके प्रचार प्रसार मे भी लाखो रूपये खर्च कर रहे हैं और गाय की सुरक्षा की बात करते हैं जबकि योजना धरातल पर अपनी खुद ही सुनाती हैं।गौठान के आलावा नरवा, घूरवा, बारी योजनाए तो कही नजर भी नहीं आती इनके के नाम पर विभिन्न मदो से करोड़ो रूपये का घोटाला कर जनता को ठगने का काम इस सरकार ने किया हैं। ज़ब शहरी क्षेत्र मे गौठान की यह हालत हैं तो अंदर के ग्रामो मे तो गौठान के नाम पर लूट मची होगी। इस अवसर पर चलबो गौठान खोलबो पोल कार्यक्रम प्रभारी संतोष गुप्ता,मंडल प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान, मंडल सह प्रभारी भावना सक्सेना, मंडल अध्यक्ष डी पी मिश्रा महामंत्री संजीव दास दीनानाथ ठाकुर,महिला मोर्चा प्रदेश आमंत्रित सदस्य मीरा तिवारी, जिला सूचना अधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज छालीवाल मंत्री कमला साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शालिनी कर्मा,महामंत्री द्वेय सरस्वती डहरिया अनीता वर्मा, सहकारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रकाश जैन युवा मोर्चा अध्यक्ष निमाई पोल महामंत्री सुखदेव पोयाम मिडिया प्रभारी जितेंन्द्र गुप्ता,पूर्व जिला उपाध्यक्ष जे माकन बूथ अध्यक्ष मनीकुट्टन नायर,सहित वरिष्ठ कनिष्क कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अम्बा शाह ने किया बाल संस्थान बालक व बालिका गृह का जांच

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बा शाह के द्वारा विगत दिवस सूरज बाल संस्थान बालक गृह एवं बालिका गृह का निरीक्षण किया गया। वहीं इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर आयोजन कर उपस्थित बच्चों को बालकों के कानूनी अधिकार, शिक्षा का अधिकार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, गुडटच बैडटच, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 व नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रबन्ध कार्यालय के पीएलव्ही सुनील मरकाम और रविन्द्र बघेल सहित पुलिस थाना के पीएलव्ही विवेक कश्यप व पारेश्वर देवांगन सहित बालक गृह एवं बालिका गृह के बालक-बालिका और संस्था के अधीक्षक-अधीक्षिका उपस्थित रहे।

# मां भवानी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सामुदायिक बाड़ी विकसित कर कमाए 11 हजार 500 रुपये

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com





जिला नारायणपुर अंतर्गत 38 ग्रामों में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा गौठान में सामुदायिक बाड़ी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके अतंर्गत नारायणपुर विकासखंड के ग्राम कोचवाही गौठान की मां भवानी स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं ने कामयाबी की उड़ान भरी है। शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना से उनके जीवन में व्यापक परिवर्तन आये हैं और वे आर्थिक रूप से मजबूत बन रही है। समूह की महिलाओं द्वारा मल्चिंग विधि से पपीता, भिंडी, बैगन, करेला एवं अन्य उद्यानिकी फसल की खेती की जा रही है और ड्रिप संयंत्र से सिंचाई की जा रही है। उद्यानिकी फसलों के आधुनिक विधि का उपयोग करने का फायदा यह हुआ कि सब्जी के उत्पादन वृद्धि हुई है।

मां भवानी स्व सहायता समूह की परिश्रमी महिलाएं गौठान में जुडने के बाद साग-सब्जी का उत्पादन कर उनके आर्थिक स्थिति में काफी ज्यादा सुधार आया है। इसके साथ ही साथ घर के चार दिवारी में जहां अपनी बातों को स्पष्ट रूप रख नहीं पाते थे, आज ग्रामीण स्तर पर शासन की हर भावी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनके प्रति कार्य करने एंव अपनी बातों को ग्रामीणजन और समुदाय के बीच में स्पष्ट रूप से रख पाने में सक्षम हो पाए हैं। समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित साग-सब्जी का विक्रय स्थानीय बाजारों, आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावास तथा ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा है। जिससे अब तक समूह की महिलाओं को 11 हजार 500 रुपए की आय प्राप्त हुई है। गौठानों में किए जा रहे विविध आजीविका गतिविधियों से दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में मददगार साबित हो रहा है।

# नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



गायत्री सतसंग भवन श्रीराघ मंदिर परिसर किरन्दुल मे नारी सशक्तिकरण कार्य शाला का आयोजन किया गया।जिसमें गायत्री ग्राम उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष डी पी डहेरिया, कामता प्रसाद, तुलसीराम नेताम,मोहित देशमुख, गंगाराम साहू की उपस्थिति मे गायत्री शक्तिपीठ जिला दन्तेवाड़ा से महिला प्रकोष्ठ की 6 सदस्यीय टोली नायक महापात्रो बहनजी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे आज के युग में नारियों को आपने आप मे कम नही आकना चाहिए, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना, आज हर क्षेत्र में मे महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक हो,ऐसे कई बिन्दुओं पर कार्य शाला हुई, इस शिविर मे गीदम, दन्तेवाड़ा, कोआकोण्डा एवं किरन्दुल की लगभग 30 से 35 महिलाओं ने भाग लिया ,मंच का संचालन किरन्दुल की महिला प्रकोष्ठ सदस्य पुष्पा सिंह ने किया एवं अन्य सदस्य प्रर्मिला शर्मा, शैल साहू, राजेश्वरी उईके, योगिता देश मुख इन सभी के सहयोग से यह कार्य शाला सफलतापूर्वक सफल हुई।

# नारायणपुर जिले के गौठान दे रहे हैं सुपोषण का उपहार

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप सुराजी गांव योजना की संकल्पना को साकार करने जिले के गौठान सतत् रूप से प्रयासरत हैं। नारायणपुर जिले में स्थापित किये गये गौठान मल्टीएक्टीविटी सेंटर कुपोषण से लड़ाई में महती भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत आंगनबाड़ियों में अंडा खिलाया जा रहा है, जिसका उत्पादन जिले के गौठानों में संचालित लेयर मुर्ग पालन केन्द्रों में किया जा रहा है। वर्तमान में जिले के कोचवाही में लक्ष्मी स्व सहायता समूह, एड़का में मां दुर्गा स्व सहायता समूह, भाटपाल में सांई बाबा स्व सहायता समूह, छोटेडोंगर सांई बाबा स्व सहायता समूह, हलामीमुंजमेटा में गायत्री स्व सहायता समूह और डुमरतराई में जागरूक महिला स्व सहायता समूह के द्वारा लेयर मुर्गियों से अंडा उत्पादन कर सी-मार्ट के माध्यम से आंगनबाडियों में वितरण किया जा रहा है। इन समूहों के द्वारा अब तक 1 लाख 44 हजार 200 अंडों का उत्पादन कर 7 लाख 93 हजार रूपये का विक्रय किया जा चुका है।

# राम मंदिर का होगा भव्य निर्माण



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव का ह्दय राम मन्दिर का नवनिर्माण का भूमिपूजन सोमवार को सुबह 11 किया गया। जहां समिति के सदस्य समस्त धर्मप्रेमी भारी संख्या में राम मंदिर कोंडागांव पहुंचकर दर्शनलाभ प्राप्त कर भूमिपूजन में शामिल होकर बन रहें राम मन्दिर के निर्माण की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, बहुत ही दिनों से राम मंदिर निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश हो रही थी और ओ घड़ी आ गई हैं। इस राम मंदिर कोंडागांव का ह्रदय स्थल हैं और यह राम मंदिर प्रभु राम की मूर्ति ऐसे लगता हैं कि, प्रभु राम स्वयं यहां विराजमान हैं ये मंदिर बहुत ही शक्ति स्वरूप मन्नत पूर्ण मंदिर हैं। इसके नवनिर्माण से कोंडागांव कि, जनता राम भक्त खुशी जाहिर किया और राम मंदिर समिति के सभी सदस्यों को आगे आएं और बन रहे भव्य मंदिर निर्माण के लिए बधाई दिया गया।

## समूह की दीदियों ने वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाकर कमाये 67 हजार रुपए

# बालोंड गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन में जुटी हैं महिला समूह की महिलाएं

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन की महात्वाकांक्षी गोधन न्याय योजनान्तर्गत गौठानों में संचालित विभिन्न गतिविधियां अब ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों में आर्थिक रूप से सक्षम बनने के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। गौठान में महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं आयमूलक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित कर स्थानीय स्तर पर स्वयं के लिए अतिरिक्त आय का जरिया विकसित कर लिया है। ऐसी ही बानगी जिले के विकासखण्ड माकड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बालोण्ड के गौठान में देखने को मिल रहा है जहां इस गौठान में मल्टीएक्टीविटी के रूप में वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, गौपालन से दुग्ध उत्पादन,बकरीपालन, सूकरपालन, साग-सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, रागी उत्पादन इत्यादि गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। जिसका सीधा फायदा महिला स्व-सहायता समूह के गरीब महिलाओं को मिल रही है। इन आयमूलक गतिविधियों में से वर्मी कम्पोस्ट गतिविधि को मां लक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है। इसमें कुल 10 सदस्य रजूला, यशोदा, सलमा, प्रियंका, ललिता, सुशिला, सहादई, सगनी, सत्यवती भवानी हैं। इस समूह की रजूला दीदी बताती हैं कि वर्ष 2020 से उनका समूह गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन से जुड़ी है, लेकिन कोविड के दौरान उम्मीद के मुताबिक काम नहीं किये। गत वर्ष से गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन को बढ़ावा मिला है। समूह की दीदियों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन में रुचि के साथ जुटे रहने के फ्लस्वरूप आज पर्यंत तक 557 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादित किया जा चुका है और उक्त वर्मी कम्पोस्ट खाद को विक्रय किया जा चुका है। इस वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन की लाभांश राशि 66 हजार 664 रुपये स्व-सहायता समूह के खाते में मिल चुकी है। जिससे समूह की महिलाएं अब वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन के लिए पूरी लगन एवं मेहनत के साथ जुट गयी हैं, ताकि किसानों को खरीफ फसल के लिए पर्याप्त वर्मी कम्पोस्ट खाद उपलब्ध हो सकेगा। मां लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह की ललिता दीदी ने लाभांश राशि का उपयोग घरेलू जरूरतों के लिए करने की बात कहते बताती हैं कि उक्त आयमूलक गतिविधि गांव में ही समूह की दीदियों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बन गया है,जिसे घर-परिवार के कार्यो को निपटा कर आसानी के साथ संचालित कर रहे हैं। उन्होंने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह हम ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बहुत अच्छा माध्यम है।

मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की प्रियंका दीदी ने बताया कि ग्राम पंचायत बालोण्ड के गौठान में संचालित होने वाली समस्त गतिविधियां स्व-सहायता समूहों की दीदीयों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर रही है, साथ ही समय-समय पर खेलकूद- सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन सहित वित्तीय समावेशन का प्रशिक्षण देते हुये स्व सहायता समूह की महिलाओं को जागरूकता किया जा रहा है। जिससे अन्य महिला स्व सहायता समूह आरएफ, सीआईएफ, बैंक लिंकेज से लाभांवित होकर आजाविका गतिविधि करने हेतु प्रोत्साहित हो रहे हैं।

# ई-जनचौपाल में 51 आवेदन प्राप्त




पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। आज आयोजित ई-जनचौपाल में अपर कलेक्टर एस.अहिरवार तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुगूकोंदल, अंतागढ़ एवं पखांजूर जनपद कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीण ई-जनचौपाल में प्रत्यक्ष मुलाकात कर अपनी समस्या व शिकायत से अवगत कराया और प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने ई-जनचौपाल में 51 लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 04, चारामा विकासखण्ड से 07, दुगूकोंदल विकासखण्ड से 01, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 05 और नरहरपुर विकासखण्ड से 01 लोगों ने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 33 लोगों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल को अपनी समस्या से अवगत कराया।

# आत्मनिर्भर गांव की कल्पना हो रही है साकार

## महिलाएं बना रही है गोबर से उच्च गुणवत्ता वाला पेंट, मल्टीनेशनल कम्पनियों को दे रही है टक्कर

- गोबर पेंट बेचकर 3 माह में समूह ने अर्जित की 1 लाख 27 हजार रुपए से अधिक की आमदनी, 1000 लीटर का मिला ऑर्डर

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की गौठान को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा बनाने की परिकल्पना अब साकार होने लगें है साथ ही इसके सकारात्मक परिणाम भी मिलने लगें है। कभी दूसरे राज्यों में काम की तलाश में जाने वाली महिलाएं अब गांव के गौठान में पेंट बनाकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रही है। रीपा के तहत गांव की महिलाएं गोबर से पेंट बनाकर महात्मा गांधी जी के आत्मनिर्भर गांव की कल्पना को भी साकार कर रही हैं। उक्त गोबर पेंट बेहद ही उच्च गुणवत्ता युक्त है जो कि मल्टीनेशनल कंपनियों को सीधा टक्कर दे रही हैं। ऐसे ही बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के विकासखंड पलारी के ग्राम गिर्रा में जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से उच्च गुणवत्ता वाला पेंट बना रहा है। 3 माह पूर्व प्रारंभ किया हुआ उक्त यूनिट से अभी तक कुल 1915 लीटर गोबर पेंट का निर्माण हो चुका है। जिसमे से 670 लीटर पेंट बेच चुके है। जिससे अभी तक समूह को 1 लाख 27 हजार 240 रुपये की आमदनी अर्जित हुई है। जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष दामिनी वर्मा ने बताया कि हमारे समूह में कुल 10 महिलाएं शामिल हैं। साथ ही एक पुरूष को गोबर पेंट के निर्माण कार्य मे सहयोग लेते है। उन्होंने आगे बताया कि हम विगत 5 वर्षों से समूह में आपस में जुड़े हुए एवं साप्ताहिक बैठक कर लेन-देन का कार्य करते थे। हम सब समूह में ही रहकर आजीविका संबंधित कुछ कार्य करने सोंच रहे थे तभी हमे रीपा महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क ने गोबर पेंट निर्माण कार्य के बारे में हमें जानकारी दी गई। तब यह सुनकर एकाएक विश्वस भी नहीं हुआ। किन्तु विस्तृत जानकारी मिलने के बाद हम इस कार्य को करने को तैयार हुए। क्योंकि इस कार्य को करने लिए शासन स्तर से हमें पेंट उत्पादन हेतु मशीन एवं कच्चा माल उपलब्ध कराने का आश्वसन दिया गया। तब जाकर हमने कार्य करना प्रारंभ किए इसके लिए हमें प्रारंभ में जनपद पंचायत के द्वारा 7 दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया। अभी वर्तमान में हमें 1 हजार लीटर गोबर पेंट का आर्डर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा मिला है। गौरतलब है कि सरकार ने गोबर पेंट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सभी शासकीय भवनों की पुताई इसी से कराने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए एसओआर भी जारी कर दिया है। एवं जिले कलेक्टर चंदन कुमार ने भी अलग से आदेश जारी की गई है।



### गोबर से बना पेंट है प्रकृति के अनुकूल

अभी तक पेंट निर्माण को मल्टीनेशनल कंपनियां का ही कार्यक्षेत्र माना जाता रहा है। लेकिन अब छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएं भी इस क्षेत्र में मजबूती से कदम रख चुकी हैं। गोबर से बनने वाला प्राकृतिक पेंट बिल्कुल मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा तैयार किए गए पेंट के जैसा ही है। इसकी गुणवत्ता उच्चस्तरीय है, यह पेंट एंटी बैक्टीरियल और एंटीफंगल भी होता है। उक्त गोबर पेंट की बि ी सी-मार्ट के जरिए की जा रही है। साथ ही आंनलाईन प्लेट फॉर्म में बेचने की तैयारी की जा रही है। यह पेंट मल्टीनेशनल कंपनी के पेंट की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत सस्ता होने के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल भी है। गोबर से बने इस पेंट की कीमत बाजार में उपलब्ध प्रीमियम क्वालिटी के पेंट की तुलना में 30 से 40 फीसदी कम है। इमल्शन पेंट की कीमत 225 रूपए प्रति लीटर है। यह 1, 2, 4 और 10 लीटर के पैकेज में तैयार किया जा रहा है।

### पेंट के साथ बनाए जाएंगे कई प्रकार के प्रोडक्ट

इस योजना से गांव के लोगों को रोजगार के साथ ही तरक्की के लिए नए-नए अवसर भी बन रहे हैं। ग्राम गिर्रा के गौठान में डिस्टेंपर, इमल्शन पेंट के साथ ही अन्य कई प्रकार के रोजगारमूलक कार्य भी किए जा रहे हैं। जैसे वर्मी कंपोस्ट,लोहे की तार, फे ंसिंग जालियां, मुर्गी पालन और आने वा नें मिनरल वाटर पैकिंग, ब्रिक्स इत्यादि का भी कार्य जारी है।

# भाजपा मंडल कसडोल के युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शराब घोटाले का किया विरोध



## कांग्रेस सरकार द्वारा 2000 हजार करोड़ के शराब घोटाला के विरोध में मदिरा दुकान में पोस्टर लगाकर किया नारेबाजी

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत एवं जिलाध्यक्ष सुनील यदु के निर्देशानुसार कसडोल भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष नागेश साहू एवं महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सीमा थवाईत के नेतृत्व में युवा एवं महिलाओं ने छ.ग. में विगत दिनों कांग्रेस सरकार द्वारा 2000 हजार करोड़ के शराब घोटाला किया है जिसके विरोध में शराब दुकान में पोस्टर लगाकर भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी किया तत्पश्चात नगर के प्रमुख चौक चौराहों में पोस्टर लगाया गया।

जिसमें मुख्य रूप से भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सीमा थवाईत, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरिता जायसवाल, भाजयुमो मंडल महामंत्री राजू साहू, सोशल मीडिया प्रभारी सुंदर साहू, जिला सहकार्यालय प्रभारी कमल श्रीवास, राज सोनी, धर्मेंद्र धीवर, लालू साहू, दीपक साहू, सूर्या साहू, फैशन पटेल, भानु जयसवाल, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष निर्मला साहू, महिला मोर्चा महामंत्री अनुराधा कर्ष, गोमती साहू सहित भारी संख्या में महिला, युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तपती धूप में बीएसपी कालोनी की महिलाओं ने पानी सफाई के लिए कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भी बीएसयूपी कालोनी साइंस सेंटर के पास निवास करने वाले गरीब महिलाओं के आवास जर्जर स्थिति में होने, पानी की व्यवस्था नहीं होने, पानी के लिए रोज लड़ाई झगड़ा मारपीट हो रहा है। इनकी समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की अनुपस्थिति में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री एन आर साहू को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी ने तत्काल पानी की व्यवस्था करने आवासों की सुरक्षा की मांग की। आम आदमी पार्टी जिला सचिव विजय कुमार झा ने बताया कि महिलाओं की मांगों के प्रदर्शन का नेतृत्व प्रमुख प्रवक्ता सूरज उपाध्याय , लोकसभा अध्यक्ष विजय गुरूबक्शानी , ब्लॉक अध्यक्ष के एस नायडू, संयुक्त सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा अजीम खान, रायपुर जिला उपाध्यक्ष तरूण वैध, सर्किल अध्यक्ष आदित्य मिश्रा सर्किल अध्यक्ष हरप्रीत सिंह भाटिया सर्किल अध्यक्ष शेष नारायण साहू आदि ने किया। आप पार्टी ने चेतावनी दी है की 24 घंटे के भीतर समस्या का निदान न होने पर जोन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल एवं आंदोलनकारियों को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने तत्काल जोन क्रमांक 9 को निर्देशित करने का आश्वसन दिया है।

# भाटापारा रेल्वे स्टेशन में एस्केलेटर सुविधा का हुआ उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




26 मई को भाटापारा रेल्वे स्टेशन में एस्केलेटर सुविधा का उद्घाटन हुआ जो की तात्कालिक सांसद रमेश बैस व वर्तमान राज्यपाल रमेश के द्वारा भूमिपूजन कर इसका नींव डाला गया था परंतु औद्योगिक केन्द्र भाटापारा जो कि बिलासपुर व रायपुर के बीच सबसे बडा राजस्व आय देने वाला शहर है वही आसपास के आधा दर्जन जिला भी इसी रेल्वे स्टेशन से होकर अपने गंतव्य स्थान की और यात्री रेल का सहारा लेते है जिसके कारण भारत के विभिन्न दिशाओं की और यात्रा करने वाले यात्रियों की भाटापारा स्टेशन मे लम्बी लाईने भी लगी रहती है।

**विभिन्न यात्रियों ट्रेनो के स्टापेज का हो रहा लम्बे समय से मांग-** गौरतलब है कि भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे विभिन्न दर्जनों यात्री ट्रेनो के स्टापेज की मांग विगत कई सालों से हो रहा है परंतु वह स्टापेज आज पर्यंत तक भाटापारा रेल्वे स्टेशन को स्टापेज के रुप मे नहीं मिल पाया है।

दक्षिण दिशा के चिन्नाई जाने वाले गाडियों के स्टापेज की मांग

गौरतलब है कि स्वास्थ्य व शिक्षा को लेकर दक्षिण चिन्नाई जाने वाले लोगों कि संख्या सबसे ज्यादा है जिसके कारण अपने गंतव्य स्थान की और जाने के लिये यात्रियों को सीधी सुविधा नही मिलने के कारण मार्ग बदल बदल दक्षिण चिन्नाई कि और भटकते हुये जाना पडता है जबकि दिल्ली व भोपाल के लिये भाटापारा स्टेशन से 7 ट्रेने है परंतु दक्षिण चिन्नाई व हैदराबाद के लिये भाटापारा मे स्टापेज नही होने से लम्बे समय से इसका मांग किया जा रहा है जबकि चिन्नाई एक्सप्रेस, बिलासपुर जोन कि गाडी होने का भी कोई लाभ नही मिल पाया है जबकि सुबह 10 बजे बिलासपुर से छुटने के बाद रात 9 बजे हैदराबाद व सुबह 5 बजे चिन्नाई पहुच जाता है, इस गाडी का शुभारंभ मनमोहन सिंह सरकार कार्यकाल मे हुआ था वही भाटापारा से भी कम रेवेन्यू छोटे छोटे स्टेशनों मे दरभंगा सिकंदराबाद ट्रेन का स्टापेज है परंतु अभी तक भाटापारा मे माँग के बावजूद स्टापेज नही दिया गया है। यह गाडी सुबह 7 बजे छुटकर रात 11 बजे सिकंदराबाद पहुचाता है, व दो दिनो के हल्टिंग के बाद पुनः वापसी हो जाता है, भाटापारा से नौकरी पेशा, विद्यार्थियों, व इलाज कराने वाले मरीजों के लिये सीधे तौर पर उत्तम सुविधा है जो कि पिछ्ले 5 सालों के लगातार मांग पर भी नही मिल पाया है।

### 27 सालों से बीजेपी का सांसद व 10 सालों विधायक फिर भी केन्द्र का अन्देखा रवैया

गौरतलब है कि सन 91 से 96 तक कांग्रेस से विद्याचरण शुक्ला रायपुर लोकसभा से सांसद रहे उसके बाद वर्तमान मे राज्यपाल रहे रमेश बैस लगातार 7 बार का सांसद रहे व 8वी बार का सांसद सुनील सोनी व केन्द्र मे 9 सालो से बीजेपी का सरकार उसके बावजूद भी भाटापारा क्षेत्र केन्द्र स्तर पर मुख्य रुप से रेल व अन्य सुविधा को लेकर उपेक्षित रहा है वही बीते 4 सालों मे वर्तमान सांसद सुनील सोनी की भूमिका क्षेत्र के जनताओ को समुचित सुविधा उपलब्ध करा पाने मे असंतोषजनक रहा जबकि सांसद सुनील सोनी ने 26 मई के एस्केलेटर उद्घाटन के अवसर पर विधायक व सांसद दोनो का केन्द्र लेवल पर पार्टी केजनप्रतिनिधित्व क्षेत्र विकास के लिये आवश्यक बतालाया परंतु जमीनी हकीकत में क्षेत्र को वह लाभ नही मिल पाया केन्द्र स्तर पर जिसकी दरकार है।

# श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी में औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई गई



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी परिसर में औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बी.फार्मा और डी.फार्मा के सभी छात्रों ने प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से भाग लिया साथ ही अपने पौधों को दिलचस्प पोस्टर के साथ चित्रित भी किया। औषधीय पादप प्रदर्शनी का विषय छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च औषधीय मूल्यों वाले औषधीय पौधों पर आधारित था। । कार्यक्रम का संचालन डॉ अलंकार श्रीवास्तव। प्राचार्य श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी की अध्यक्षता में किया गया। डॉ प्रीति गुरनानी निदेशक कुमारी कैंपस ने छात्रों को अधिक मूल्यवर्धन आधारित ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समारोह का सक्रिय रूप से फै कल्टी नीलिमा जनार्दन, डॉ निकिता वर्मा, नित्यपाल सिंह और प्रीति चंद्राकर ने संचालित किया। वाइस चेयरमैन डॉ. जे. के. उपाध्याय ने छात्रों को ऐसी और गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया और टीम एसआरआईपी को उनकी इस पहल के लिए बधाई दी। प्रदर्शनी का उद्देश्य औषधीय पौधों के उपयोग और महत्व के बारे में छात्रों को जागरूक करना है। प्रदर्शनी के दौरान, सभी छात्रों को कुछ अलग दुर्लभ किस्मों की औषधीय पौधों की कई किस्में भी उपलब्ध कराई गई ।

# कोलंबिया कॉलेज के बी.एड. डी.एल.एड. सीनियर छात्राध्यापकों को बिदाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बी.एड. द्वितीय समेस्टर एवं डी.एल.एड़ प्रथम वर्ष के जूनियर छात्राध्यापको द्वारा बी.एड. चतुर्थ समेस्टर, डी.एल.एड़. द्वितीय वर्ष (सत्र 2021-23) के सीनियर छात्राध्यापको के लिये बिदाई कार्यक्रम कोलंबिया कालेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव श्री हरजीत सिंह हुरा एवं जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी के कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुरूवात सरस्वती पूजा, दीप प्रज्वलन के साथ किया गया अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ किया गया। कार्यक्रम कालेज प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे के स्वागत भाषण के साथ शुभारम्भ हुआ। अतिथियों द्वारा दिये गये प्रेरक भाषण में सीनियर छात्राध्यापको को भविष्य में अच्छे शिक्षक बनने की शुभकामनाये दिये। मुख्य अतिथियों द्वारा कॉलेज में लगातार आयोजित सह-पाठयक्रम गतिविधियों के विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। कालेज में इस बिदाई कार्यक्रम में जूनियर छात्राध्यापको के द्वारा नृत्यगान प्रस्तुत किया गये, सीनियर छात्राध्यापको के लिये मनोरजंन के लिये खेल का आयोजन किया गया एवं बी.एड. चतुर्थ समेस्टर के कुछ छात्राध्यापको ने कॉलेज में बिताया गया अनुभवों को भी साझा किया। कॉलेज की परम्परा के अनुसार मिस और मिस्टर फे यलवेल का भी चुनाव किया गया जिसके विजेता बी.एड. चतुर्थ समेस्टर की दीपिका ध्रुव और बी.एड. चतुर्थ समेस्टर के ही देवराज बघेल रहे। सारे छात्राध्यापक इस बिदाई कार्यक्रम में डीजे डांस में भी खूब थिरके। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करके एवं जूनियर छात्राध्यापको द्वारा सीनियर छात्राध्यापको को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट करके किया गया।

# भूपेश सरकार के विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया ग्रामीणों को : अजय नंद

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



प्रदेश समन्वयक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजा विभाग के अजय नन्द ने ग्राम पंचायत गेर्रा छिबरा के आश्रित ग्राम पुजारी पाली, अमलीपदर, सुकड़ा, पलसापाली, ग्राम पंचायत किसड़ी में छत्तीसगढ़ की भुपेश बघेल सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की मुहिम लोगों तक व घर घर लेकर जन संपर्क किया गया।जन संपर्क के दौरान उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार की योजनाओं को सविसतार बताया आने वाले समय में भी कांग्रेस सरकार बनाने की अपील किया गया।जन संपर्क के दौरान ग्रामीणों द्वारा स्थानीय समस्या से अवगत कराया गया जिसमें ज्यादातर पेयजल आपूर्ति, आवास, पेंशन,हेंड पंप खनन है। समस्या के निराकरण के लिए मौका स्थल से ही दूरभाष से संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर पीड़ित जनो के कामों को सुलझाया जा रहा है।

तकनीकी समस्या का शीघ्र समाधान करने का भरोसा दिलाया है। प्रदेश समन्वयक अजय नन्द के चुनावी जन संपर्क से ग्रामीण क्षेत्रों काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर शंकर बरिहा, देबो बरिहा, शौकी तरिया पंच, मोती लाल बरिहा, लघु मांझी, शौकी मांझी, दशरत बरिहा, नकुल बरिहा, भोगीलाल यादव, छबी यादव, रवि यादव, हरिहर ग्वाल, राधेश्याम प्रधान, किरोटी तरिया, सुभाष तरिया,जमहन लाल बरिहा, सीता यादव, अनीता यादव, दीपा यादव, लक्ष्मी यादव, कुन्ती यादव, मायावती बरिहा, चंदा बरिहा, सावित्री बरिहा, एवं किसड़ी में प्रमोद कुमार रातरे, सुरेश तांडी, वासुदेव तांडी,सिरधारी तांडी, प्रकाश बाघ, संतलाल कलेत, पृथ्वी राज कुम्हार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन संपर्क के दौरान उपस्थित थे।

# रुंगटा कॉलेज रायपुर को शीर्ष सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




27 मई को दिल्ली के एक प्रतिष्ठित होटेल में देश के जाने माने शैक्षणिक पत्रिका एडूकेशन वर्ल्ड के वार्षिक उच्च शिक्षा रैंकिंग समारोह में रुंगटा कॉलेज रायपुर को तीन अलग अलग सम्मान प्राप्त हुए । कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉक्टर जवाहर सूरिसेट्टी ने ये सम्मान प्राप्त किया। रुंगटा कॉलेज ओफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलजी को नवाचार पाठ्यक्रम के लिए भारत में दसवाँ और छत्तीसगढ़ में प्रथम , रुंगटा कॉलेज ओफ़ फ़र्मा एंड रिसर्च को उद्योग के साथ सम्बंध के लिए देश में दसवाँ और प्रदेश में पहला स्थान और रुंगटा कॉलेज ओफ़ साइन्स एंड टेक्नॉलजी को समाज़िक उतथान के लिए देश में आठवाँ और प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ । इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉक्टर जवाहर ने कहा की छत्तीसगढ़ को अच्छे और सच्चे शिक्षण संस्थाओं की ज़रूरत है अपने युवकों को आगे बढ़ाने के लिए ।

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शास. चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ. ग.)**

क्रमांक / निविदा / सं.सं. / 2023 / 426 जगदलपुर, दिनांक : 25/05/2023

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर के लिए वर्ष 2023-24 हेतु विभिन्न विभागों, चिकित्सालय परिसर / वार्डो में साफ-सफाई हेतु लगने वाले सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रिया हेतु वाणिज्य एवं कर विभाग में पंजीकृत स्थानीय संस्थाओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र संस्था का पंजीयन एवं पेन कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ रूपये 1000/- (एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 13/06/2023 के शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं ।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि- 13.06.2023 शाम 5 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 16.06.2023 दोपहर 2 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि- 16.06.2023 समय शाम 4 बजे

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय
डिमरापाल जगदलपुर (छ.ग.)

G-01736/2

# बारिश पूर्व नाला सफाई हो रहा है तीव्र गति से, जल प्रवाह होगा सुगम, बारिश में जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात





पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नालों की सफाई कराई जा रही है ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति से बना रहे एवं जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने। कई बड़े नालों की सफाई हो चुकी है और कुछ नालों की सफाई की जा रही है।

महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर छोटे, बड़े सभी प्रकार के नालों की सफाई निगम क्षेत्र में हो रही है। बड़े नाले की सफाई के लिए चैन माउंटेन तथा जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है, तो वही छोटे नालों की सफाई स्वच्छता कर्मचारी नाली से सभी प्रकार के कचड़े व मलबे को निकाल रहे हैं। सर्वप्रथम नेहरूनगर के कोसानाला के सामने से गुजरने वाले नाले की सफाई से शुरुआत की गई थी, इसके बाद वैशाली नगर क्षेत्र के बड़े नालों की की जा रही है, इस क्षेत्र में छोटे-बड़े बहुत से नाले हैं, इसमें से अधिकतर नालों की सफाई की जा चुकी है, शेष नालों की सफाई भी अति शीघ्र हो जाएगी। ऐसे क्षेत्र जहां पर जलजमाव की स्थिति बन सकती है उन इलाकों के छोटे नालियों को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। जहां आवश्यकता पड़ रही है वहां पर चैन माउंटेन एवं जेसीबी के जरिये बड़े नाला के किनारे पटे हुए मलबे को निकालकर साफ किया जा रहा है, सकरी नालों की अच्छी से सफाई की जा रही है, जिससे बारिश के समय में पानी बिना कोई अवरोध के प्रवाहित हो सकेगा और जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नाला की सफाई के दौरान मलबा निकालने का कार्य किया जा रहा है। नाला में कंटीली झाड़ियों व मलबे की सफाई की जा रही है। इसी प्रकार जोन में छोटे, बड़े नालियों की सफाई का कार्य जारी है, जहां निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कंटीली झाड़ियां, झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरे को निकाल कर सफाई कर रहे है। नालों की सफाई के लिए निगम युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में नालों की सफाई किया जा रहा है। छोटे नालों के अलावा बड़े नालों का वृहद सफाई हो रहा है।

# सर्व हिंदू समाज के गंगा आरती में शामिल होंगे धर्म स्वावलंबी लोग

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर के सर्व हिंदू समाज के द्वारा माँ गायत्री अवतरण दिवस एवं मां गंगा दशहरा पर्व के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उत्तरवाहिनी मां गंगा स्वरूपिणी कन्हर नदी के तट पर बसे मां महामाया मंदिर के घाट के नीचे शाम के गोधूलि बेला में मां गंगा जी का आरती का आयोजन किया गया है जिसमें नगर के धर्म स्वावलंबी लोगों में महिलाएं एवं पुरुष भारी संख्या में शामिल होंगे। व्ही धर्म नगरी हरिद्वार एवं प्रयागराज से आए हुए कलाकारों के द्वारा विभिन्न प्रस्तुति प्रस्तुत की जाएगी। उक्त कार्यक्रम भव्य रूप से प्रस्तुति के लिए शाम 5:00 बजे से ही प्रारंभ कर दी जाएगी जहां दर्शकों को कई मनमोहक मनोरंजन कार्यक्रम देखने को मिलेंगे। वही शम 7:00 बजे गोधूलि बेला में दीप प्रज्वलित कर आरती की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक सुभाष जायसवाल जिला संपर्क जुगल किशोर केसरी के अलावा संयोजक प्रमोद मिश्रा एवं व्यवस्थापक धर्म प्रकाश केसरी कृष्णा गुप्ता,शिव प्रकाश निगम धर्म जागरण प्रमुख,सुनिल गुप्ता सामाजिक समरसता प्रमुख, बुद्धि नारायण विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष,सारांश केसरी बजरंग दल जिला संयोजक, नयन गुप्ता बजरंग दल नगर अध्यक्ष के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी अहम भूमिका रहेगी।

## असामाजिक तत्व धर्म कार्य में उत्पन्न कर रहे समस्या

नगर के कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हिंदू धर्म स्वावलंबी कार्यक्रम में गंदी राजनीति से ऊपर चंद लोगों के द्वारा हमेशा धर्म कर्म के कार्य म में विघ्न उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं लेकिन उनका यह प्रयास सफल नहीं हो पाता है इसके बाद भी वह अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे लोगों की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी बहुत गंदी बताई जाती है। यह गंदगी इसलिए फैलाई जा रही है कि केवल हमारा ही हमेशा शान शौकत बरकरार रहे लेकिन प्राकृतिक परिवर्तन हमेशा करते रहती है समय के अनुसार लोगों को ढलना ही पड़ता है चाहे वह क्षेत्र कोई भी हो। इसलिए आने वाले युवा पीढ़ी को धर्म-कर्म के कार्य में विरोध करने से अच्छा होता कि उनको सही मार्गदर्शन देकर कार्य म में उनका सहयोग करते? लेकिन अहम की भावना के कारण धर्म-कर्म के कार्य में चंद् लोक बाधा उत्पन्न करने से बाज नहीं आ रहे हैं जो पूरे नगर में धर्म स्वालिंबियो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# क्रेडा के ट्रेनर ने एनर्जी कंजर्वेशन को लेकर भिलाई के अभियंताओं को दिया प्रशिक्षण

## दो दिवसीय ट्रेनिंग में सीखेंगे एनर्जी सेविंग के टिप्स

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज क्रेडा से आए ट्रेनर ने निगम के अभियंताओं को एनर्जी कंजर्वेशन को लेकर प्रशिक्षण दिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में एनर्जी सेविंग के बारे में निगम के अभियंताओं को जानकारी दी जाएगी। आज प्रशिक्षण के प्रथम दिन ट्रेनर प्रीति गुप्ता एवं साउमेन जाएन ने अभियंताओं को प्रशिक्षण में बताया कि पहले रौशनी के लिए बल्ब का उपयोग किया जाता था, फिर इसके स्थान पर एलईडी लाइट का उपयोग किया जाने लगा, इस प्रकार धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगा है और एनर्जी कंजर्वेशन की ओर आगे बढ़ोतरी हो रही है। इसी प्रकार बिल्डिंग के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। सूर्य की दिशा के हिसाब से इसका आउटसाइड की दीवार की मोटाई कितनी होनी चाहिए, छत की मोटाई कितनी होनी चाहिए, घरों में खिड़की होना कितना आवश्यक है और इसकी साइज क्या होनी चाहिए, बिल्डिंग में सिंगल ग्लास एवं डबल ग्लास का क्या महत्व है तथा डबल ग्लास क्यो होना चाहिए। इसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण में ट्रेनर ने बताया की भवन में जितना ही हिट कम होगा उतना ही एनर्जी सेविंग की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा, जैसे की हिट कम होने पर एयर कंडीशनर का उपयोग कम होगा। सर्वप्रथम ट्रेनिंग में छत्तीसगढ़ के जलवायु के बारे में जानकारी दी गई इसके मुताबिक एनर्जी सेविंग को विस्तार से समझाया गया। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम भिलाई निगम के सभागार में रखा गया है जिसमें एनर्जी कंजर्वेशन के बारे में अभियंताओं को जानकारी दी जा रही है। आज के प्रशिक्षण में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी सहित निगम के उप अभियंता, सहायक अभियंता आदि मौजूद रहे।

# आज के युवा वर्ग जीवन एवं करियर को कर रहे बर्बादः न्यायाधीश चंद्राकर

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत भवन आरागाही में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर ने पॉक्सो एक्ट के बारे में बताते हुये कहा,कि इस कानून के तहत् अपराधो की सुनवाई विशेष न्यायालय द्वारा बच्चे के माता पिता या जिन लोगों पर बच्चे भरोसा करते है,उनकी उपस्थिति में होता है। इस प्रकरण में पीड़ित बच्चें की पहचान, जिसके अंतर्गत उसका नाम, पता, फोटो परिवार के विवरण, विद्यालय पडौसी या किन्ही अन्य विवरण को प्रकट नही किया जाता है। प्रकरण दर्ज होने के बाद पीड़ित का मामला 24 घंटो के अंदर बाल कल्याण समिति के सामने लाया जाता है। युवाओं को उचित मार्गदर्शन और सजा की जानकारी न होने के कारण वे अपना जीवन और करियर दोनो बर्बाद कर रहे है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती श्रुति दुबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्थापना के मुख्य उद्देश्य,निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के साथ घरेलू हिंसा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज आलोक तिर्की,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपक शर्मा के द्वारा भीं विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से होने वाले फायदे एवं नुकसान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर लीगल एड क्लीनिक अधिवक्ता अवधेश गुप्ता सरपंच एवं सचिव के साथ ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विपक्ष की एजेंट की तरह काम कर रहा विभाग मुख्यमंत्री से करूंगी शिकायत : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत मुलमुला के किसान राजेश साहू को बिजली विभाग ने एक लाख चौवन हजार का भारी भरकम बिल भेज दिया और मजे की बात यह है कि जिस खेत मे लगे बोर पंप का बिल विभाग ने भेजा है वह पिछ्ले 6 सालों से बंद है उपयोग में ही नही हैं, जिला पंचायत सदस्य के पास आये किसानों को लेकर वो बिजली विभाग के दफ्तर पहुँची, उपस्थित अधिकारी पूनम महिलांगे ने बिल को देखकर कहा कि 6 सालों से बिल नहीं भरा था किसान ने तो यह एक साथ भेजा गया है,यंहा पर यह ध्यान रखना जरूरी है कि खेतो के कृषि पंप ले लिए 300 रुपये फ्लेट रेट की दर से 2 एच पी के किसानों को मासिक बिल दिया जाता है,अगर यह भी मान कर चला जाये तो भी 300 मासिक के दर से साल भर का 3600 रुपये और 6 साल का 21600 रुपये ही होता है,प्रज्ञा निर्वाणी ने अधिकारी से कहा किस कैलकुलेटर से गणना की गई है,अगर ऐसे अनाप शनाप बिल बिजली विभाग भेजेगी तो हमे विपक्ष की क्या जरूरत,भूपेश बघेल के किसान हितैषी लोक कल्याणकारी सरकार के छवि को किसानों के बीच दागदार न करें,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि इसकी शिकायत वो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से करेंगी,इससे पहले क्षेत्रीय विधायक संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे के संज्ञान में पूरे प्रकरण को लाया जाएगा।

# सैकड़ों कार्यकर्ता एवं जन समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उदबोधित मन की बात कार्यक्रम के बने साक्षी

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उदबोधित मन की बात कार्यक्रम के 101 संस्करण को रविवार को नगर पंचायत पाटन के वार्ड नम्बर 3 बूथ क्रमांक 134 अंतर्गत आर्यावर्त स्कूल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने सुना। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात बूथ स्तरीय बैठक में संगठनात्मक चर्चा हुई तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात में उल्लेखित विषयों के बारे में विमर्श किया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानी के महत्व को समझाने का प्रयास किया है जिसमें बिन पानी सब सून की बरसों पुरानी लोकोक्ति को दोहराया है। वास्तव में बिना पानी जीवन पर संकट तो रहता ही है, व्यक्ति और देश का विकास भी ठप्प पड़ जाता है। भविष्य की इसी चुनौती को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। जल संरक्षण को लेकर पीएम मोदी ने जल संरक्षण से जुड़े स्टार्टअप्स के बारे में भी मन की बात में चर्चा करके लोगों में पानी बचाने के प्रति जागरण लाने का प्रयास किया है। जितेंद्र वर्मा ने कहा कि देश के एक कोने की संस्कृति को देश के दूसरे कोने से जोड़ने के लिए काशी-तमिल संगमम, सौराष्ट्र-तमिल संगमम और कुछ समय पहले ही वाराणसी में काशी-तेलुगू संगमम के बाद इसी की तर्ज पर 'युवा संगम' के आयोजन को उन्होंने अच्छी पहल बताया जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों के युवाओं को अलग-अलग राज्यों के दौरे पर भेज कर वहां की परंपराओं संस्कृति सभ्यता और विकास को देख कर देश की विविधताओं और विशेषताओं को समझने का अवसर मिलेगा।

# भिलाई निगम में प्रॉपर्टी टैक्स ऑनलाइन जमा करने की मिल रही है अच्छी सुविधा

- दूरदराज से कहीं से भी कर सकते हैं ऑनलाइन टैक्स जमा, ऑनलाइन टैक्स अदा करने के लिए अपनाएं यह आसान प्रक्रिया

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



मेयर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर लगातार प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की अच्छी सुविधा भिलाई निगम के द्वारा दी जा रही है। अब इस प्रक्रिया में ऑनलाइन टैक्स भी जुड़ गया है। यूपीआई पेमेंट की सुविधा पहले से ही करदाताओं को मिल रही है। लेकिन जो करदाता शहर से बाहर रहते हैं या कई अन्य दूरस्थ स्थानों पर रह रहे हैं उन्हें अब निगम कार्यालय आकर टैक्स जमा करने की आवश्यकता नहीं है। करदाताओं को कार्यालय आकर भी लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। करदाता घर बैठे ही टैक्स जमा करने की आसान प्रक्रिया को अपनाकर अपना संपत्तिकर का भुगतान भिलाई निगम को कर सकते हैं। मैसर्स श्री पब्लिकेशंस एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड के सौरभ एवं अमित बोस ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन टैक्स जमा करने के लिए वेब ब्राउज़र का उपयोग करना होगा। पे प्रॉपर्टी पर क्लिक करना होगा इसमें विभिन्न प्रकार के टैक्स के ऑप्शन मिलेंगे जैसे वाटर टैक्स, यूजर चार्ज एवं संपत्तिकर। आगे की प्रक्रिया अपनाते हुए सर्च प्रॉपर्टी के जरिए प्रॉपर्टी डीटेल्स देखा जा सकता है। जानकारी लेने के बाद पे प्रॉपर्टी पर क्लिक करेंगे और अपना बैंक डिटेल का विवरण डालकर संपत्तिकर जमा कर पाएंगे। जैसे ही टैक्स जमा होगा वैसे ही इसकी रसीद भी करदाता को ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी। करदाताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भिलाई निगम के द्वारा जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन के जरिए टैक्स से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क किया जा सकता है। ऑनलाइन टैक्स जमा करने के लिए भी इस नंबर की सहायता ली जा सकती है। टैक्स जमा करने से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9153986192 तथा 9153986196 पर समय सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं।

# मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत जिन्हें मिला है आवास वह शीघ्र ही जमा करें बकाया किस्त की राशि

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आवास आबंटन की प्रक्रिया तेज गति से की जा रही है। इसी कड़ी में मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत आवास आबंटन भी किया गया है। लेकिन किस्त की राशि जमा करने में हितग्राही ढिलाई बरत रहे हैं। ऐसे लोगों को जिन्हें मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत आवास प्राप्त हो गया है वह अपने बाकी बकाया किस्तों को शीघ्र ही भिलाई निगम में जमा कर दें। इसी प्रकार मोर मकान मोर आस के तहत किराएदारी में निवासरत ऐसे व्यक्ति जिन्होंने निगम में आवेदन कर दिया है और वह पात्रता की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं उन्हें आवास आबंटन के लिए तथा लॉटरी की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 10त्न की राशि निगम में शीघ्र ही जमा करनी होगी। निगम ऐसे हितग्राहियों से अपील करता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शीघ्र ही अपनी आवास से संबंधित राशि निगम में जमा करें और असुविधा से बचें। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास की पहल से आवास आबंटन की प्रक्रिया में अविलंब कार्यवाही की जा रही है तथा प्रतीक्षारत एवं इच्छुक पात्र लोगों को आवास प्रदाय किया जा रहा है। अब तक आवास आबंटन की बात करें तो मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत कुल 513 आवास हितग्राहियों को आवंटित किए जा चुके हैं तथा मोर मकान मोर आस के तहत किराएदारी में निवासरत हितग्राहियों को कुल 620 आवास आवंटित किए जा चुके हैं। समय-समय पर लॉटरी निकाल कर हितग्राहियों को आवास आवंटित किया गया है। मोर मकान मोर चिन्हारी की बात करें तो 9 फरवरी 2018 में 101 हितग्राहियों को, 28 मार्च 2018 में 42 हितग्राहियों को, 8 जनवरी 2019 में 37 हितग्राहियों को, 25 फरवरी 2020 में 16 हितग्राहियों को, 8 फरवरी 2023 में 307 हितग्राहियों को तथा 24 मई 2024 को 10 पात्र हितग्राहियों को इस प्रकार कुल 513 को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किया गया है। इसी तरह मोर मकान मोर आस के तहत किराएदारी में निवासरत लोगों को 17 मार्च 2023 में 432 हितग्राहियों को, 5 अप्रैल 2023 में 11 हितग्राहियों को तथा 24 मई 2023 में 177 पात्र हितग्राहियों को इस प्रकार कुल 620 लोगों को आवास आबंटन किया गया है।

# मेयर धीरज बाकलीवाल ने किया बारिश पूर्व शंकर नाला में हो रहे सफाई कार्य का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बारिश से पूर्व नालों की सफाई के लिए किए जा रहे कार्यों का मेयर धीरज बाकलीवाल ने पार्षद सतीश देवांगन, विजेंद्र भारद्वाज, एल्डरमेन कृष्णा देवांगन,लल्ला चौहान, कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी, सहायक अभियंता आरके पालिया, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता केलवानी, विकास दमाहे व अमले के साथ निरीक्षण किया। मेयर धीरज बाकलीवाल ने दुर्गा चौक शंकर नाला निरीक्षण किया।उन्होंने इस दौरान मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के पहले सभी नालों की सफाई और भी बेहतर ढंग से होनी चाहिए। बारिश में जलभराव रोकने के लिए नगर निगम द्वारा सभी नालों की सफाई लगातार मिनी चैन माउंटेन मशीन व गैंग लगवाकर कराई जावे। उन्होंने कहा कि नालो की सफाई तल तक हो ताकि बारिश का पानी आसानी से बह सके।उन्होंने कहा बारिश का मौसम जून माह के मध्य में शुरू हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि निगम के पास वर्तमान में करीब 20 दिन का समय है,समय को ध्यान में रखते हुए कार्यों को तेजी देने के लिए मेयर धीरज बाकलीवाल ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियो से कहा।जिससे वार्ड क्षेत्र में जलभराव न हो। उन्होंने कहा कि बारिश पूर्व शहर के नालों और भी विशेष कर शंकर नाला,पुलगांव नाले के अलावा शहर के समस्त नालो सहित अन्य ऐसे नाले जिंसमे जल भराव से जन जीवन प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे सभी नालो की समय पूर्व सफाई कार्य मे और भी गति लाये।

## गलत पाया गया तो देना होगा शास्ति, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने दिए है रेंडम जांच के निर्देश

# भिलाई निगम करदाताओं के द्वारा प्रस्तुत विवरणी की फील्ड में कर रहा औचक जांच

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वविवरणी की औचक जांच की जा रही है। खुर्सीपार जोन क्षेत्र के अधिकारियों ने आरएसएस मार्केट एवं टी मार्केट के क्षेत्रों में करदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वविवरणी के आधार पर मौके पर जांच की।

खुर्सीपार जोन के अधिकारियों की टीम ने पावर हाउस चौक के समीप स्थित ईस्टर्न हाईवे पेट्रोल पंप तथा दुकानों की जांच की। यह देखा गया कि प्रस्तुत की गई स्वविवरणी के आधार पर टैक्स जमा किया जा रहा है या नहीं, स्वविवरणी कहीं गलत तो भरकर नहीं दी गई है, मौके पर क्षेत्रफल की नाप जोक कर एरिया भी देखा गया तथा कितने क्षेत्र में कंट्रक्शन का कार्य किया गया है इसकी भी जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि प्रस्तुत स्वविवरणी के आधार पर ही टैक्स जमा किया जा रहा है। बता दें कि करदाता के द्वारा टैक्स जमा करने के पूर्व स्वयं के द्वारा अपनी संपत्ति से संबंधित विवरणी प्रस्तुत की जाती है और इसी आधार पर टैक्स जमा किया जाता है। अगर प्रस्तुत की गई स्वविवरणी जिसके आधार पर करदाता के द्वारा टैक्स जमा किया जा रहा है यह गलत पाए जाने पर शास्ती की राशि करदाता को देनी होगी। जांच में गलती पाई जाती है और 10% से अधिक का अंतर आता है तो टैक्सपेयर को अंतर की राशि का 5 गुना शास्ति निगम में जमा करना होगा। इसलिए करदाता के द्वारा विवरणी सही दी गई है या नहीं इसकी जांच आवश्यक है। गौरतलब है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संपत्तिकर की समीक्षा बैठक के दौरान असेसमेंट की रेंडम जांच के निर्देश सभी जोन आयुक्त को दिए हैं। इसी तारतम्य में खुर्सीपार जोन क्षेत्र के अधिकारियों ने टीम बनाकर रैंडम जांच की है। जांच के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू तथा निगम के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# कर्नाटक नतीजा लोकरंजकता का खतरा

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव नतीजे विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच 'प्रतियोगी लोकरंजकता' को जन्म दे सकते हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शानदार विजय ने न केवल राष्ट्रीय राजनीति में एक नई गतिशीलता पैदा की है, बल्कि इसने आर्थिक सुधारों के भविष्य पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। वैसे भी आमतौर से आम चुनाव के पहले सुधारों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। पी.वी. नरसिम्हा राव ने अपने कार्यकाल 1991-96 के पहले तीन सालों में ऐतिहासिक उदारीकरण किया था। इसी प्रकार महान उदारवादी माने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में किसी सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू का निजीकरण नहीं किया था। कहा जाता है कि फिलहाल नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसी नए पीएसयू का निजीकरण नहीं शुरू करेगी, हालांकि सरकार आईडीबीआई बैंक, शिपिंग कार्पोरेशन, बीईएमएल व कंटेनर कार्पोरेशन आफ इंडिया-कोनकोर में विनिवेश संबंधी प्रक्रिया पर आधारित समझौतों को आगे बढ़ाती रहेगी। एक खबर में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि 'दो सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों व एक बीमा कंपनी के प्रस्तावित निजीकरण को टाल दिया गया है।' इसके कारण तलाशना कठिन नहीं है। समाजवादियों व निहित स्वार्थी तत्वों के लिए किसी निजीकरण में कमियां तलाशना बहुत आसान है। वे अक्सर इससे जुड़ी हर चीज और हर व्यक्ति की निंदा करते हैं जिसमें निजीकरण, प्रक्रिया, निजीकरण करने वाले, इसका प्रयास करने वाली सरकार तथा पीएसयू की ब्रिकी के समर्थक अर्थशास्त्री व विशेषज्ञ शामिल हैं। वे 'निजीकरण विरोधी जिहाद' में सभी तरकीबें और फर्जी तर्क आजमाते हैं जिनमें 'रोजमर्रा खर्च के लिए घर का सोना-चांदी बेचने', 'मामूली कीमत पर राष्ट्रीय संपत्तियों की बिक्री', आदि तर्क शामिल हैं। यदि वे निजीकरण रोकने में विफल रहते हैं तो निजीकरण करने वालों को परेशान करते हैं। वाजपेयी कैबिनेट में विनिवेश मंत्री रहे अरुण शोरी निजीकरण के दशकों बाद आज भी अदालतों में मुकदमों का सामना कर रहे हैं।

उदारीकरण के 'राजनीतिक जोखिम' भी बहुत हैं या कम से कम राजनेताओं का यही विश्वास है। उदाहरणार्थ, 2004 में वाजपेयी सरकार की पराजय का कारण कुछ लोग सरकार के निजीकरण प्रयासों को बताते हैं। लेकिन तथ्य यह है कि न केवल वामपंथी झुकाव वाले बुद्धिजीवी, बल्कि संघ परिवार से जुड़े कुछ लोग भी संभवतः सरकार द्वारा किए अनेक सुधारों से संतुष्ट नहीं थे। उस समय सार्वजनिक विमर्श 'समाजवादी पूर्वाग्रहों' से अत्यधिक प्रभावित था, और कुछ सीमा तक आज भी यही स्थिति है। सबसे बुरी बात यह समझ है कि अर्थव्यवस्था में किसी को लाभ दूसरों की कीमत पर ही हो सकता है। इसलिये यदि उस समय भाजपा के दावों के अनुसार, 'इंडिया शाइनिंग' था तो भारत दुःखी रहा होगा। इस माहौल में कांग्रेस ने कहना शुरू किया, 'आम आदमी को क्या मिला।' मोदी सरकार की प्रशंसा की जानी चाहिए कि इस सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक परिवेश में भी उसने न निजीकरण को खारिज किया है और न उसकी गति धीमी की है। लेकिन 'लोकरंजकता' का खतरा असली है और यह बढ़ सकता है। कांग्रेस ने कर्नाटक में लोकरंजकता का सहारा लिया जिसके कारण राज्य के करदाताओं पर 50,000-60,000 करोड़ का भार पड़ेगा। कांग्रेस व अन्य पार्टियां और ज्यादा 'खैरातों' व 'रियायतों' की घोषणा कर सकती हैं। ऐसे में भाजपा को भी चाहे-अनचाहे 'प्रतियोगी लोकरंजकता' में उतरना पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो आर्थिक सुधारों को भयानक धक्का लगेगा।

# छत्तीसगढ़ में एक ऐसा समुदाय जिनके रोम-रोम में बसते हैं राम

## रामनामी संप्रदाय की दुर्लभ परंपरा : गोदना के जरिए करते हैं भगवान राम के प्रति भक्ति और आस्था का भाव

**डॉ. ओम प्रकाश डहरिया**
(जनसंपर्क, रायपुर)



आजकल टैटू का चलन बहुत है। कोई अपने देह में प्रिय वाक्य टैटू के रूप में लगा देता है, तो कोई अपने आराध्य का टैटू लगा लेता है और कोई अन्य किसी तरह का डिजाइन बनाता है। पुराने समय में गोदना होता था और शरीर में कुछ हिस्सों में गोदना करा देते थे। भारत में गोदना हमेशा सीमित दायरे में ही रहा। पहली बार छत्तीसगढ़ में एक ऐसा संप्रदाय उभरा जिसने राम के नाम को अपने भीतर ऐसे समा लिया और राम के नाम में इतने गहराई से डूबे कि अपने सारे अंगों में राम के नाम का गोदना करा लिया। वस्त्र राम नाम से रंग लिया। भक्ति भाव की ऐसी गहन परंपरा देश में अन्यत्र दुर्लभ है।

रामनामी संप्रदाय ने पूरी तरह अपने को राम के रंग में रंग लिया है। उनका पूरा जीवन अपने आराध्य की भक्ति में लीन है। उनका मानना है कि उनके भगवान भक्त के बिना अधूरे हैं। सच्चे भक्त की खोज भगवान को भी होती है। छत्तीसगढ़ में यह पद्य बहुत चर्चित है कि हरि का नाम तू भज ले बंदे, पाछे में पछताएगा जब प्राण जाएगा छूट। रामनामी संप्रदाय के हिस्से में इस पछतावे के लिए जगह ही नहीं है क्योंकि उनका हर पल राम के नाम में लिप्त है। न केवल राम का नाम अपितु आचरण भी वे अपने जीवन में उतारते हैं। जिस तरह वे सुंदर मोर पंख धारण करते हैं उसी प्रकार की मन की सुंदरता भी उनके भीतर है। भगवान श्रीराम का नाम और उनका आदर्श चरित्र उनके मन को निर्मल रखता है और मयूर की तरह ही सुंदर मन के साथ वे प्रभु की भक्ति में लीन रहते हैं।

उनका बसेरा उन्हीं क्षेत्रों में है जहां से भगवान श्रीराम के पवित्र चरण गुजरे और जिन्हें अभी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल श्रीराम वन गमन पथ के रूप में विकसित कर रहे हैं। उनका बसेरा जांजगीर चांपा, शिवरीनारायण, सारंगढ़, बिलासपुर के पूर्वी क्षेत्र में है और अधिकतर ये नदी किनारे पाए जाते हैं। भगवान श्रीराम अपने वनवास के दौरान महानदी के किनारों से गुजरे और संभवतः इन इलाकों में रहने वाले लोगों को सबसे पहले उन्होंने अपने चरित्र से प्रभावित किया होगा।





छत्तीसगढ़ के रामनामी संप्रदाय के रोम-रोम में भगवान राम बसते हैं। तन से लेकर मन तक तक भगवान राम का नाम है। इस समुदाय के लिए राम सिर्फ नाम नहीं बल्कि उनकी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये राम भक्त लोग 'रामनामी' कहलाते हैं। राम की भक्ति भी इनके अंदर ऐसी है कि इनके पूरे शरीर पर 'राम नाम' का गोदना गुदा हुआ है। शरीर के हर हिस्से पर राम का नाम, बदन पर रामनामी चादर, सिर पर मोरपंख की पगड़ी और घुंघरू इन रामनामी लोगों की पहचान मानी जाती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की भक्ति और गुणगान ही इनकी जिंदगी का एकमात्र मकसद है। रामनामी संप्रदाय के पांच प्रमुख प्रतीक हैं। ये हैं भजन खांब या जैतखांब, शरीर पर राम-राम का नाम गोदवाना, सफेद कपड़ा ओढ़ना, जिस पर काले रंग से राम-राम लिखा हो, घुंघरू बजाते हुए भजन करना और मोरपंखों से बना मुकट पहनना है। रामनामी समुदाय यह बताता है कि श्रीराम भक्तों की अपार श्रद्धा किसी भी सीमा से ऊपर है। प्रभु राम का विस्तार हजारों पीढ़ियों से भारतीय जनमानस में व्यापक है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पूर्वी और मैदानी क्षेत्रों में सतनाम पंथ के अनुयायी सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते है। तत्कालीन समय में जब समाज में कुरीतियां काफी व्याप्त थीं। मंदिरों में प्रवेश पर कई तरह के प्रतिबंध थे। ऐसे समय में सतनामी समाज के ही एक सदस्य वर्तमान में जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी श्री परशुराम ने रामनामी पंथ शुरू की थी ऐसा मानना है। यह समय सन् 1890 के आस-पास मानी जाती है। रामनामी समाज के लोगों के अनुसार शरीर में राम-राम शब्द अंकित कराने का कारण इस शाश्वत सत्य को मानना है कि जन्म से लेकर और मृत्यु के बाद भी पूरे देह को ईश्वर को समर्पित कर देना है। जब हमारी मृत्यु हो जाती है तो राम नाम सत्य है पंक्ति के साथ अंतिम संस्कार की ओर आगे बढ़ते हैं और राम नाम सत्य के उद्घोष के साथ ही पूरा शरीर राख में परिवर्तित हो जाता है। रामनामी समाज के लोग इस हाड़-मांस रूपी देह को प्रभु श्री राम की देन मानते है। रोम-रोम में राम की उपस्थिति मानते हैं।

राम को ईष्ट देव मानकर रामनामी जीवन-मरण को जीवन के वास्तविक सार को ग्रहण करते हैं। इसी वास्तविकता को मानते हुए रामनामी समाज के लोग सम्पूर्ण शरीर में गोदना अंकित कर अपने भक्ति-भाव को राम को समर्पित करते हैं। छत्तीसगढ़ में लोक परंपरा है कि बड़े-छोटे, रिश्ते-नाते को सम्मान देने सुबह हो या शाम या रात्रि का समय हो राम-राम शब्द नाम का अभिवादन किया जाता है।

रामनामी अहिंसा पर विश्वास करते है। सत्य बोलते है। सात्विक भोजन करते हैं। सतनाम पंथ के लोग सतनाम की आराधना करते है, वहीं रामनामी राम की आराधना करते हैं। संतनाम पंथ के संस्थापक संत गुरू घासीदास बाबा ने कहा है कि 'अपन घट के ही देव ला मनइबो, मंदिरवा में का करे जइबों के जरिए अपने शरीर को ही मंदिर मानकर उन्हीं की पूजा आराधना व विचार को बदलने की बात कही है, वहीं रामनामी संप्रदाय के लोगों ने भी मंदिर और मूर्ति के बजाय अपने रोम-रोम में ही राम को बसा लिया और तन को मंदिर बना दिया। अब इस समाज के सभी लोग इस परंपरा को निभा रहे हैं। इनकी एक अलग पहचान है। पूरे बदन पर राम नाम का गुदना गुदवाते हैं। घरों की दीवारों पर राम के ही चित्र होते है। अभिवादन भी राम का नाम लेकर करते हैं।

मानव तन ईश्वर का सबसे सुंदर रूप माना जाता है। रामनामी संप्रदाय के लोगों ने इस सुंदर रूप में राम को बसाकर उसकी सुंदरता में चार चाँद लगा दिये हैं। उनकी भक्ति की श्रेष्ठ परंपरा के आगे हम सब नतमस्तक हैं।

# ईश्वर से अंतरक्रिया का विषय है आस्था

> हमें अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग करके ईश्वर के पास जाना चाहिए, जो कई तरीकों से किया जा सकता है।



**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

हां यह ज्ञान की बात नहीं है। इंटरनेट के आगमन के साथ, भगवान के बारे में कौन नहीं जानता है? लेकिन कितने इस ज्ञान का अनुसरण करते हैं? कम से कम कहने के लिए बहुत कम। क्यों? क्योंकि विश्वास ईश्वर के साथ बातचीत से आता है। हम भगवान के पास जाते हैं और वह जवाब देते हैं, अन्यथा यह रिश्ता शुरू नहीं होता है। एक साधारण उदाहरण मदद करेगा। मेरे पड़ोस के किसी विशेष निवासी के साथ मेरी कोई बातचीत नहीं है। उस व्यक्ति के साथ मेरे संबंधों में कोई प्रगति नहीं होगी। हां, हमें ईश्वर के संपर्क में आना चाहिए, जो प्रामाणिक शास्त्रों, प्रचारकों, जिनके व्यापक अनुयायी हैं, आदि के माध्यम से हमें निर्देश देने के लिए खुद को सीमित करते हैं। हमें अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग करके ईश्वर से संपर्क करना चाहिए। और हम ऐसा कई तरीकों से कर सकते हैं जैसे भगवान से प्रार्थना करना, मंदिर जाना, भगवान के नाम का जाप करना आदि। ऐसे हर कार्य को भगवान द्वारा नोटिस किया जाता है, जो उचित प्रतिक्रिया देते हैं।

इस घटना को स्पष्ट करने के लिए मैं इस संबंध में अपना अनुभव बताता हूं। सबसे पहली चीज़ जिस पर परमेश्वर ध्यान देता है वह है हमारी कर्तव्यपरायणता। हम मनुष्यों को समय, स्थान और परिस्थिति के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह सृष्टि चल सकती है। भगवान कृष्ण चेतावनी देते हैं कि निष्क्रियता से शरीर का रखरखाव भी संभव नहीं होगा। (भगवद-गीता 3.8) भगवान उन लोगों में रुचि रखते हैं जो कर्तव्यपरायण हैं। अगली बात, जो भगवान को प्रभावित करती है वह है धर्म का पालन करना। आखिरकार, धर्म वह आधारशिला है जिस पर सृष्टि टिकी है। भगवान भी धर्म की स्थापना के लिए



अवतार लेते हैं। (4.8) अब ऐसे लोगों पर पैनी निगाह रखी जाती है क्योंकि ऐसे लोग अच्छे इंसान बनते हैं. रजोगुण और अंधकार के अन्य दो गुणों को प्रबल करके उनमें सतोगुण प्रधान हो जाता है। (14.10) यदि ऐसा व्यक्ति सहायता के लिए अनुरोध करता है, तो भगवान ऐसा करने के लिए तैयार हैं; बस इसके लिए ईमानदारी से प्रार्थना करनी होगी।

हम आम तौर पर दो तरह से परमेश्वर से मदद मांगते हैं। एक है किसी परेशानी से बाहर निकलना और दूसरा है किसी अच्छी नौकरी जैसी कोई सामग्री हासिल करना। परमेश्वर की प्रतिक्रिया क्या है? आइए हम एक सरल नियम को समझें- ईश्वर हमेशा न्यायी होता है; वह दूसरे की कीमत पर किसी का पक्ष नहीं ले सकता, जैसा कि नौकरी मिलने के मामले में होगा। हालाँकि, किसी बड़ी बीमारी से उबरने में किसी की मदद करने के मामले में भगवान अधिक उदार हो सकते हैं। इस मामले में भी, परमेश्वर को यह निर्धारित करना है कि बीमार व्यक्ति इस तरह के एहसान का हकदार है या नहीं और कितना। लेकिन सब कुछ कहा और किया, भगवान जवाब देता है। भगवान द्वारा कितना और कब तय किया जाता है, जैसा कि उनके द्वारा उचित पाया जाता है। मदद के लिए किसी भी अनुरोध को नज़रअंदाज़ नहीं किया जाता है; केवल मात्रा और गुणवत्ता तय की जानी है।

एक मामले में, भगवान अधिक आगामी हैं, अर्थात मार्गदर्शन करने के लिए। यदि कोई व्यक्ति ईमानदारी से कुछ अच्छा करने के लिए मार्गदर्शन की तलाश कर रहा है, तो भगवान मदद करने के लिए बहुत उत्सुक होंगे, क्योंकि हर चीज का मालिक होने के नाते, उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए कि सृष्टि के अनुकूल क्या है। क्या हम सभी को चलते रहने के लिए अच्छे लोगों की आवश्यकता नहीं है?

भगवान सही बुद्धि देते हैं, जैसा कि चिकित्सा वैज्ञानिकों के मामले में होता है। अगर कोई वास्तव में एक चिकित्सा समाधान की तलाश कर रहा है, जो लाखों लोगों की मदद कर सकता है, और इसका मकसद इसे पूरी तरह से भुनाना नहीं है, तो भगवान मदद करेंगे। आपको क्या लगता है कि अगर हमें फैसला करना है तो हम क्या करेंगे? ईश्वर मुझे सामान्य समस्याओं का आध्यात्मिक समाधान देते हैं जिसके बारे में मैं लिख सकता हूँ। कोई इसे अहसास कह सकता है क्योंकि यह वास्तव में मुझे व्यक्तिगत रूप से मदद करता है। किसी भी अन्य एहसान से अधिक जो विश्वास को मजबूत करता है वह शांति है, जिसे हम सभी जानते हैं कि हर कोई चाहता है, लेकिन कुछ ही इसे प्रबंधित करते हैं।

निष्कर्ष यह है कि ईश्वर को उन तरीकों से जाना चाहिए जो उन्हें प्रसन्न करते हैं, जिसके बारे में उन्होंने विस्तृत निर्देश दिए हैं। स्वामी रवि दास चमड़े का काम करते थे। उनकी कोई औपचारिक शिक्षा नहीं थी, लेकिन वे भगवान के एक महान भक्त बन गए। ज्ञान केवल एक उपकरण के रूप में सहायक होता है, यहां तक कि आध्यात्मिक भी; इसका अभ्यास किया जाना चाहिए। आध्यात्मिक गतिविधियां हमें उच्च स्तर पर ले जाती हैं। इसलिए, आइए हम आगे बढ़ते हैं और सृष्टि के मालिक से जुड़ते हैं। वह प्रतीक्षा कर रहा है और उसके पास देने के लिए बहुत कुछ है।

# आप की बात

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## डॉक्टरों की कमी

**मेडिकल** की पढ़ाई के लिए नीट परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या इस वर्ष 21 लाख से अधिक थी। जबकि देश में शासकीय व प्राइवेट कॉलेज को मिलाकर एक लाख के लगभग सीटें उपलब्ध है। इनमें से भी लगभग आधी सीटें आरक्षित वर्ग की जातियों के लिए हैं। एक छात्र को नीट की परीक्षा पास करने से लेकर डॉक्टर बनने तक में अपनी जिंदगी का सर्वोत्तम भाग खर्च करना पड़ता है। सीटों की कमी के कारण मात्र पांच प्रतिशत छात्रों को ही मेडिकल की पढ़ाई का अवसर मिल पाता है। इनमें से भी प्राइवेट कॉलेज में सिर्फ अमीर वर्ग ही प्रवेश कर पता है। कई देश भारत से कम खर्चे में मेडिकल पढ़ाई करवा कर डिग्री दे देते हैं, मगर उनमें से अनेक छात्र भारतीय अस्पतालों में नियुक्ति के योग्य नहीं होते हैं। डब्लूएचओ के अनुसार प्रत्येक 1000 व्यक्ति पर कम से कम एक डॉक्टर उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन भारत 7000 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध है। इनमें से भी अधिकांश डॉक्टर निजी अस्पतालों में हैं जहां इलाज आम आदमी के बस की बात नहीं है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज की भारी कमी को तत्काल पूरा करने के लिए सरकार को अधिक धन का प्रावधान करना चाहिए। इस दिशा में प्रयास तेज होने चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

## नया संसद भवन

**नया संसद भवन** अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण आकर्षक और देश को देश का गौरव बढ़ाने वाला है। इसके उद्घाटन का क्षण ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री से उद्घाटन करवाए जाने पर दर्ज की गई याचिका को निरस्त कर दिया गया है। राष्ट्रपति की गरिमा के नाम पर विपक्ष संसद भवन को उद्घाटन में भी घटिया राजनीति करने से नहीं चुका है। आज संसद भवन कोउद्घाटन की बात का विरोध करने वाला विपक्ष कल कहेगा कि 15 अगस्त के दिन भी राष्ट्रपति लाल किले से भाषण दें, प्रधानमंत्री नहीं। सभी जानते हैं कि वैधानिक रूप से राष्ट्रपति देश का प्रथम व्यक्ति है, मगर सभी यह भी जानते हैं कि संविधान की सभी शक्तियां प्रधानमंत्री व उनके मंत्रिमंडल द्वारा ही उपयोग की जाती है। राष्ट्रपति पद सर्वोच्च होते हुए भी व्यवहारिक कार्य प्रधानमंत्री और उनका मंत्रिमंडल ही चलता है। विपक्ष के इस कदम ने उसकी ही गरिमा को ठेस पहुचाई है। सैंगोल को लेकर विवाद भी नेहरू जी के जमाने की पोल खोल गया कि सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सैंगोल को संग्रहालय में नेहरू जी के छड़ी के नाम पर रखा गया।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## बदहाल पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में जिस तरह से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सेना के रेंजर्स द्वारा अदालत परिसर से गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। पहली बार पाकिस्तान के इतिहास में सेना के खिलाफतहरीके इन्साफपार्टी के समर्थक सीधे कार्रवाई करते नज़र आए। हालांकि, दूसरे दिन ही वहां के सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को जमानत दे दी। लग रहा था इमरान ने लड़ाई का पहला अध्याय बहुत ही शान के साथ जीत लिया है। लेकिन अब पाकिस्तान तहरीके इन्साफपार्टी का अस्तित्व ही समाप्त होता दिखने लगा है। पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मज़ारी से लेकर सूचना मंत्री चौधरी फवाद हुसेन तक ने इमरान से दूरी बनाने का ऐलान कर दिया। यहाँ तक की इमरान खान के तमाम कार्यकर्ता व समर्थक भी मैदान छोड़ चुके हैं। मतलब साफ़है कि सेना ने बाज़ी अपनी तरफपलट दी है। इमरान खान को अगर अपनी जान बचानी है तो उन्हें फौरन मुल्क से बाहर भागना होगा। लेकिन इमरान खान व बुशरा बेगम के देश छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। इस बीच बदहाल पाकिस्तान में जनता की भुखमरी खबरों से गायब है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

# गोधन न्याय योजना बना पशुपालक हितेश्वर के लिए आर्थिक समृद्धि का आधार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा में लागू किये गए गोधन न्याय योजना राज्य के पशुपालकों एवं कृषकों के साथ सामाज के सभी वर्गों के लिए हर दृष्टि से अत्यन्त उपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य सरकार के द्वारा भारतीय समाज में प्राचीन समय से चले आ रहें पशुधन के महत्ता एवं उपयोगिता को पुर्नस्थापित कर पशुपालन के कार्य एवं व्यावसाय को लाभकारी बनाने हेतु शुरू किये गए यह योजना वास्तव में इस कार्य से जुड़े लोगों के लिए कामधेनू साबित हो रहा है। राज्य सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन फलस्वरूप बालोद जिले के कृषकों एवं पशुपालको के आर्थिक स्थिति में सुधार हेतू यह योजना अत्यन्त मददगार साबित हो रहा है।





**गोबर इंकट्ठा कर डुडिया गौठान में बेचने का कार्य शुरू किया- हितेश्वर**

गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर बिक्री से समय पर मिलने वाली राशि के कारण पारिवारिक स्थिति में निरन्तर सुधार होने से यह योजना जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के पशुपालक हितेश्वर कुमार यादव के आर्थिक समृद्धि का आधार बन गया है। इस योजना के फलस्वरूप उन्हें मिल रहें लाभ तथा अपने पारिवारिक स्थिति में हो रहें सुधार के संबंध जानकारी देते हुए हितेश्वर ने बताया कि वे अत्यन्त साधारण कृषक परिवार से सबंध रखतें है। उन्होने बताया कि वे उनका परिवार अपना थोड़ा बहुत पैतृक जमीन से खेती-बाड़ी एवं मेहनत मजदूरी के साथ पशुपालन व्यवसाय कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके परिवार के पास 10 देशी गाय एवं 4 भैंस हैं, जिनका दुध निकाल कर दुध बेचने का कार्य भी वे करते हैं। लेकिन दुध व्यवसाय से उन्होंने कोई खास आमदानी नही हो पाती थी। इस दौरान वर्ष 2020-21 मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गोधन न्याय योजना प्रारम्भ किया गया। योजना के शुरू होने के तत्काल बाद मै और मेरे परिवार ने गोबर इंकट्ठा कर डुडिया गोठान में बेचने का कार्य शुरू किया। उन्हाने ने बताया कि अब तक वे 222 क्विंटल गोबर 44 हजार 400 रुपये की आमदानी प्राप्त कर चुके हैं।

**उत्तम नस्ल की गाय से प्रतिदिन अतिरिक्त आमदानी हो रही है**

हितेश्वर ने बताया कि गोबर बिक्री से समय पर राशि मिलने से उनके लिए आय का भी स्थायी स्त्रोत निर्मित हो गया है। जिसके फलस्वरूप उनके आर्थिक स्थिति में भी निरन्तर सुधार हो रहा है । इसके अलावा उन्होने गोबर बिक्री से प्राप्त राशि से उन्नत नस्ल के एक गाय की खरीदी कर अपने दुग्ध व्यवसाय को विस्तार करने का कार्य किया है। इस उत्तम नस्ल की गाय से मुझे प्रतिदिन अतिरिक्त आमदानी हो रही है। इस तरह से यह योजना उनके पैतृक पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय को विस्तारित करने में भी सहयोग प्रदान कर रहा है। इसके अलावा गोबर बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, ईलाज एवं अन्य जरूरी कार्यों में कर रहें हैं।

**गोबर बिक्री का कार्य परिवार का आर्थिक समृद्धि का आधार बनेगा**

पशुपालक हितेश्वर कुमार यादव ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा शुरू किये गये इस योजना के प्रारम्भ के पूर्व मैने और मेरे परिवार ने कभी कल्पना नही किया था। कि गोबर बिक्री से भी हमें राशि प्राप्त होगी और गोबर बिक्री का कार्य हमारे परिवार का आर्थिक समृद्धि का आधार बनेगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा वास्तव में जमीन से जुड़ें इस महत्वपूर्ण योजना का शुभारंम्भ कर गौमाता एवं उनके सेवा से जुड़े लोगों का सम्मान करने का कार्य किया है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के कारण यह योजना आज सही मायने में हम जैसे अनेक पशुपालकों के लिए मददगार साबित हो कर हमारे आर्थिक समृद्धि का आधार बन गया है। उन्होंने राज्य में इस योजना लागू कर इनके बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया है।

# हस्ताक्षर साहित्य समिति द्वारा आयोजित कविगोष्ठी में कवियों साहित्यकारों ने अपने अपने रंग बिखेरे

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




नगर की संस्था हस्ताक्षर साहित्य समिति की 28 मई को स्थानीय निषाद समाज भवन में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन जे आर महिलांगे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।विशेष अतिथि के रूप में शमीम अहमद सिद्दकी उपस्थित थे। गोष्ठी में उपस्थित रचनाधर्मियों , साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आज के दौर में सामाजिक बुराइयों से छुटकारा पाने हेतु समाज को संदेश देने का प्रयास किया। हस्ताक्षर साहित्य समिति ने अपनी स्थापना के चालीस वर्ष पूर्ण कर लिए है। इस दौरान इस संस्था ने कई प्रतिष्ठित साहित्यकार दिए है साथ ही नव उदित साहित्यकारों, रचनाधर्मियों के लिए नर्सरी के रूप में अपनी भूमिका निभाई है। 28 मई को आयोजित मासिक कवि गोष्ठी की शुरुआत में नगर के उभरते कवि मनोज पाटिल ने अपनी रचना के माध्यम से समाज को संदेश देने का प्रयास किया।उनकी रचना की बानगी देखिए फुटपाथ पे खड़ी लड़की , दोनों हाथों से मजहब की शर्म को छिपा रही थी खुद भूखी थी,अपने को भूखी नज़रों से बचा रही थी हस्ताक्षर साहित्य समिति अध्यक्ष संतोष ठाकुर अपनी जानी पहचानी अंदाज में छत्तीसगढ़ी रचना का पठन किया।

आंदोलन करे ल पडही, यही दिन देखव फल मिलही अब तक धोखा में रहिगेव यही सरकार चेत करही हास्य व्यंग रचनाओं के कवि घनश्याम पारकर ने अपनी रचना- वाह,वाह रे शीशी के दारु,छठ्ठी होवय मरनी , सब पिये बर होवथे उतारू के माध्यम से अपने साथियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। वरिष्ठ कवियत्री शिरोमणि माथुर की गूढ चिंतन और दर्शन प्रगट करती रचना- जीवन बीत चला पल,पल जीवन बीत चला, कुछ सीख चला पल,पल कुछ सीखा चला जीवन की संध्या निकट हुई,विधि का कुटिल विधान चला, जीवन में कठिन प्रहार सहे,काल चक्र का खेल चला ने तालियां बटोरी वहीं सरिता सिंह गौतम 'मधु' ने प्रेम की पराकाष्ठा की तस्वीर अपनी रचना के माध्यम से रखने का प्रयास किया।रचना कुछ इस तरह से- लम्हा-लम्हा वही याद आते रहे इस तरह वो सितमगर सताते रहे क्या बताऊं मैं अपना फ़साना तुम्हें , ज़ख्म खाकर भी हम मुस्कुराते रहे, युवा कवि अमित प्रखर ने रचना के जरिये अपनी बात इस प्रकार कही।रचना कुछ इस तरह से- मूक हो जाएगा क्रांति शंख इन्कलाब रोता रहेगा, सरस्वती का लाल यदि सोता रहेगा। वरिष्ठ साहित्यकार शमीम अहमद सिद्दिकी ने सामाजिक मूल्यों पर केंद्रित संबंधों पर अपनी रचना को एक मुकाम दिया।रचना की पंक्ति इस तरह से- संबधों का ना टूटे तटबंध, मन से हो मन का अनुबंध, जीवन ऐसे बीते शमीम जैसे शूल,सुमन और सुगंध, इस कार्यक्रम में अमित कुमार सिन्हा,आचार्य मंहिलांगे, गोविंद कुट्टी पणिकर एवं आनन्द बोरकर ने यथार्थ से रुबरु कराती सशक्त रचनाएं पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन युवा साहित्यकार अमित प्रखर ने एवं आभार आनन्द बोरकर के व्यक्त किया।

# डौंडी ब्लाक के ग्राम सुरडोंगर में विकास कार्यों का किया गया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



डौंडी ब्लाक के ग्राम सुरडोंगर में 29 मई को विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं ग्राम के सरपंच कोमेश कोर्राम द्वारा लगातार अपने गांव में विकास कार्य की सौगात दे रहे हैं।

इसी क्रम में सामुदायिक भवन लागत 5 लाख, रंगमंच टिनसेड लागत 5 लाख, सीसी रोड लागत 10 लाख रूपये का भूमिपूजन किया। जिसके लिए मंत्री अनिला भेड़िया एवं मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा रहीं एवं अध्यक्षता ग्राम के सरपंच कोमेश कोर्राम ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेंडियां उपस्थित रहे। सम्मानित अतिथियों के द्वारा भूमि पूजन के तत्पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मंत्री अनिला भेड़िया जी के द्वारा दिए जा रहे क्षेत्र के विकास कार्यों के सौगात एवं छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन, जिला पंचायत सदस्य करिश्मा सलामे, जनपद सदस्य रमिता मरकाम, सरपंच सुखदेव पिस्दा, हृदय राम क्वाची, गामीण तोरण मरकाम, नकुल विश्वकर्मा, सुखचैन ठाकुर, आत्मा राम भुआर्य, प्रेम सिंग राणा,सेवक राम नेताम, अजरदास सोनबरसा, एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मंत्री को लेकर भ्रामक बाते फैलाई जा रही, ग्रामीणों को बहकाने का किया जा रहा प्रयास : गोपाल प्रजापति

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



डौंडीलोहारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि डौंडीलोहारा विधानसभा के वनांचल ग्राम पीपरखार में क्षेत्रीय विधायक एवं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया का ग्रामवासियों ने नहीं बल्कि कुछ विघ्न संतोषी व्यक्तियों के द्वारा ग्रामीणों को बहकाने का प्रयास किया जा रहा है। विकास कार्यों की सौगात कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया के द्वारा दिया जा रहा है। जिसे घटिया राजनीति करके कतिपय छुटभैया नेता द्वारा ग्रामीणों को गलत तरीके से उकसा कर विकास कार्यों को रोकने का प्रयास कर रहा है। कैबिनेट मंत्री के द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों की गंगा बह रही है। इसी तारतम्य में पीपखार व गोटीटोला में भी सौगात देने पहुंची। पीपखार (ख) के आश्रित ग्राम गोटीटोला में भूमि पूजन हुआ, पीपरखार में पंडाल लगाकर ग्रामीणों ने स्वागत सत्कार किया और भूमि पूजन के समय स्थान परिवर्तन के लिए विवाद होने लगा। तब कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने ग्रामीणों से चर्चा कर कहा कि अपने गांव में सलाह मशविरा कर जगह चयन कर ले। फिर मैं भूमि पूजन करूंगी, कह कर ग्रामीणों से मिलते जुलते रवाना हुई।

**भ्रामक बाते फैलाई जा रही**

गोपाल प्रजापति ने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता कांग्रेस कार्यकाल में हो रहे विकास कार्यों की तारीफ करने में लगी है। लगातार कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया के बढ़ते लोकप्रियता को देखकर कुछ विघ्न संतोषी अच्छे खासे परेशान हैं।

कैबिनेट मंत्री के प्रति भ्रम फैलाने का असफल प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों को भूमिपूजन की जानकारी नहीं है कहना सरासर गलत व झूठ बात है। एक दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री का दौरा कार्यक्रम का प्रोटोकॉल जारी हो गया था। पीपरखार के ग्रामीण भूमिपूजन के लिये टेंट पंडाल लगाकर भूमिपूजन की तैयारी में जुटे थे।

लेकिन कुछ विघ्न संतोषी व्यक्ति अपने मनसूबे को असफल होते देखकर जगह परिवर्तन की बात कहकर विवाद करने का प्रयास किया गया। जिस पर कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ग्रामीणों को गांव में सलाह मशविरा कर भूमिपूजन की तिथि तय करने कह कर ग्रामीणों का कुशलक्षेम पूछते हुए रवाना हुई। ग्रामीणों की मांग पर विकास कार्यों की गंगा बह रही है। जिन्हें जानकारी ही नहीं है वो भ्रामक बातें फैला रहे है।

# सज संवर कर प्रतीक्षारत प्रेस क्लब भवन का आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**कुम्हारी।** दुर्ग जिले के प्रवेश द्वार कुम्हारी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विकास गंगा प्रवाहित करने वाले भागीरथ पाटन विधान सभा के लाडले यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सायं 5:00 बजे सर्वप्रथम परसदा में सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तथा राजीव भवन का उद्घाटन करेंगे। तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 14 में नव निर्मित प्रेस क्लब भवन का फीता काटकर उद्घाटन करेंगे साथ ही पत्रकार साथियों को संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, भाषा को समृद्ध कर जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निर्मित मितान एफएम रेडियो स्टेशन का लोकार्पण करेंगे, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 53 के समीप स्थित नगर को गौरवान्वित करने वाले बहु प्रतीक्षित प्रदेश का सबसे वृहदाकार बड़ा तालाब पर निर्मित चित्ताकर्षक उद्यान मेरीन ड्राइव का उद्घाटन कर जनता के लिए लोकार्पण करेंगे । इस अभूतपूर्व क्षणों में विशेष रूप से प्रदेश के मंत्रीगण मोहम्मद अकबर(प्रभारी दुर्ग जिला), डॉ. शिव डहरिया, कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल एवं खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित कुम्हारी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर उनके सहयोगी पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।




# मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं ग्राम मलकुंवर में बैठक लेकर विकास कार्यों की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया के प्रतिनिधी पीयूष सोनी 28 मई को आदिवासी अंचल डौंडी ब्लॉक के ग्राम मलकुंवर में ग्रामीणों के बीच पहुंचे और जनसंपर्क किया

मंत्री प्रतिनिधि ने सबसे पहले गांव के शीतला मंदिर में जाकर पूजा किया। तत्पश्चात ग्रामीणों के बीच बैठकर वहां की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण किया एवं छत्तीसगढ शासन के जनहितकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक व मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताया ग्रामीणों के द्वारा शीतला मंदिर के जर्जर भवन को बनाने के लिए मांग किया।

जिस पर माननीय मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया, जनसंपर्क में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के महामंत्री कैलाश राजपूत, नगर पंचायत डौंडी के पार्षद पलटन भुआर्य , सरजू राम बर्सेल, राजा राम, घना राम हिडमे (मन्दिर पुजारी)

पुरषोत्तम ताराम , लोकेश ताराम, योगेश कोठारी, बंसीराम कोसमा, सुदामा हिड़मे, बाल सिंह नूचार्य, श्री राम तारम, टीकम चंद, एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# गोधन न्याय योजना से पोषण कुमार के सपने हुए पूरे, गोबर विक्रय से मिले आय से खरीदा

## 2 भैंस, बना रहे हैं अपने सपनों का मकान

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना पोषण कुमार के लिए उनके सपनों को पूरा करने वाला योजना बन गया है। इस योजना से मिलने वाली आय से वह अपने सपनों को पूरा कर रहा है। डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भर्रीटोला 43 के निवासी पोषण कुमार धनकर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा उनके गांव में नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत गौठान बनाया गया है। जहां गोधन न्याय योजना के तहत गोबर की खरीदी की जाती है। वह स्वयं भी गौठान में नियमित रूप से गोबर विक्रय करता है, इससे उसे अच्छी आमदनी भी प्राप्त हो रही है। उसे अब तक लगभग 01 लाख 40 हजार रूपये की आमदनी प्राप्त हो चुकी है। इससे उसने विगत वर्ष 02 भैंस खरीदी है, जिससे वह दुग्ध उत्पादन व विक्रय कर रहा है, जिससे उसे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। पोषण कुमार ने बताया कि इस वर्ष वह गोबर विक्रय से मिली राशि का उपयोग अपने मकान के निर्माण कार्य में कर रहा है। गोबर विक्रय से मिल रही राशि का उसके सपनों को पूरा करने में बहुत बडा योगदान है। उसने बताया कि शासन की यह योजना किसानों, पशुपालकों के लिए काफी अच्छा है, इससे अतिरिक्त आय मिलने के साथ ही पशुपालन व आर्गेनिक खेती को बढावा भी मिल रहा है। पोषण कुमार ने छत्तीसगढ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का बहुत बहुत आभार जताया है।

## अब तक समूह के द्वारा 1479.55 क्विंटल केंचुआ खाद का उत्पादन कर समूह को प्राप्त हुआ 579983.60 रू. आय

# दमईडीह के गौठान में वर्मी खाद उत्पादन कर समूह की महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से सशक्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना से स्व सहायता समूह की महिलाएं गौठानों से जुड़कर गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद के उत्पादन में जुटी हुई हैं। समूहों के द्वारा वर्मी खाद तैयार करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। बेमेतरा जिले के ग्राम दमईडीह के गौठान में मॉ महामाया महिला स्व सहायता समूह द्वारा वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है।

समूह की महिला लता विश्कर्मा ने बताया कि गोधन न्याय योजना से जुड़ने से पहले मै अपने परिवार के भरण पोषण के लिए मजदूरी और खेती-बाड़ी का कार्य करती थी। इन कार्यां में आय कम मिलने के वजह से मैं अपने परिवार का अच्छे से पालन पोषण नहीं कर पा रही थी। लता विश्कर्मा ने बताया कि मैंने गांव के अन्य महिलाओं के साथ मिलकर एक समूह बनाया और छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना से जुड़े और गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य कर रहे हैं। कृषि विभाग के आत्मा योजनांतर्गत हमारे समूह को निःशुल्क केचुआ प्रदाय किया गया एवं केचुआ खाद उत्पादन हेतु प्रशिक्षण दिया गया और समय-समय पर कृषि अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सफलतापूर्वक वर्मी खाद का उत्पादन हमारे समूह द्वारा किया जा रहा है। एवं केचुआ खाद के साथ केचुआ का भी उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे है। अब तक हमारे समूह के द्वारा 1479.55 क्विंटल केंचुआ खाद का उत्पादन किया गया जिसका विक्रय करके गौठान समूह को 579983.60 रू. आय प्राप्त हुआ, व हमारे द्वारा सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन 120.00 क्विंटल किया गया, जिससे 10800.00 रू. समूह को प्राप्त हुआ। इससे मेरी व समूह के अन्य महिलाओं के जीवन में काफी आर्थिक सुधार हुआ है। सभी महिलाएं समूह में काम कर बहुत खुश और उत्साहित है।

# शिविर में तृतीय लिंग के 15 लोगों को दिया गया प्रमाण पत्र और 25 लोगों ने भरा आवेदन

**बेमेतरा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरुचि सिंह एवं जीवन रेखा फाउंडेशन के द्वारा जिला पंचायत के सभागृह में आज सोमवार को प्रातः 11:00 बजे तृतीय लिंग का प्रमाण पत्र बनाने एवं 1 घंटे का एड्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान एचआईवी एड्स की रोकथाम और जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को प्रशिक्षित किया गया। इसमें आसपास के लोगों नें बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि एचआईवी एड्स एक संवेदनशील विषय है, जिस पर आमतौर पर कोई बात नहीं करना चाहता और इसको लेकर लोग काफी भ्रमित हैं, इस विषय पर सभी को सही जानकारी होना जरूरी है। एचआईवी संक्रमण का कोई इलाज नहीं है। हालांकि, अवसरवादी संक्रमणों सहित प्रभावी एचआईवी रोकथाम, निदान, उपचार और देखभाल तक पहुंच के साथ, एचआईवी संक्रमण एक प्रबंधनीय पुरानी स्वास्थ्य स्थिति बन गई है, जिससे एचआईवी के साथ रहने वाले लोग लंबे और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। व्यक्ति के स्वास्थ्य और आगे एचआईवी संचरण को कम करने के लिए जीवन रक्षक एंटीरेट्रोवाइरल उपचार (एआरटी) लेना चाहिए। जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी के द्वारा 15 लोगों को तृतीय लिंग सर्टिफिकेट प्रदान किया गया और लगभग 25 लोगो ने आवेदन भरा है। यह प्रक्रिया लगातार चलती रहेगी। इसी क्रम में लईवलीहुड कॉलेज के आईटीसी काउंसलर के द्वारा राज्य शासन की कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले के सभी बेरोजगारों जिनकी उम्र 14 से 45 वर्ष है ऐसे युवक युक्तियां को रोजगार उन्मूलन निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार प्रशस्ति हेतु व जिले में व्यवसाय स्थापित करने हेतु उपलब्ध कराए जा रहे ऑटोमेटिक सर्विस टेक्निशियन एसोसिएट कस्टमर केयर, डाटा एंट्री ऑपरेटर कम टेक्निशियन रिटेल सेल्स एसोसिएट आदि की जानकारी दी गई। इस कोर्स के साथ प्राइवेट कंपनी में प्लेसमेंट भी दी जाती है तथा जिले के साथ साथ अन्य शहरों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। शिविर में आवास योजना के संबंध में लोगों की समस्याओं का समाधान पीएम आवास ग्रामीण एवं पीएम आवास शहरी के अधिकारी द्वारा किया गया।



# जिले के पटवारियो ने निकाला बाइक रैली



**कवर्धा।** बीते 15 दिनों से हड़ताल पर चल रहे जिले के पटवारियों ने सोमवार को जंगी बाइक रैली का आयोजन किया। रैली में जिलेभर के 171 पटवारियों ने पूरे जोशोखरोस के साथ शासन के खिलाफजमकर नारेबाजी की। ज्ञात हो कि 8 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ 15 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आव्हान पर जिले के पटवारी 15 मई से अपनी 8 सूत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। हड़ताल के 15वें दिन पटवारियों द्वारा बाइक रैली के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। रैली राजीव पार्क धरनास्थल से शुरू होकर पहले बूढ़ा महादेव मंदिर पहुँचा, जहां भोलेनाथ से अपनी मांगों के संबंध में शासन को सद्बुद्धि देने हेतु प्रार्थना की गयी। उसके बाद रैली करपात्री चौक, सराफ बाजार से दर्री पारा होते हुए नवीन बाज़ार और वीर स्तम्भ चौक होते हुए विधायक कार्यालय पहुँचा। विधायक कार्यालय के सामने थोड़ी देर रुककर अपनी मांगों के संबंध में नारेबाजी की गई। तत्पश्चात रानी दुर्गावती चौक होते हुए वापस धरनास्थल में समाप्त हुआ। धरनास्थल में संघ के पदाधिकारियों द्वारा जोशीला उद्बोधन दिया गया। जिलाध्यक्ष पालेश्वर सिंह और प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश चंद्राकर ने कहा कि किस तरह शासन हठधर्मिता अपनाते हुए किसानों की समस्या को नज़रअंदाज़ कर रहा है, यह किसी से छुपा नहीं है। हमारी एक भी मांग नाजायज नहीं है,उसके बाद भी शासन ने अब तक हमें चर्चा हेतु नहीं बुलाया। यह दुर्भाग्यजनक है। पूर्व जिलाध्यक्ष गेंदुराम मेरावी ने कहा कि राजस्व निरीक्षक की सीधी भर्ती बंद होकर राजस्व निरीक्षक पद पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से 50 एंव वरीष्ठता के आधार पर 50 पदोन्नत हो।

# नर सेवा ही नारायण सेवा शिक्षा और स्वास्थ्य के बगैर समाज अधूरा : सियाराम अग्रवाल

## रायपुर के अशोका रत्न में स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सकों से संवाद सेमिनार

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



शिक्षा और स्वास्थ्य के बगैर समाज अधूरा है,मानव की सेवा ही नारायण सेवा है, उक्ताशय के उद्गार मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त करते हुए, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने कहा कि समाज का सामर्थ्य इसी में है कि वह वंचितों के लिए ऐसे शिविर आयोजित कर उन्हें स्वास्थ्य और शिक्षा उपलब्ध कराएं,विदित हो कि, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की रायपुर जिला ईकाई एवं शुभ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर द्वारा अशोका रत्न कम्युनिटी हॉल में स्वास्थ्य संबंधी चर्चा एवं जांच शिविर का आयोजन संपन्न हुआ,कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, दीनदयाल गोयल प्रांतीय अध्यक्षा गंगा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष खुशबू केडिया, अशोका रतन वीआईपी मोहल्ला समिति के संयोजक अशोक गोयल एवं जिला महामंत्री निधि अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुई,गणेश वंदना सुरमई म्यूजिकल ग्रुप द्वारा की गई। शुभ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल डॉ विवेक अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा लाइफ.स्टाइल, डिसीसिस जैसे डायबिटीज महावारी की समस्या, बच्चों में दिव्यांगता एवं उसके उपचार आदि पर डॉक्टर्स की टीम ने बहुत ही सूक्ष्म और महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जांच शिविर में सुबह 8:00 बजे से लोगों ने अपना पंजीयन करा डॉक्टरों का परामर्श लिया डॉक्टर मयंक देवांगन ने बताया कि अगर पेट में दर्द है तो वह किन कारणों से होता है एवं उसका निदान क्या है डॉक्टर चंद्रशेखर ने डायबिटीज और उसके मुख्य कारणों पर चर्चा की डॉ रेशु अग्रवाल ने महिलाओं को महामारी और उसके बाद की समस्याओं के बारे में अवगत कराया डॉक्टर पवन शाह ने अर्थराइटिस और कैल्शियम की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में अपना वक्तव्य दिया डॉक्टर चानन गोयल ने बताया कि अगर बच्चों में किस खिसक के चलने के लक्षण दिख रहे हैं तो उन्हें परामर्श केंद्र मैं सलाह और विभिन्न तरीकों से उनमें सुधार लाया जा सकता है,मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर विवेक अग्रवाल ने शिविर में आए हुए प्रतिभागियों कोछत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की ओर से इलाज में 50 परसेंट की छूट शुभ अस्पताल में दी जाएगी एवं उपचार के लिए भरपूर मदद का वादा भी उन्होंने किया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन डॉ अशोक अग्रवाल ने जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को स्वस्थ्य रहने का संकल्प लेने को कहा, इस अवसर पर सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष चेयरमैन छगन मूंदड़ा भी उपस्थित हुए उन्होंने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जागरूकता ही बीमारियों से निदान का विकल्प है, रायपुर जिला अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष दीनदयाल गोयल एवं महामंत्री, अनूप अग्रवाल ने सभी के स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हुए इस शिविर में सभी को स्वास्थ्य लाभ लेने का आह्वान किया,महिला अग्रवाल संगठन की अध्यक्ष खुशबू केडिया ने सभी का स्वागत पुष्पगुच्छ से कर स्वास्थ्य के प्रति सभी को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन महिला अग्रवाल संगठन की महामंत्री निधि अग्रवाल द्वारा किया गया,कार्यक्रम में, संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष विष्णु गोयल, विकलांग चेतना परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल.पाम बलाजियो से निपुण गोयल,निशा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल. मधु मित्तल सहित सिटी आफ ड्रीम्स की अध्यक्ष रश्मि बग्गा एवम् अनेक प्रतिभागी उपस्थित थे।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



नवगठित जिला मुख्यालय शक्ति में शासकीय कन्या महाविद्यालय की घोषणा विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम बुधवारी बाजार शक्ति में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की थी,तथा शहर में दशकों से नए कन्या महाविद्यालय खोलने की मांग की जा रही है, एवं इस मांग को लेकर नगर सीमा की छात्रायें,पालक एव महिला कॉग्रेस के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद सक्ति की अध्यक्ष सुषमा जायसवाल को ज्ञापन दिया,विदित हो की आगामी नये शिक्षा सत्र में महाविद्यालय का संचालन किया जाना है, लेकिन शहर में रिक्त भूमि नहीं है, सकती नगर सीमा के आसपास स्थान चयन किया गया है, नया महाविद्यालय निर्माण होने तक अस्थायी रूप से जवाहरलाल नेहरु महाविद्यालय को सुबह की पाली में दिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल को दिया गया, इस अवसर पर सुषमा जायसवाल ने कहा कि सकती शहर में कन्या महाविद्यालय का खुलना गौरव की बात है, सकती जिला में कहीं भी कन्या महाविद्यालय नहीं है, अस्थायी रूप में जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में सुबह की पाली में लगाये जाने हेतु मांग पत्र दिया गया इस सम्बंध में कलेक्टर एव महाविद्यालय प्रबन्धन से चर्चा की जावेगी, शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु दिए गए ज्ञापन के अवसर पर जिला महिला कॉग्रेस अध्यक्ष गीता देवांगन, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अलका जायसवाल, कृषि उपज मंडी अमनदुला की अध्यक्ष रश्मि गबेल पालक एव पार्षद चांदनी सहिस, एल्डरमैन हाजरा बेगम,छात्राओं में चारुलता, काजल देवांगन, दीपिका जगत, अन्नू पोर्ते, सहित काफी संख्या में छात्रायें, पालक गण एव महिला कॉग्रेस के पदाधिकारी पार्षद एव एल्डरमेन की उपस्थिति रही।

### शराब घोटाले और भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया चक्काजाम

**रायगढ़।** चुनाव पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में शराब बंदी की बात कही गई थी। इसके बावजूद शराब बंदी नही हो सकी। तो वहीं अब करोड़ो का शराब घोटाले की बात सामने आ रही है, इसके विरोध में लगातार भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जहां रविवार को भारतीय जनता महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के द्वारा संयुक्त रूप से 23 सौ करोड़ के शराब घोटाले और भ्रष्टाचार के विरोध में ढिमरापुर चौक पर सांकेतिक रूप से चक्क ।जाम कर दिया।

# दुष्कर्म कर एक लाख रुपये की मांग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



जिले के थाना -हसौद के अंतर्गत दुष्कर्म कर 1 लाख रुपये की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है,आरोपी के विरुद्ध अपराध आईपीसी के तहत मामला दर्ज हुआ है एवं प्रार्थिया से दुष्कर्म करने एवं एक लाख रूपये का उद्दापन करने वाला आरोपी चंद घण्टे मे गिरफ्तार हुआ है, थाना हसौद क्षेत्रांतर्गत प्रार्थिया थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी किशोर साहू द्वारा फोन से जरूरी बात करनी है कहकर बाड़ी में बुलाकर तुमसे बहुत प्यार करता हूं शादी करना चाहता हूँ कहकर शारीरिक संबंध बनाने की मांग करने पर प्रार्थिया द्वारा मना करने पर जबरदस्ती शारीरिक शोषण कर दुष्कर्म किया एवं घटना के बारे में किसी को बताओगे तो हम दोनो का संयुक्त फोटो अपने मोबाईल में रखा हूं वायरल कर दूगां एवं तुम्हे जान से मार दूगां कहकर धमकी दिये एवं यदि तुम 01 लाख रूपये नही दोगे तो दोनो का संयुक्त फोटो को वायरल कर तुम्हारा शादी तुड़वा दुगां एंव रूपये देने से इंकार करने पर तय हुए शादी के रिस्ते को मेरे विरुद्ध भड़का कर तोड़वा दिया कि रिपोर्ट पर थाना हसौद में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह मैडम को अवगत कराने पर उनके द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश प्राप्त होने पर उनके मार्गदर्शन में आरोपी किशोर कुमार साहू पिता गोरेलाल साहू उम्र 30 साल साकिन कैथा थाना हसौद जिला सक्ती को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त मामले की कार्यवाही में उप निरीक्षक नवीन पटेल, सउनि जेके वर्मा, आर घनश्याम टण्डन, घनश्याम पाण्डेय, दिगम्बर साहू, दिलदार निराला, बृजमोहन नेताम, शिवगोपाल रात्रे का विशेष योगदान रहा है।

# विधानसभा अध्यक्ष महंत के प्रयासों से शक्ति क्षेत्र के तीन प्रमुख मार्गों के नवीनीकरण का कार्य हुआ प्रारंभ

## करीब एक करोड़ 06 लाख रुपये की लागत से होगा कार्य

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के नवापारा कला से डिक्सी,सोंठी से सरवानी एवं नंदेली से सोंठी तक के सड़क निर्माण की मांग वर्षो से नागरिकों द्वारा की जा रही थी, तथा नागरिकों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं शक्ति के विधायक डॉ चरणदास महंत को इसकी जानकारी दी तथा महंत जी ने तत्काल लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपरोक्त सड़क के नवीनीकरण हेतु कार्य करवाने कहा एवं विधानसभा अध्यक्ष महंत के निर्देशों के परिपालन में 28 मई को संबंधित विभाग द्वारा उपरोक्त तीनों सड़कों के नवीनीकरण का कार्य लगभग एक करोड़ 06 लाख की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है,उपरोक्त जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने बताया कि महंत जी के निर्देश पर तीनों सड़कों के नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है, एवं क्षेत्र के नागरिकों में भी प्रसन्नता व्याप्त है, तथा नागरिक दशकों से उपरोक्त सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे, तथा आवागमन में भी जहां परेशानियां होती थी तो वहीं बरसात में भी उपरोक्त मार्ग पर चलना काफी समस्या भरा रहता था।

### 23 गांव के 4614 उपभोक्ताओं को मिली विद्युत आपूर्ति की बड़ी सौगात

**रायगढ़।** खरसिया विधानसभा क्षेत्र अपने लाड़ले विधायक और कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल के प्रयासो से विकास के नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। 'हीद नंदकुमार पटेल का स्वप्न था कि सड़क, पानी, बिजली की सुविधा समाज के आखिरी व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण सहज उपलब्ध हो सके। उसी स्वप्न को उमेश पटेल साकार करने में जी-जान से जुटे रहते हैं।

# 1 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगा छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ

## 3 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य शासन पर संघ का दबाव

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत करीब 2058 सहकारी समितियों के कर्मचारी आगामी 1 जून से अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं, तथा संघ का कहना है कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह नियमित कर वेतनमान दिया जाए एवं प्रदेश के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सीधी भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों के कर्मचारियों को बैंकों के रिक्त पदों पर संविलियन किया जाए,उल्लेखित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर द्वारा विगत कई वर्षों से निरंतर मांग की जा रही है, किंतु आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कर्मचारी संघ राज्य शासन पर दबाव बनाना चाहता है, एवं हो सकता है छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार संघ की मांगों पर सदभावना पूर्वक विचार करते हुए अपनी सहमति प्रदान कर दें, वही प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों के कर्मचारियों के 1 जून से हड़ताल में जाने पर जहां सहकारी समितियों का कामकाज भी प्रभावित होगा तो वहीं किसानों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# मछली मारने गए दो दोस्तों की नाव पलटी एक की डूबने से मौत, दूसरा बाल-बाल बचा



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जाम बहार में शनिवार की दोपहर दो दोस्त नाव में सवार होकर मछली मारने गए इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और उनकी नाव पलट गई। इस घटना में एक युवक ने किसी तरह अपनी जान बाच ली वहीं दूसरे युवक की गहरे पानी में चले जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम के अलावा गोताखोरों की टीम युवक की पतासाजी जुटी हुई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक लैलूंगा के ग्राम जमाबहार में शनिवार की दोपहर दो दोस्त संदीप लकड़ा और रोशन मिंज मछली मारने लैलूंगा के खम्हार पाकुट डेम गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ने के साथ तेज आंधी चलने के बाद उनकी नाव पलट गई। इस दौरान रोशन किसी तरह तैरकर बाहर आ गया परंतु उसका दोस्त संदीप गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। घटना की जानकारी रोशन मिंज ने गांव में दी जिसके बाद पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। शनिवार की शाम हुई घटना के बाद रात हो जाने के कारण लातपा युवक संदीप की खोजबीन रविवार की सुबह से फिर से पुलिस टीम, गोताखोरों की टीम स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू आपरेशन शुरू करते हुए पानी में डूबे युवक की खोजबीन शुरू की गई लेकिन शाम उसका कहीं कोई पता नही चल सका है।

# हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर ग्राम बरतापाली में हुई थी युवक की हत्या

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पत्नी की चरित्र शंका के बाद उपजे विवाद के बाद चाकु मारकर युवक की हत्या कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दोपहर धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम बरतापाली में एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या किये जाने की सूचना थाना धमजयगढ़ को प्राप्त हुई। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराकर तत्काल मौके के लिये स्टाफ के साथ रवाना हुए ग्राम बरतापाली में जानकारी मिली कि गांव के जोहित राम राठिया (30 साल) को गांव के ही कंचन सिंह राठिया (उम्र 40 वर्ष) द्वारा झगड़ा, मारपीट के बीच चाकू से जोहित पर हमला कर हत्या के बाद से फरार है। थाना प्रभारी द्वारा मर्ग जांच कार्यवाही के साथ ही इलाके में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये स्टाफ लगाये जिनके द्वारा भागने की फिराक में लुक छिप रहे आरोपी कंचन सिंह राठिया को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे कल हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मृतक के नजदीकी रिस्तेदारों से पूछताछ में आरोपी कंचन सिंह राठिया द्वारा उसकी पत्नी के चरित्र शंका को लेकर कल दोपहर कंचन राठिया द्वारा जोहित राठिया से झगड़ा विवाद, मारपीट कर जोहित की चाकू से हत्या की बात सामने आ रही है। घटना को लेकर मृतक जोहित राम राठिया पिता इंदल साय (30 साल) ग्राम बरतापाली के चचेरे भाई गजरूप सिंह राठिया (उम्र 37 वर्ष) निवासी ग्राम बरतापाली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 27 मई की दोपहर घटना की सूचना पाकर गांव के त्रिलोचन के घर जाकर देखा चचेरा भाई जोहित राम राठिया, त्रिलोचन राठिया के घर आंगन में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था जिसके हाथ एवं पसली के पास चाकू जैसा हथियार से चोट के निशान थे। जोहित की भाभी बिमला बाई राठिया से पूछने पर बताई कि कंचन सिंह राठिया और जोहित राम राठिया दोपहर करीब 01:30 बजे त्रिलोचन राठिया के घर आंगन में विवाद हो रहा था।

# माता-पिता की डांट फटकार से ट्रेन में बैठकर ओडिशा भागे दो नाबालिग


## रिपोर्ट के बाद बच्चों को ओडिसा से ढूंढ कर लाई पुलिस

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




सुबह पंजरीप्लांट चक्रधरनगर में रहने वाली दो लड़कियां उम्र करीब 13 और 14 साल अपने-अपने घर से बैग लेकर निकली थी। शाम तक लड़कियों को वापस नहीं आने पर परिजन आसपास पता लगाये, कहीं पता नहीं चलने पर थाना चक्रधरनगर में सूचना दिये। थाना प्रभारी चक्रधरनगर टीआई प्रशांत राव आहेर को द्वारा नाबालिग के गुम रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अपने स्टाफ को पतासाजी में लगाया गया। चक्रधरनगर पुलिस को गुम बालिकाओं के सहेलियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों अपने मित्रों को रेल्वे स्टेशन जाना बतायी थी। चक्रधरनगर पुलिस की एक टीम ने उस समय रायगढ़ से अप और डाउन दिशा में जाने वाली ट्रेनों का पता लगाया गया, जिस पर डाउन (ओड़िशा) की ओर लोकल ट्रेन जाने की जानकारी मिली, तत्काल सड़क मार्ग से टीआई प्रशांत राव, प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन और महिला आरक्षक अलिसा टोप्पो, बेलपहाड़ रेल्वे स्टेशन पहुंचे। जहां दोनों बच्चे मिले बैग लिये घूमते मिले, दोनों को वापस रायगढ़ लाया गया। पूछताछ में दोनों लड़कियों ने माता-पिता के डांट फटकार से घर से स्टेशन जाकर ओड़िशा वाली ट्रेन में बैठकर बेल पहाड़ जाना बताई हैं। चक्रधरनगर पुलिस को गुम बालिका के रिपोर्ट के मात्र 3 घंटों के भीतर बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब करने सफ्लता मिली है। दोनों लड़कियों की चाइल्ड लाइन में काउंसलिंग के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### 12 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने की कार्रवाई



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब पर की जा रही कार्यवाही के बीच कल सुबह थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को अवैध शराब पर कार्रवाई के लिये लगाये गये मुखबिर से सूचना मिला कि महापल्ली का जितेंद्र किसान अपने घर पर अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा थाने से महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर के हमराह आरक्षक रोशन एक्का और शैलेंद्र पैकरा को तस्दीकी एवं कार्यवाही के लिए महापल्ली रवाना किया गया।

## आम आदमी पार्टी किसानों को एवं मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए

# मलदा एवं जमड़ी के किसान हुए छत्तीसगढ़ राज्य किओस्क बैंक का शिकार

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com





ग्राम मलदा में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा का संचालन जितेंद्र देवांगन के द्वारा किया जा रहा है जहां पर गांव के लोग छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक मल्दा जाकर अपने निजी राशि गांव में ही पैसा का लेन देन जितेंद्र कुमार देवांगन के पास करते थे।

वहीं पर ग्राम जमड़ी के लोग भी कि उसके बैंक शाखा मलदा में जाकर अपना मेहनत की कमाई की राशि को जमा करते चले आ रहे थे। लेकिन जब ग्रामीणों ने अपना पासबुक चेक कराया तो पता चला कि उसके बैंक के द्वारा उनका जमा हुआ राशि जमा नहीं किया गया और उनके खाते से पैसे का आहरण होना बताएं । इसकी शिकायत को लेकर ग्रामीणों ने हसौद थाना में भी जितेंद्र कुमार देवांगन के खिलाफदिए किसी प्रकार की आज तक कार्यवाही ना होने के कारण ग्राम पंचायत मलदा एवं जमड़ी के लोगों के द्वारा सामूहिक बैठक आहूत कर शिकायत करने की योजना बनाई।

क्योंकि सीधे साधे भोले भाले ग्रामीण जब उसके बैंक जाते थे तो फिंगरप्रिंट आया नहीं लेकिन उन्हें राशि दिया जाता था किसी किसी को राशि दिया जाता था और बाद में उनके खाते से पैसे गायब हो जाते थे इस तरह से जितेंद्र कुमार देवांगन 15 लोगों से लगभग 16-17 लाख रुपए गबन करने की जानकारी प्राप्त हुई है ।जिनकी शिकायत ग्राम मल्दा एवं जमड़ी के लोगों के द्वारा पुलिस अधीक्षक शक्ति एवं कलेक्टर शक्ति में किया गया जहां पर आम आदमी पार्टी ने भी उन किसानों का समर्थन में उतरे आम आदमी पार्टी के जिला महामंत्री भरत लाल साहू जिला मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहू एवं जिला कार्यक्रम प्रभारी विनोद चौहान ने पुलिस अधीक्षक के पास जाकर उन किसानों का हक दिलाने की बात कही और जो लाखों रुपए का राशि जितेंद्र कुमार देवांगन गबन किया है उनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात सामने आई।

इस तरह से देखा जाए तो अब आम आदमी पार्टी उन मजदूर, किसान के आंदोलन को अपने हाथ में अब लें रही है और जहां तक किओस्क बैंक संचालक जितेंद्र कुमार को सलाखों की हवा खानी पड़ सकती है। जिसमें शिकायत कर्ताओं में संतराम साहू, हरि शंकर कश्यप, गणेश राम कश्यप, अमृतलाल कश्यप, मोहन कश्यप, कमल कुमार कश्यप, कन्हैया लाल कश्यप, होरी लाल कश्यप, शीतल कुमारी, छत राम कश्यप, फूलबाई, गौरी कश्यप, बोधिन बाई एवं रमेश सतनामी के द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि जितेंद्र कुमार देवांगन घटना करने के बाद गांव से फरार बताया जा रहा है।

# ओडिसा के सरकारी भट्ठियों से 90 फीसदी शराब की खपत छत्तीसगढ़ में

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ शहर समेत पूरे रायगढ़ जिले में शराब के शौकीन लोगों को पिछले करीब तीन महीनों से अपने मनपंसद ब्राँड की शराब मिल नहीं पा रही है। शराब के तमाम दुकानों में या तो चीप रेंज की शराब उपलब्ध है या फिर सर्वथा अपरिचित ब्राँड नाम वाला शराब मनमाने कीमतों में बेचा जा रहा है। आलम यह है कि आज अगर आप शराब के किसी ब्राँड का बॉटल खरीदते हैं, तो दूसरे दिन उसी ब्राँड की शराब आपको मिल जाये इस बात की कोई गारंटी नहीं है। उम्दा और कीमती शराब पीने वाले लोगों के लिये खोली गई प्रीमियम जैसी दुकानों में भी प्रचलित ब्राँड की शराब उपलब्ध नहीं रहती। मतलब यह कि अगर आपको शराब पीनी ही है तो वही शराब पीनी होगी जो दुकानदार आपको पिलायेगा। आपके पास चयन का कोई अधिकार नहीं है। ऐसा नहीं है कि प्रचलित ब्राँड वाले शराब की सप्लाई स्थानीय दुकानों में ना होती हो। होता यह है कि स्थानीय दुकानों में सप्लाई होने वाले प्रचलित ब्राँड की शराब या तो शहर में संचालित बार वालों को भेज दिये जाते हैं या आधा दर्जे के प्रशासनिक अधिकारियों के बंगलों में प्रचलित ब्राँड की शराब पहुंच जाते हैं। छत्तीसगढ़ में चर्चित 2000 हजार रूपये के शराब घोटाले की जाँच की कार्रवाई अभी चल रही है। जाहिर सी बात है कि कथित घोटाले का असर ही शराब के सामान्य कारोबार में दिखलाई पड़ रहा है।

# प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजित जोगी की पुण्यतिथि पर सभा आयोजित कर याद किया गया : सुनील केशरवानी

## जोगी जी द्वारा कबीरधाम में प्रदेश का पहला शक्कर कारखाना कम समय मे स्थापित कर जिलावासियों को सौगात दिया गया

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की प्रथम पुण्यतिथि को जिलाभर में जनता कांग्रेसीयो ने श्रद्धांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कि जिला के विभिन्न विभिन्न क्षेत्र में कार्यकर्ताओ द्वारा गरीब, असहाय, बुजुर्ग, अनाथ बच्चों को भोजन-फल वितरण कर संगोष्ठी सहित अनेक कार्यक्रम कर स्व . जोगी को याद किया गया। इसी कड़ी में ग्राम बैजलपुर मे जनता कांग्रेस की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र स्वर्गीय अजीत जोगी एक युग पुरूष थे।जोगी जी के बताए मार्ग में चलना और उनके सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रधांजली होगी।जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि अमीर धरती में गरीब लोगों के विरोधाभाष तोड़ेंगे, छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों का राज लाएंगे। जोगी एक गरीब आदिवासी के घर में जन्म लेकर प्रोफेसर, पत्रकार, वकील, आईपीएस, आईएएस, राष्ट्रीय प्रवक्ता, विधायक, सांसद बने, भारतीय राजनीति से लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किए। इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ में पद यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ को पग-पग नापे है। अपने मुख्यमंत्रित्व काल में देश में सर्वप्रथम धान का कटोरा छत्तीसगढ़ के किसानों के एक एक दाना धान खरीदी की शुरुआत जोगी ने ही की। कबीर धाम में प्रदेश का पहला शक्कर कारखाना कम समय मे स्थापित कर जिलावासियों को सौगात दिया गया। अजीत जोगी जी के स्वर्गवास हो जाने के बाद भी छत्तीसगढ़वासियो के दिल मे रहते है । ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़मेंकुतुबमीनार से ऊंचा जैतखम्ब, अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, नई राजधानी की परिकल्पना स्व. जोगी ने की थी। अपने तीन साल के कार्यकाल में स्व. जोगी जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया में एक नई पहचान दिलाई। छत्तीसगढ़ की मजबूत आधारशिला रखी। दूरदृष्टिता की सोच रखने वाले स्व. जोगी छत्तीसगढ़ में स्वराज लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की स्थापना किए। इसमें राज्य के हजारों लाखों कार्यकर्ता जुड़े। वर्ष 2018 के विधानसभा में पार्टी गठबंधन को सम्मान जनक 14 प्रतिशत वोट के साथ 7 सीटें मिली ।स्व. जोगी 29 मई 2020 को अपना देह त्याग कर हमेशा के लिए अमर हो गए हैं।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए चलबो गौठान खोलबो पोल अभियान में

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन के आव्हान पर प्रदेशभर में चलवो गोठान खोलबो पोल अभियान पूरे छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रदेश के हर मंडल में प्रदेश के तमाम भाजपा नेता गौठान पहुंच रहे है और वहां की पोल खोल रहे है। इस अभियान के तहत आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कवर्धा जिले के पंडरिया विधानसभा के विभिन्न गौठानों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान अभिषेक सिंह ने गौठान में गौवंश, गोवर खरीदी, गौ मूत्र खरीदी, वर्मी कंपोस्ट खाद समेत गौठान में गायों के लिए शेड, चारे और पानी जैसी मूलभूत चीजों को गैरमौजूद बताया है। उन्होंने गौठानो की हालत देखकर कहा कि बिहार के चारा घोटाला के समान ही छत्तीसगढ़ में गौठान घोटाला हो रहा है. इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केसलीगोडान और पाढ़ी के गौठान का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि गौठान में चारों तरफफैली अव्यवस्था कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीतियों का प्रमाण हैं। गौसेवा के नाम पर प्रदेश की सरकार सिर्फभ्रष्टाचार कर रही हैं। प्रदेश सरकार सम्मेलन तो भरोसे का कर रही हैं लेकिन प्रदेश की जनता को सिर्फधोखा दिया जा रहा है।

### तैयार कर रहे है जनता का पंचनामा

अभिषेक सिंह ने कहा प्रदेश सरकार ग्राम पंचायत के सरपंचो एवं ग्रामीणों का शोषण कर रही है. महिला स्व सहायता समूहों को कार्य का भुगतान, निर्माण कार्यो सहित अपने वायदे को पूरा करने में पूरी तरह से विफल हो रही है ज्यादातर गौठानों में मवेशियों के चारा-पानी की व्यवस्था नही है.उन्होंने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों को केंद्र सरकार द्वारा 14 वें और 15 वें वित्त के तहत हजारो करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया था जिससे ग्राम का विकास कार्य होता. लेकिन प्रदेश सरकार ने सरपंचों पर दबाव डालकर वो राशि गौठानों में लगाने के लिए बाध्य किया जिससे कि एक तरफ गांवों के साथ अन्याय हुआ वही दूसरी तरफगौठान और गोबर खरीद के नाम पर आबंटित करोड़ो का बंदर बांट कर लिया गया। गौठानों के दौरा करने के दौरान गौठान में न तो गाय है न ही गोबर खरीद कर कंपोस्ट खाद।

# कोरबा की युवा प्रतिभागियों ने किया प्रदेश का नाम रोशन

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com






अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ (एबीएसएस) द्वारा आयोजित भारतीय बहुभाषी नाटक, नृत्य और संगीत समारोह और प्रतियोगिता में अपनी हालिया उपलब्धि के माध्यम से ख्याति अर्जित करते हुए कोरबा की युवा प्रतिभाओं ने करा प्रदेश का नाम रोशन। पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित, अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक, नृत्य संगीत उत्सव -प्रदर्शन कला का 19वां सांस्कृतिक मंच 2023, अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ (एबीएसएस) और कला और संस्कृति की वैश्विक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गयाा। यूनेस्को द्वारा सहायता प्राप्त कार्यक्रम 22 मई 2023 से 24 मई 2023 तक जारी रहा। देश भर से युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच प्रदान करते हुए, पुणे में राष्ट्रीय कार्यक्रम में विभिन्न कला रूपों और विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। 23 मई 2023 को, कथक नृत्यांगना और एनटीपीसी कोरबा के एक सम्मानित कर्मचारी, एस सुक्ला दास की बेटी फियोना सुक्ला दास सेमी क्लासिकल डांस श्रेणी में प्रथम रनर अप और कथक शास्त्रीय नृत्य में द्वितीय रनर अप रही। फियोना को जून 2023 में पटाया, बैंकॉक, थाईलैंड में होने वाले कल्चरल ओलंपियाड में भाग लेने के लिए भी चुना गया है। फियोना ने कथक नृत्य के दूसरे वर्ष को अभी पास किया है और अब कथक नृत्य के तीसरे वर्ष में है। उनके गुरु, रंजीत नायक, डीपीएस बाल्को के एक शिक्षक ने टिप्पणी की कि फियोना की माँ, सुष्मिता दास, जिन्होंने भी कथक सीखा है, कथक नृत्य में बहुत रुचि रखती हैं और अपनी बेटी को नृत्य जारी रखने का प्रोत्साहन देती हैं। चुनाव के बाद, एबीएसएस एकमात्र संगठन है जो एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए यूनेस्को-एनजीओ की समिति सदस्य है।

# जनप्रतिनिधियों ने जिले में शांति व कानून व्यवस्था सहित अंदरूनी इलाकों के विकास की दिशा में योगदान को सराहा

## जिला पंचायत परिवार ने एसपी दिव्यांग पटेल को दी आत्मीय विदाई

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत परिवार द्वारा स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को आत्मीय विदाई दी गई। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने सहित अंदरूनी ईलाकों में विकास कार्यों के लिए निभाई गई अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हे नवीन पदस्थापना हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने स्थानान्तरित पुलिस अधीक्षक के सौम्य, सहज और सरल व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि, अपने पदस्थापना के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में उन्होने जिले में अपनी अमिट पहचान स्थापित की। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल जिले में शांति एंव कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी के साथ मिलकर बेहतर कार्य किए हैं। वहीं सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से आम जनता के साथ जीवंत संपर्क और संवाद स्थापित कर लोगों का विश्वास हासिल किया। उन्होंने जिले के अंदरूनी संवेदनशील ईलकों में सुरक्षा, विश्वास और विकास को प्राथमिकता दी। यही वजह हैं कि, अंदरूनी संवदेनशील ईलाकों में पुलिस कैम्प की स्थापना के साथ ही सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, विद्युत लाईन विस्तार ईत्यादि को बढ़ावा मिला। सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा ने स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की जिले में डेढ़ साल के कार्यकाल को अविस्मर्णीय निरूपित करते हुए कहा कि, एसपी पटेल ने जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने सहित जिले के ग्रामीण ईलाकों के विकास पर ध्यान केन्द्रीत किए हैं।

# भारत में मार्च की परीक्षाओं के लिए विद्यालयों से 65,157 से ज्यादा प्रविष्टियाँ मिलीं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत एवं विश्व में 5 साल से 19 साल के बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के सबसे बड़े प्रदाता, कैंब्रिज इंटरनेशनल ने कैंब्रिज इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (आईजीएससीई) और कैंब्रिज इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल के लिए अपनी मार्च 2023 परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा कर दी है। देश में 379 स्कूलों से मिली 65,157 प्रविष्टियों के साथ मार्च, 2023 की परीक्षाओं में एक बार फिर से भारत में कैंब्रिज इंटरनेशनल के विद्यार्थियों से बेहतरीन परिणाम मिले हैं। कैंब्रिज आईजीसीएसई ने 5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पिछले वर्ष 45,000 प्रविष्टियों के मुकाबले 2022-23 में 47,800 से ज्यादा प्रविष्टियाँ दर्ज कीं, वहीं कैंब्रिज इंटरनेशनल एएस एंड ए लेवल ने 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पिछले साल मिली 13,833 प्रविष्टियों के मुकाबले 15,600 प्रविष्टियाँ दर्ज कीं। कैंब्रिज आईजीसीएसए के लिए सबसे लोकप्रिय विषय मैथमैटिक्स, फिज़िक्स, कैमिस्ट्री, फर्स्ट लैंग्वेज़ इंग्लिश और बायलॉजी थे, जबकि कैंब्रिज इंटरनेशनल एएस एंड ए लेवल के लिए सबसे लोकप्रिय विषय मैथमैटिक्स, फिज़िक्स, कैमिस्ट्री, इकॉनॉमिक्स, और बिज़नेस थे। स्टेम विषयों के लिए 6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,539 से ज्यादा प्रविष्टियाँ मिलीं, जिससे भारत में इन विषयों की ओर विद्यार्थियों का रूझान प्रदर्शित होता है। महेश श्रीवास्तव, रीज़नल डायरेक्टर, साउथ एशिया, कैंब्रिज इंटरनेशनल ने कहा, ''कैंब्रिज इंटरनेशनल को मार्च 2023 की परीक्षाओं में भारत के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त परिणामों की घोषणा करने पर गर्व है। इस साल हमारे परिणाम बहुत शानदार रहे हैं।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख एवं क्षेत्र महाप्रबंधक दास का रायपुर दौरा




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

यूनियन बैंक ऑफइंडिया के मप्र एवं छत्तीसगढ़ के अंचल प्रमुख एवं क्षेत्र महाप्रबंधक बी. पी. दास एक दिन के रायपुर प्रवास पर रहे। अंचल प्रमुख दास जी द्वारा बड़ी शाखाओं का निरीक्षण किया गया व व्यवसाय बढ़ाने के सुझाव दिये गए। उक्त प्रवास के दौरान वे विभिन्न यूनिट्स के दौरे पर गये एवं अच्छे व्यापार की संभावनाओं को तलाशने पर जोर दिया। क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्यों की बैठक के दौरान उनके द्वारा विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया व शाखाओं को प्रेरित करने पर बल दिया गया। अंचल प्रमुख द्वारा शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक की गयी, प्रतिष्ठित ग्राहकों से मुलाकात की गई व अपने अनुभव साझा किए गए तथा भविष्य मे नए खातों को लाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख अनुज कुमार सिंह ने बताया कि बैंक महिला उघमियों के विकास हेतु यूनियन नारी शक्ति योजना एवं अब नारी की बारी के तहत ऋण स्वीकृत कर रही है। आगे सिंह ने बताया कि बैंक द्वारा गोल्ड लोन भी आकर्षक दर पर उपलब्ध है। क्षेत्र महाप्रबंधक द्वारा उदबोधन व मार्गदर्शन से प्रफुल्लित शाखाओं ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के सभी लक्ष्यों को पूरा करने की प्रतिबद्धता दर्शाई।

# अडेंगा गौठान में बटेर पालन कर महिला समूह ने अर्जित की 83 हजार रुपए की आमदनी

## अब वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने लगी हैं समूह की महिलाएं

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



ग्रामीण इलाकों में राज्य शासन की सुराजी गांव योजना से आमूलचूल परिवर्तन आ रही हैं। स्व सहायता समूहों की महिलाएं एकजुट होकर गौठान में कार्य कर रही हैं। सामूहिक एकता और कड़ी मेहनत से उनके जीवन में बदलाव परिलक्षित हो रहा हैं। शासन की नरवा-गरवा, घुरवा व बाड़ी योजना के तहत कोण्डागांव जिले के केशकाल ब्लॉक अंतर्गत अडेंगा गौठान में समूह की महिलाएं बहुआयामी कार्य कर रही हैं। उनके चेहरे की मुस्कान कहती है कि, वे अब घर-परिवार के कार्यों के साथ स्वयं के लिए रोजगार का सृजन कर चुकी हैं। विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से इन महिलाओं की आय संवृद्धि हो रही हैं। इसी सकारात्मक सोच के साथ अडेंगा गौठान में बटेरपालन गतिविधि संचालित करने वाली नया सबेरा स्व सहायता समूह ने विगत एक वर्ष में बटेरपालन से 83 हजार रुपए की आमदनी अर्जित किया हैं। समूह सदस्य संगीता निषाद ने कहा कि, बीते साल छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बैंक लिंकेज की 37 हजार रुपए सहायता से गांव के गौठान में बटेरपालन शुरू किए थे। गौठान में बटेर पालन के लिए शेड, बिजली की व्यवस्था सहित पानी भी उपलब्ध कराया गया। जिससे समूह की महिलाएं अपनी इस आय मूलक गतिविधि को पूरी लगन एवं मेहनत के साथ जुट गई हैं। जिससे गत एक साल में ही स्थानीय बाजार में बटेर विक्रय कर 83 हजार रुपये आमदनी अर्जित किए हैं।

# मोबिल ने ऋतिक रोशन को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मोबिल जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है, एक्सॉनमोबिल ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर, ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने, विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं। एक्सॉनमोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा, भारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में ज़बरदस्त भरोसा कायम होगा, जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की ज़रूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा। ब्रांड एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए, अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा, मैं मोबिल और इसके भरोसेमंद ब्रांड के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बड़ा उत्सुक हूं, जिसे न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में पहचाना जाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लोगों के जीवन और समुदाय को बेहतर बनाने में के चैंपियंस के प्रयासों के पीछे आत्मविश्वास ही सच्ची प्रेरक शक्ति है, और वह यही मोबिल ब्रांड है। इससे पहले एक्सॉनमोबिल ने ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर 'विक्रम वेधा' में पार्टनरशिप की थी, जिसमें यह संदेश दिया गया कि सही विकल्प का चयन करके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

# सीआईआई फाउंडेशन ने वूमेन एग्जेम्पलर अवार्ड 2023 के विजेताओं की घोषणा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सीआईआई फाउंडेशन ने सी आईआई वार्षिक सत्र में वूमेन एग्जेम्पलर अवार्ड 2023 के विजेताओं की घोषणा की। स्वास्थ्य, शिक्षा और सूक्ष्म उद्यम के श्रेणियों में दिए जाने वाला यह पुरस्कार उन ग्रामीण और हाशिये पर रहने वाली ग्रामीण महिला लीडर को सम्मानित करता है जो अपनी समुदायों में सामाजिक परिवर्तन ला रही हैं। पुरस्कार को श्रीमती स्मृति ईरानी, मंत्री, महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा समारोह में दिया गया जहां सरकार, भारतीय उद्योग, सामाजिक विकास क्षेत्र और मीडिया के उच्च स्तरीय नेताओं की उपस्थिति थी। यह अवार्ड शिक्षा श्रेणी में रायपुर, छत्तीसगढ़ की पुष्पा शुक्ला, स्वास्थ्य श्रेणी में आइज़ॉल, मिज़ोरम की जोहमनगैही, और सूक्ष्म उद्यम विभाग में महाराष्ट्र के उस्मानाबाद की रहने वाली अर्चना गोकुल माने को दिया गया। प्रत्येक विजेता को एक पुरस्कार, प्रमाणपत्र, और 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार के लिए 400 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए और एक बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद, 17 अंतिम उम्मीदवारों की पहचान की गई। शिक्षा श्रेणी में विजेता रायपुर, छत्तीसगढ़ की पुष्पा शुक्ला एक सख्त पिता के साथ पली-बढ़ी हैं जिन्होंने पुष्पा को डॉक्टर बनने से रोका लेकिन पुष्पा ने खुद को शिक्षित किया और हर आदिवासी बच्चे को समान अवसर प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया। उन्होंने ऑनलाइन उपकरण और संसाधन तैयार किए जिससे 10,000 से अधिक छात्रों, 200 स्कूल के प्रधानाध्यापकों और 1,600 से अधिक सहायक शिक्षकों को लाभ हुआ। उनका काम बच्चों के मौलिक साक्षरता स्तर को सुधारने में नई संस्थागत बदलाव लाया है और इससे राज्य के मूलभूत शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन हुआ है, जिससे सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 7.5 लाख लाभार्थियों को लाभ मिला है।

# कार्यभार ग्रहण करने पर किया गया आत्मीय स्वागत एवं अभिनन्दन



**किरंदुल।** मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नायक द्वारा एनएमडीसी की वृहद परियोजना किरंदुल के परियोजना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण पर परियोजना के विभिन्न विभागों एवं श्रम संघों, एसोसिएशन द्वारा पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इसी कड़ी में सोमवार को कार्मिक विभाग के विभागाध्यक्ष उप महाप्रबंधक बी. के. माधव ने अपने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नायक को उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया।

## जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की संशोधित सूची जारी की गई

# भाजयुमो की नई कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा प्रदेश कोर कमेटी सदस्य गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो रवि भगत, संभाग प्रभारी युवा मोर्चा रोहित माहेश्वरी, जिला प्रभारी युवा मोर्चा विकास मित्तल की सहमति एवं मार्गदर्शन से जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा सुनील यदू द्वारा जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की संशोधित सूची जारी की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष सुनील यदु भाटापारा, जिला उपाध्यक्ष अनुपम बाजपेयी लवन, राहुल सोनी बलौदाबाज़ार शहर, सतीश सोनी भाटापारा ग्रामीण, रविशंकर वर्मा बलौदाबाजार ग्रामीण, राम देवांगन सिमगा, सूरज पटेल टूंडरा, जिला महामंत्री प्रशांत यादव लवन, अंजय श्रीवास बलोदाबाजार शहर, जिला मंत्री महेंद्र साहू बलौदाबाजार ग्रामीण, हेमचंद पटेल बयां, दीपक साहू पलारी, श्रेणीक गोलछा भाटापारा शहर, एवन साहू सिमगा, मयाराम पाल बलोदाबाजार शहर, जिला कोषाध्यक्ष गणेश शंकर साहू कसडोल, सह - कोषाध्यक्ष मनीष दीवान दक्षिण पलारी, कार्यालय प्रभारी लक्की कन्नौजे पलारी, सह कार्यालय प्रभारी कमल श्रीवास कसडोल, प्रचार प्रसार प्रमुख रोशन साहू सुहेला, जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव निपनिया, सोशल मीडिया प्रभारी कौशल साहू पलारी, सुरेंद्र डागोर भाटापारा शहर, युगेश वर्मा लवन, कन्या शक्ति संयोजिका लीना साहू बलोदाबाजार शहर, पायल साहू पलारी, प्रशिक्षण प्रमुख विजय यादव भाटापारा शहर, संतोष कोसले बलोदाबाजार शहर, ईश्वर पटेल कसडोल, नीति एवं अनुसन्धान प्रणव अवस्थी बलोदाबाजार ग्रामीण, कमल नारायण साहू दक्षिण पलारी, अतुल केशरवानी टूंडरा, शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल प्रमुख केके देवांगन भाटापारा ग्रामीण, रामानंद डौडिया लवन, हिमांशु सोनकर सिमगा, खेल एवं कला प्रमुख अंजीव जायसवाल कसडोल, माखन महिलांगे भाटापारा शहर, जिला कार्यकारिणी सदस्य कामेश्वर साहू दक्षिण पलारी, अश्वनी साहू कसडोल, विजय साहू टूंडरा, धनेश निषाद बया, लुकेश्वर चंद्राकर लवन, सूजेलाल साहू कसडोल, केशव वर्मा लवन, राहुल साहू बलौदाबाजार शहर, सनकुमार साहू पलारी, गोरेलाल यादव दक्षिण पलारी, प्रमोद मोदी निषाद भाटापारा ग्रामीण, राजू पटेल भाटापारा शहर, प्रीतम नायक बया सत्या कोसले बलोदाबाजार शहर, भीषम कश्यप बलोदाबाजार ग्रामीण, गब्बर डहरिया लवन, विशेष आमंत्रित सदस्य खुशबू बंजारे पलारी, प्रणम्य पांडे बलोदाबाजार शहर, लोकेश यदू पलारी, अविनाश शर्मा भाटापारा, संकेत वर्मा पलारी, हेमंत साहू सिमगा, धीरज मिश्रा पलारी, सालिक राम साहू दक्षिण पलारी, नरसिँह निर्मलकर पलारी, गजहंसराज ठाकुर भाटापारा शहर, इंदर पठारे टूंडरा, रवि वर्मा भाटापारा शहर, स्थायी आमंत्रित सदस्य गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, सुनील सोनी, गुहाराम अजगल्ले, लक्ष्मी वर्मा, श्याम बाई साहू, डॉ. सनम जांगड़े, डॉ. अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, सुरेंद्र टिकरिहा, राकेश तिवारी, कृष्णा अवस्थी, अश्वनी शर्मा, आनंद यादव, रितेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष टुंड्रा - रामेश्वर वर्मा, बया नूरपति नायक , कसडोल नागेश्वर साहू , लवन रामलाल कुर्रे, पलारी भोला वर्मा, दक्षिण पलारी उमेश यदू, बलोदाबाजार शहर वासुदेव ठाकुर, बलौदाबाजार ग्रामीण अजय गर्ग, सुहेला लूनकरण वर्मा, सिमगा कमलेश साहू, भाटापारा शहर आशीष टोडर, भाटापारा ग्रामीण टूकेश्वर देवांगन गोलू, निपनिया टिक्की वर्मा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 1105/क्रं./भू-व्यप/अविअ/23

सरायपाली, दिनांक 26.05.2023

आवेदकगण अमित पिता लोकनाथ एवं 05 अन्य निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बैतारी में स्थित भूमि खसरा नंबर 227/1 रकबा 0.37 है. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 12/06/2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला- कोण्डागांव छ.ग.**

// ईश्तहार //

न्या.तह. कोण्डागांव का रा.प्र.क./
20230220010013/अ-21/2022-23
मौजा-कोकोड़ी, तहसील व जिला- कोण्डागांव

भूमि विक्रय अनुमति बाबत्

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कुनत पिता भुखाउ जाति-मरार, साकिन कोकोड़ी के नाम से ग्राम कोकोड़ी, पटवारी हल्का नंबर 19- कोकोड़ी, रा.नि.मण्डल कोण्डागांव स्थित शासकीय आबंटन से प्राप्त पट्टे की भूमि खसरा नंबर 137/7 रकबा 0.943 हेक्टेयर भूमि को ईलाज हेतु राशि की आवश्यकता होने के कारण क्रेता लालेश्वर परासर पिता करजू राम परासर जाति मरार साकिन कोकोड़ी तहसील कोण्डागांव, जिला- कोण्डागांव को रकम की आवश्यकता होने के कारण रूपये 50000/- में विक्रय किए जाने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष में प्रस्तुत किया है जो कि प्रकरण ई-कोर्ट क्रमांक 20230220010013/अ-21/2022-23 में पंजीबद्ध कर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथि 13.06.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कोण्डागांव

# आरक्षक के बनाए चैनल से हो रही शराब तस्करी घुमका इलाका अवैध शराब बिक्री का गढ़ बन चुका है

## आबकारी, पुलिस और नेताओं के संरक्षण में फैला जाल, कोचिए और तस्कर बेखौफ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका क्षेत्र में गली-गली और चौक-चौराहों में खुलेआम शराब के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस पर उंगलियां उठ रही हैं। चिल्हर से लेकर बड़े तस्कर तक संरक्षण के लिए मोटी रकम बांट रहे हैं। दिखावे के लिए कार्रवाई के नाम पर आबकारी अधिनियम की जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया जाता है।

बदतर स्थिति यह है कि थाना से दो सौ मीटर के दायरे में खुलेआम शराब बेची जा रही है। शराब के अवैध कारोबार में पुलिस की मिलीभगत की खबर है। यहां तक कि एक आरक्षक ने तो शराब तस्करों का बड़ा चैनल तक तैयार किया है। शाम ढलते ही कारोबार दोगुना हो जाता है।

घुमका पुलिस और सर्किल के आबकारी महकमे के लाख दावों के बावजूद अवैध शराब इन दिनों क्षेत्र के अधिकांश गांव और गलियों में बेधड़क बिक रहा है।अकेले घुमका में ही तस्कर और कोचियों का एक समूह खुलेआम चौक चौराहों में शराब बेच रहा है। लक्जरी कारों में शराब की खेप लायी जा रही है और सुरक्षित अड्डे में डम्प कर चौबीसों घंटे शराब बिक्री का बेरोकटोक खेल चल रहा है लेकिन पुलिस और आबकारी कार्रवाई से कोसों दूर हैं। अवैध शराब के जमानती मामलों में कार्यवाही के आंकड़ों का एक बड़ा पुलिंदा पुलिस के पास मौजूद है। खानापूर्ति के इन मामलों को लेकर पुलिस अक्सर कार्रवाई का दावा भी करती है। जबकि शराब तस्करों पर लगाम लग पाना मुश्किल दिख रहा है।



### आरक्षक ने तैयार किया चैनल

खबर है शराब के अवैध कारोबार से कथित तौर पर जुड़े एक आरक्षक ने कोचियों का सिंडिकेट तैयार कर घुमका,मुड़पार, भालुकोंहा, मुरमून्दा, कलेवा,हरडुवा और बरबसपुर में खुलेआम अवैध शराब बिक्री में तस्करों के साथ संलिप्त बताया जा रहा है ।स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों के कुर्बानियों की याद में घुमका को गौरव ग्राम का दर्जा देकर सरकारी शराब दुकान वर्ष 2012 से बंद किया जा चुका है। इसके बाद भी अब घुमका समेत पूरे इलाके में अवैध शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर बेधड़क चल रहा है। सरकारी दुकानों से निकली शराब के अलावा एम पी और महाराष्ट्र की अवैध शराब खपाई जा रही है।

### पुलिस-आबकारी पर लग रहे आरोप

घुमका के अधिकांश चौराहों में शाम ढलते ही खुलेआम और दिन में चोरी छिपे अवैध शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है। बाकी चिकन बिरयानी और चखना के आड़ में भी अवैध शराब परोसने की शिकायतों को लगातार नजर अंदाज किये जाने के अलावा बड़े तस्करों के ठिकानों में पुलिस और आबकारी के कार्यवाही को लेकर सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है। अब तक घुमका क्षेत्र में एक भी बड़े तस्करों को नहीं पकड़ा जा सका है जबकि पूर्व में बड़े पैमाने पर चल रही इस अवैध कारोबार के आरोपियों का तार घुमका से भी जुड़ा हुआ हैजहां से प्रतिदिन कई पेटी शराब खप रही है।

# सीईओ ने गांवों में चल रहे रीपा का किया निरीक्षण

## केसीजी जिले के पवनतरा, घोटिया, गोपालपुर, जालबांधा पहुंचे



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार ने खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के ग्राम पंचायत पवनतरा, घोटिया, गोपालपुर में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने ग्राम घोटिया में रीपा अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे दोना-पत्तल निर्माण व मिनी दाल मिल का अवलोकन किया और उन्होंने समूह की महिलाओं को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्राम पवनतरा में ग्राम जालबांधा की महिलाओं द्वारा निर्माण किए जा रहे गोबर पेंट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गोबर पेंट का उपयोग समस्त शासकीय भवनों में किया जाना है। इसके लिए शासकीय भवनों से गोबर पेंट हेतु आर्डर लेने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वहां निजी उद्यमियों द्वारा लकड़ी से निर्माण किए जा रहे फर्नीचर कार्य की सराहना की एवं शेष कार्य को जल्द पूर्ण करने निर्देशित किया।

उन्होंने रीपा अंतर्गत सभी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने रीपा स्थल में वृक्षारोपण कराने तथा स्वसहायता समूह हेतु स्वीकृत नर्सरी के कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए कहा। उन्होंने समूह की महिलाओं से बात की एवं आजीविका गतिविधियों को संचालित करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने ग्राम पवनतरा में मसाला यूनिट का भी अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के सभी जनपद सीईओ के रीपा अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

# ठेकेदार के खिलाफ गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत, निगम ने तीन साल में कार्रवाई नहीं की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व चेयरमेन और वार्ड क्रं. 23 की पार्षद सुनीता अशोक फड़नवीस ने एक बार फिर निगम को निशाने पर लिया है। कांग्रेसी पार्षद ने पत्र लिखकर अपने वार्ड में ठेकेदार द्वारा किए गए गुणवत्ताहीन सड़क डामरीकरण के कार्य को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि - इसे लेकर कई बार पत्र लिखा गया है.. ठेकेदार से इसका पुनः डामरीकरण करवाए जाने आश्वासन हमें मिला लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि विवेकानंदनगर , नीलगिरी पार्क , कुंजबिहार कालोनी, गायत्री कालोनी में डामरी करण का कार्य बेहद निम्न गुणवत्ता के साथ किया गया। निगम अमले के इंजीनियरों की मौजूदगी में यहां भ्रष्टाचार हुआ। इसे लेकर लगातार आवाज़ उठाने के बाद भी न ही दोषियों पर कार्रवाई हुई है और न ही इसका पुनः डामरीकरण हुआ है। फड़नवीस के मुताबिक, डामरीकरण के 15 दिनों के बाद ही यहां सड़क से डामर उखड़ने लगी थी। बीते सालों में सड़क और बदहाल हो चुकी है। लोगों को धूल भरे रास्ते से परेशानियां हो रही है। लेकिन निगम का इस ओर ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि - अगर सप्ताह भर के भीतर यहां डामरीकरण का कार्य नहीं किया जाता है तो वे जनहित में उचित निर्णय लेंगी।

# बतौर भारत यात्री सम्मान मेरे लिए अब तक का श्रेष्ठ सम्मान : क्रांति बंजारे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया कौमी तंजीम संस्था द्वारा बीते दिनों बिलासपुर में सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव तारिक अनवर एवं केबिनेट मंत्री डॉ. शिव डहरिया द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के पूर्णकालिक भारत यात्रियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव निवासी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य क्रान्ति बंजारे का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत अनवर जी ने रात्रि भोज के पश्चात भारत जोड़ो यात्रा के विभिन्न अनुभव भी भारत यात्रियों के साथ साझा किये। अनवर जी ने अपने राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा करते हुए सभी भारत यात्रियों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान प्राप्ति पश्चात क्रांति बंजारे ने कहा कि राजनीतिक जीवन में अब तक बहुत से सम्मान मुझे प्राप्त हो चुके हैं, लेकिन बतौर भारत यात्री यह सम्मान उनके जीवन के लिए श्रेष्ठ है। क्रांति ने कहा कि भारत यात्रा के दौरान वरिष्ठ नेताओं से मिले प्रेम स्नेह व उनके मार्गदर्शन को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह जीवन में एक ऐसी यात्रा थी, जिससे बहुत कुछ सीखने समझने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक बंटी खान, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री अमरजीत चावला, जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष विजय पांडे, विधायक शैलेश पान्डे, महापौर रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



## क्वीज न्यूज

### 27 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत अंबागढ़ चौकी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में 27 लाख 50 हजार रूपए के विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिसके अंतर्गत ग्राम पण्डरीतराई के साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम कौड़ीकसा के सिन्हा पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम कोसाटोला में मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम बांधाबाजार के श्रीराम मंदिर पंचायत के पास सामुदायिक भवन में सीढ़ी निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपए तथा छछानपहरी के साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### शासकीय स्कूलों में कम्प्यूटर व खेल सामग्री के लिए 50 लाख

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत मोहला विकासखंड के 25 शासकीय स्कूलों में कम्प्यूटर सेट एवं खेल सामग्री क्रय के लिए 50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मोहला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा एवं शेरपार में कम्प्यूटर सेट एवं खेल सामग्री क्रय के लिए 2-2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसी तरह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला वासड़ी, शेरपार, आलकन्हार, रवाही, कंदाड़ी, ककईपार, करमरी, कुम्हली, केंवटटोला, गोटाटोला, डूमरटोला, दनगढ़, गिधाली, पाटनखास, कुंजामटोला तथा घावेटोला में कम्प्यूटर सेट एवं खेल सामग्री क्रय के लिए 2-2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। शासकीय प्राथमिक शाला सोमाटोला, शासकीय हाईस्कूल पेंदाकोड़ो, भोजटोला, मण्डावीटोला, मार्री, मुकादाह, मोतीपुर में कम्प्यूटर सेट एवं खेल सामग्री क्रय के लिए 2-2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### संसदीय सचिव करेंगे आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण

**मोहला।** संसदीय सचिव एवं मोहला-मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी 30 मई 2023 को सुबह 10 बजे मानपुर में नवनिर्मित 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड और ग्राम भरीटोला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण करेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर परिसर में 37 लाख 28 हजार रूपए की लागत 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड तथा ग्राम भरीटोला में 75 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया गया है।

### पत्रकार घनश्याम साव को मातृशोक



**डोंगरगांव नगर।** नगर के वार्ड 14 मटिया निवासी पुरइन साहू पति स्व माखन साव का 29 मई को दोपहर 1 बजे दुखद देहावसान हो गया है। वे लगभग 73 वर्ष की थीं। वे दैनिक भास्कर संवाददाता घनश्याम साव की माता थीं। उन्होंने अपने पीछे पुत्रगण मोहन, गोपाल, लालदास व घनश्याम तथा पुत्री बिन्दा सहित भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार 30 मई को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जायेगा।

# दिग्विजय महाविद्यालय को मिला क्रान्ति ज्योति सावित्रीबाई फूले समता नेशनल अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए समता साहित्यअकादमी नई दिल्ली द्वारा क्रान्तिज्योति सावित्रीबाई फूले समता नेशनल अवार्ड 2023 प्रदान किया गया। यह अवार्डसमता साहित्य अकादमी के 15वें सम्मान समारोह में 21 मई 2023 को नई दिल्ली में बीसवेन्द्र पासवान, पूर्व मंत्रीनेपाल सरकार, कर्नल पार्वती जांगींड सिस्टर ऑफ सोलऊज्र एवं चेयरपर्सन यूथ पार्लियामेंट आफ इंडिया, वीरदाहिया गायक एवं अभिनेता, डॉ. एनएसखोबा राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू जगजीवन राम कला संस्कृति एवं साहित्यअकादमी दिल्ली, डॉ. नत्थू लाल बेरवा स्टेट प्रेसीडेंट समता साहित्य अकादमी दिल्ली की उपस्थिति में प्रदान कियागया। महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने महाविद्यालय के इस उपलब्धि परहर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय राज्य का एक चिन्हित और बड़ा महाविद्यालय है जो शिक्षा के क्षेत्र मेंउल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इस महाविद्यालय से पढ़ कर निकले विद्यार्थी प्रशासन, खेल, सेना, रेलवे, बैंक,राजनीति सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है। यह अवार्ड महाविद्यालय के इन उपलब्धियों को दर्शाता हैऔर इसके लिए जनभागीदारी समिति के सभी सदस्य, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर, महाविद्यालय केसभी प्राध्यापक / सहा.प्राध्यापक / अतिथि शिक्षक, अधिकारीगण एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा है। इसके लिए उन्होंने प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई दी।

# आयुक्त ने किया सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के विभिन्न सड़कों में डामरीकरण कार्य का निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने निरीक्षण कर मापदण्ड के अनुरूप गुणवत्ता के साथ डामरीकरण कराने के निर्देश दिये। आयुक्त शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य में गुरूनानक चौक, सदर बाजार, बसंतपुर थाना के सामने के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण कर शासन मापदण्ड के अनुरूप डामरीकरण कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यूकेरामटेके को दिये। उन्होने गुरूनानक चौक में चल रहे डामरीकरण कार्य निरीक्षण के दौरान कहा कि डामरीकरण के दौरान सही तरीके से रोलिंग करे।

उन्होंने कहा कि डामरीकरण के पूर्व संबंधित क्षेत्र से गाड़िया हटवा लेवे, क्षेत्रवासियों से डामरीकरण में सहयोग करने अपील करे। जिस क्षेत्र में डामरीकरण किया जाना है, उस क्षेत्र के पाईप लाईन नल कनेक्शन आदि की जॉच कर दुरूस्त कर लेवे, ताकि डामरीकरण पश्चात रोड खोदने की स्थिति निर्मित न हो। आयुक्त ने कहा कि प्राथमिकता तय कर डामरीकरण कार्य करे। बरसात के पूर्व सभी आवश्यक सड़को में डामरीकरण कार्य पूर्ण हो जावे। बसंतपुर थाना के पास निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मिक्स डिजाईन के अनुसार डामरीकरण हो, सभी उप अभियंता डामरीकरण के दौरान अपने अपने प्रभारित वार्ड में उपस्थित रहे। इसके अलावा डामर प्लांट में मेट एवं उप अभियंता डामर की मात्रा, गिट्टी मिक्सींग की जॉच करे, तत्पश्चात डामरीकरण करावे। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिये एक-एक तरफ डामरीकरण कराये। सभी तकनीकि अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान देवे। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर सहित तकनीकि अमला उपस्थित था।

## राज्य की मेरिट सूची में भी बनाई जगह

# प्रयास में मोहला के 58, मानपुर के 35 अंबागढ़ चौकी के 34 बच्चों का चयन

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

आदिम जाति व अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा जारी प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा परिणाम में नवीन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। स्वर्गीय राजीव गांधी बाल भविष्य योजना अंतर्गत संचालित प्रदेश के विभिन्न प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल 2023 को किया गया था। जिसमें कक्षा आठवीं के अध्यनरत बच्चे शामिल हुए। इस परीक्षा का परिणाम में मोहला विकासखंड से 58 मानपुर विकासखंड से 35 तथा अंबागढ़ चौकी विकासखंड से 34 बच्चों का चयन हुआ है। इस प्रकार जिले के 127 बच्चों का चयन काउंसलिंग हेतु किया गया है। चयनित बच्चों की काउंसलिंग वर्गवार विभिन्न तिथियों में रायपुर में आयोजित होगी। कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए चयन होने पर विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने प्रयास आवासीय विद्यालय में बच्चों चयनित होने पर पालको, शिक्षकों तथा विभागीय अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



### जिले के बच्चे राज्य स्तरीय रैंकिंग में अव्वल

राज्य स्तर की टॉप टेन में जिले के कई बच्चों ने स्थान बनाया है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग बालक में भावेश कुमार सिन्हा ने 87 अंक के साथ दूसरा स्थान, ईशान वाल्दे ने अनुसूचित जाति बालक वर्ग में 78 अंक के साथ चौथा स्थान, चारु ने अनुसूचित जाति बालिका में 84 अंक के साथ दूसरा स्थान, नंदिनी सामान्य वर्ग बालिका में 85 अंक के साथ तीसरे स्थान व श्रेया उपाध्याय ने 79 अंक के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया है।

### नि :शुल्क कोचिंग से लाभान्वित हो रहे बच्चे

जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क वनांचल के बच्चों को स्कूल स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित क्षेत्रों में अध्ययनरत प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य देने के लिए राज्य के 9 स्थानों पर प्रयास विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में चयन परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। प्रदेश में बालकों के लिए 650 व बालिकाओं के लिए 505 कुल 1155 सीट है। इन सीटों पर आयोजित परीक्षा में पूर्व से ही जिले के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

# मंत्री लखमा ने आदिवासी शक्तिपीठ में नव निर्मित मंगल भवन व देवालय परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

## हमारी सरकार ने हमेशा आदिवासियों के हित लिए कार्य किया है: मंत्री कवासी लखमा

- सरकार ने किसानों का कर्जा माफकिया, वनवासियों को पट्टा देने का भी काम किया

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार ने हमेशा आदिवासियों के हित और विकास के लिए कार्य किया है। सरकार आदिवासी संस्कृति का संरक्षण कर रही है और उनके विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। सरकार ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में लोगों को सामुदायिक हितग्राही मूलक पट्टा भी प्रदान किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आदिवासियों को सरकार ने उनका वाजिब हक देने का काम किया है। 9 अगस्त का दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन पूरे देश में छत्तीसगढ़ ही पहला राज्य है जहां आदिवासियों की भावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दिन अवकाश घोषित किया है। यह बातें विश्व आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी में नव निर्मित मंगल भवन व देवालय परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण और आदिवासी महापंचायत में मुख्य अतिथि वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने कही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर आदिवासी शक्तिपीठ परिसर में 25 लाख रूपए की लागत से नव-निर्मित मंगल भवन के लोकार्पण पर समाज के लोगों को बधाई देते हुए लखमा ने कहा कि आदिवासी जंगलों में रहते हैं और फल-फूल खाते हैं और प्रकृति की पूजा करते हैं। जहां भी आदिवासी रहते हैं वहां वे प्रकृति के साथ रहते हैं, इससे प्रकृति का भी संरक्षण होता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए हमेशा एकजुटता के साथ रहना होगा। लखमा ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार आदिवासी समाज सहित अन्य समाज के संस्कृतियों के संरक्षण का भी कार्य कर रही है। सरकार ने प्रदेश के किसानों का कर्जा माफ किया, जंगल में रहने वाले आदिवासियों को पट्टा का वितरण किया, तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा चार हजार रूपए किया, बस्तर के लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन वापस कराई, किसानों के फायदे के लिए धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपए करने सहित अन्य कई कल्याणकारी कार्य किए हैं। इस अवसर पर अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी समाज की मांग वे हमेशा सहयोग करते रहे हैं। आज मंगल भवन का लोकार्पण किया है जिससे समाज को समय-समय पर होने वाले विभिन्न आयोजन व कार्यों में मदद मिलेगी। समाज की ओर से निःशुल्क जमीन की मांग पर राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि इसके लिए समाज के लोग शासन-प्रशासन से विधिवत् आवेदन करें। अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी शक्तिपीठ परिसर में भव्य डोम बनाने के लिए भी हर संभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नंदकुमार साय ने कहा कि मात्रात्मक व लिपिकीय त्रुटि की वजह से कई लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है, ऐसे में आदिवासी अपने वास्तविक अधिकार से वंचित हैं। साय ने कहा कि जारी हुई नई सूची में भी अगर इसका निराकरण नहीं हो पाया है तो वे समाज के लोगों की मदद से ऐसे लोगों की जानकारी लेकर इस समस्या के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे।

# चांदी के जेवर चोरी करने वाले एंव खरीदने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




चांदी के जेवर चोरी करने वाले आरोपी चढ़े, चाम्पा पुलिस के हत्थे

प्रकरण में चोरी करने वाला एवं जेवर खरीदने वाले खरीददार को किया गया गिरफ्तार। आरोपी देवेंद्र सोनी से रांगा लगी चांदी 1450 ग्राम कुल कीमती 20000 हजार रुपया किया गया बरामद। आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध। आरोपी नरेश यादव एवं देवेन्द्र सोनी को 29 मई को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी शंकर लाल बरेठ निवासी भैसा बाजार चांपा द्वारा थाना चाम्पा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 1 बजे के मध्य ग्राहक को पैसा देने के लिए घर अंदर पैसा लेने गया और पैसा लेकर वापस आकर ग्राहक को पैसा वापस किया और अपने चांदी का कारीगर का काम करने लगा तब पता चला कि 01 नग चांदी का कटहर पैरी नही था जिसे आसपास रखे सभी सामानों को निकालकर देखा तो एक नग चांदी का कटहर पैरी नही मिला। जिसे अज्ञात चोरी द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना चाम्पा में धारा 454, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के संदेही नरेश यादव को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर प्रार्थी के चांदी के जेवर को चोरी कर आकांक्षा ज्वेलर्स परशुराम चौक चांपा के देवेन्द्र सोनी के पास बिक्री करना बताया गया जिस पर आरोपी देवेन्द्र सोनी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उक्त जेवर को नरेश यादव से खरीदना और उसे गलाकर रखना स्वीकार किया गया। चांदी के गले सिल्ली वजनी करीब 300 ग्राम तथा रांगा की छडी बजनी करीब 1150 ग्राम को आरोपी देवेंद्र सोनी से बरामद कर प्रकरण में धारा 411 भादवि जोड़ी गई। प्रकरण के आरोपी नरेश यादव उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नं 01 मुक्तिधाम के पास भैसा बाजार चांपा थाना चांपा एवं देवेन्द्र सोनी उम्र 34 वर्ष निवासी परसुराम चौक चांपा थाना चांपा को दिनाँक 28 मई को गिरफ्तार किया गया जिसे दिनाँक 29 मई को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक रामप्रसाद बघेल, आरक्षक ईश्वरी राठौर, माखन साहू एवं प्रकाश द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# युवाओं के सामने आने से क्षेत्र का होगा विकास : विकास दीवान

- ग्राम कठौतिया में हुआ सर्व समाज सम्मेलन व एकत्रीकरण का कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




ग्राम कठौतिया में आयोजित सर्व समाज सम्मेलन व एकत्रीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान शामिल हुए। इस सम्मेलन में आसपास के करीबन 20 से 25 गांव के वरिष्ठजन, सरपंच व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस दौरान छत्तीसगढ़ के लोक गायक पंडित शिवकुमार तिवारी का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि दीवान ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि कठौतिया दुर्ग से लेकर बेमेतरा जिले में नवागढ़ विधानसभा में विशेष पहचान रखने वाला स्थान रहा है, यहाँ से निकलकर कई विशेष हस्तियों ने क्षेत्र में नाम कमाया है। लेकिन गांव का अभी तक आवश्यकतानुसार विकास कार्य नहीं हो पाया है। आज आशीष चंद्राकर जैसे युवा सामने आ रहे हैं जिससे निश्चित रूप से कठौतिया सहित क्षेत्र का भविष्य उज्जवल नजर आ रहा है। निश्चित रूप से जब यहां से युवा राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में आगे आएंगे तो विकास कार्य की गति तेज होगी। एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावन्त धर बांधे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम तय कर रहा है। आज देश का हिंदू जाग चुका है। मोदी की सोच से बना भव्य काशी,उज्जैन, अयोध्या जैसे अनेक उदाहरण हैं। महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु राय ने कहा कि कठौतिया क्षेत्र को अक्सर नवागढ़ विधानसभा में अनदेखा कर दिया जाता है, लेकिन अपने भौगोलिक व सामाजिक दृष्टिकोण से कठौतिया का अलग महत्व है।

# कंडारका में हुई घटना के विरोध में सर्व हिंदू समाज द्वारा किया गया बईठका का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



विगत दिनों ग्राम कंडारका में हुई घटना के विरोध में बाजार चौक के दुर्गा मंच में सर्व हिंदू समाज द्वारा बईठका का आयोजन किया गया । इस आयोजन में पीड़ित परिवार के मुखिया तुलाराम साहू सहित सर्व समाज के लोगों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निश्चय बाजपेई ने कहा कि ग्राम कंडरका की यह घटना वाकई एक जघन्य अपराध है उन्होंने कहा कि जिस तरह एक बीड़ी के लिए किसी परिवार पर इस तरीके का हमला कर उन्हें घायल कर देना उनकी मानसिकता को उजागर करता है ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए । साहू समाज के रतिकांत साहू ने कहा कि इस घटना की घोर निंदा की करते हुए कहा कि समाज को एक हो जाना चाहिए कई बार बिखराव की वजह से इस तरह की घटनाएं होती हैं पीड़ित परिवार के प्रति हमारी सहानुभूति है लेकिन जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है उन्हें उसे सही मायनों में सजा दिलवाने का प्रयास करेंगे लेकिन यह घटना किसी समाज विशेष को लेकर नहीं है बल्कि घृणित और विकृत मानसिकता को दर्शाती है हमें किसी भी जाति पांती से कोई वैमनस्यता नहीं है सब समाज में भाईचारे के साथ रहे, और अमन शांति के साथ रहे हम यही चाहते हैं । लेकिन अगर इस तरीके की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो हमें भी सोचना पड़ेगा। हम किसी धर्म के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उन्हें भी यह सोचना चाहिए कि ऐसी घटना दोबारा ना हो। समाजसेविका पूर्णिमा ठाकुर ने कहा कि कंडरका की यह घटना वाकई चौका देने वाली है एक बीड़ी के लिए किसी भी परिवार को इस तरह घायल करना और उन्हें मरणांतक चोट पहुंचाना विकृत मानसिकता को दर्शाता है इसका बहुत बड़ा कारण यह भी है कि हम सब हिंदू समाज के लोग आपस में बंटे हुए हैं अन्यथा एक व्यक्ति महज एक बीड़ी के लिए किसी परिवार को इस तरह इस तरह लहूलुहान कर दे संभव ही नहीं है।

# जिला चिकित्सालय में थायरॉइड से ग्रसित मरीजों का किया गया परीक्षण

### चिन्हांकित 3 मरीजों का किया जाएगा ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन के द्वारा दूरस्थ अंचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए मैगा हैल्थ कैम्प, कुष्ठ निवारण शिविर सभी विकासखण्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गंभीर बिमारी, सामान्य बिमारी एवं अन्य प्रकार के बिमारियों का भी बेहतर ईलाज किया जा रहा है। गंभीर मरीजों को प्रशासन द्वारा रायपुर के बड़े अस्पतालों में भेजा जा रहा है और विशेषज्ञों के देखरेख में सफल ऑपरेशन भी करवाया गया है। इसी कड़ी में 29 मई 2023 को जिला चिकित्सालय जशपुर में थायरॉइड बीमारी से ग्रसित मरीजों को परीक्षण किया गया। सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. भूपेश भगत के द्वारा परीक्षण में थायराइड के 03 मरीजों का जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित किया गया है और सर्जरी के पूर्ण की जाने वाली विभिन्न जांच पूर्ण कराने के लिए कहा गया है। पूर्व शिविर में उक्त मरीजों का घेंघा रोग सर्जरी के लिए चिन्हांकित किया गया था। मरीजों के लिए जांच एवं इलाज निःशुल्क है।

# महिलाएं बन रही हैं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान और महिलाओं के लिए संबल बनी है। इसी कड़ी में गिनाबहार रीपा में एकता समूह के सदस्यों द्वारा दोना पत्तल उत्पादन एवं पैकेजिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है और गौठान में विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान कर रही है। कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गिनाबहार में ग्राम सुराजी योजनांतर्गत गौठान में मुर्गी शेड, बकरी शेड, बर्मी टांका, बाड़ी विकास हेतु प्रर्याप्त भूमि एवं पानी की व्यवस्था के लिये तालाब व बोर उपलब्ध है। ग्राम पंचायत गिनाबहार में समूह के महिलाओं द्वारा आजीविका गतिविधि संचालित है, इसमें मुख्य रूप से 3 समूह 35 परिवार के सदस्य जुड़ कर गौठान से लाभ ले रहे है। दुर्गा समूह के द्वारा गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें समूह द्वारा अब तक 256 क्विंटल खाद उत्पादन किया गया है जिसमें से 196.90 क्विंटल खाद मण्डी में विक्री हो चुका है। विक्रय से समूह को कुल 64 हजार 386 रूपए का लाभ प्राप्त हुआ है। सामुदायिक बाड़ी अंतर्गत् दुर्गा समूह के द्वारा गौठान में सामुदायिक बाड़ी का कार्य किया जा रहा है, जिसमें गौठान में विभिन्न प्रकार आलू, मटर, टमाटर व मिर्ची की सब्जियॉ लगाई गई है। जिसके विक्रय से समूह को 65 हजार रूपए का लाभ प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार वैजन्ती समूह के सदस्यों द्वारा गौठान में मशरूम उत्पादन का कार्य किया गया है। जिसमें 21 दिनों में महिलाओं के द्वारा 1 क्विंटल मशरूम उत्पादन किया गया।

# जनदर्शन में अपर कलेक्टर नें प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

- जनदर्शन में कुल 105 आवेदन हुए प्राप्त

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने अपने कार्यालय कक्ष में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमलोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज तहसील बलौदा में पनौरा निवासी भानूप्रकाश आदिले द्वारा सहायता राशि हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया उनके पुत्र की अग्निदुर्घटना में मृत्यु हो जाने गई है जिसका सहायता राशि स्वीकृत नहीं हो रहा है। जिस पर अपर कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाई करते हुए संबंधित तहसीलदार को फोन लगाकर जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अकलतरा विकासखंड के दिव्यांग विजय कुमार द्वारा ट्राय सायकिल प्रदाय करने का आवेदन लेकर पहंचे। जिस पर अपर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही में ग्राम पंचायत भिलाई के आश्रित ग्राम झर्राडीह के सरपंच द्वारा मुक्तिधाम से बेजा कब्जा हटवाने, देव किरारी तरौद के कार्तिकराम व महारथी द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर विक्रय किए जाने के शिकायत, ग्राम खोखरा निवासी विजय राठौर द्वारा उनके घर सामने अवैध रूप से किये गये बेजा कब्जा हटवाने, तहसील जांजगीर के ग्राम पाली निवासी बीरस द्वारा सहायता राशि दिलाने, नवागढ़ ब्लाक के पीथमपुर निवासी सावित्री पाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पचरी के सरपंच किरण भारद्वाज द्वारा मानदेय दिलाने, ग्राम खोखरा निवासी मोहित राम बरेठ ने स्कूल के प्रचार्य द्वारा टीसी नहीं प्रदान करने की शिकयत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा बिजली हॉफ योजना का लाभ दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, राशनकार्ड, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता सहित कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

# जनचौपाल में अपर कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्या मांग, शिकायत एवं समस्या से संबंधित मिले 51 आवेदन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के निर्देश पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी ने आज सोमवर को जनचौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। शहरी सहित दूर-दराज के गांवों से आए आम नागरिकों ने अपर कलेक्टर के समक्ष मांग, शिकायत एवं समस्या से संबंधित 51 आवेदन प्रस्तुत किए। जनचौपाल में आए ग्राम देवादा निवासी उत्तरा निषाद ने भगनी प्रसुति योजना का लाभ दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। मां शक्ति स्व-सहायता समूह नवागढ़ के महिलाओं ने लघु उद्योग विभाग से सहायता राशि प्रदाय करने हेतु आवेदन दिए। ग्राम कोहड़िया निवासी राजेस्वरी पुरी गोस्वामी एवं सुमन पुरी गोस्वामी ने ग्राम चाकापेण्ड्रा से गाड़ामोर होते हुए ग्राम प्रतापपुर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित हुए कृषि भूमि का मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम देवराबीजा निवासी श्यामकली निषाद ने आंगनबाड़ी केन्द्र देवरबीजा में सहायिका भर्ती में की गई अनियमितता की परदर्शिता से जांच करने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम मउ निवासी ईश्वर, बलदेव, हेमलता, दौलत लखेश्वर, रामेश्वरी ने अपने स्वामित्व के कृषि भूमि पर स्थायी बिजली कनेक्शन हेतु शुल्क पटाने के बावजूद बिजली विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन एवं बिजली पोल स्थापित नहीं करने के संबंध में आवेदन दिया।ग्राम गांगपुर निवासी मनोज कुमार वर्मा ने दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने के सबंध में आवेदन दिया। ग्राम मोहतरा निवासी फेरहा ने एक साल से निराश्रित पेंशन नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की ग्राम सुरुजपुरा निवासी बोधन राम सिन्हा ने नक्शा त्रुटि सुधार करवाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम अकोली निवासी सुकालू राम ने नामांतरण एवं अभिलेख दुरुस्ती कराये जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम करचुआ निवासी बलराम यादव एवं लक्ष्मण यादव ने राजीव गांधी भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पंचायत बेरलाकला में अवैध रूप से बबूल वृक्ष की कटाई एवं अवैध मुरुम खनन करने वालों के उपर कार्यवाही करने हेतु आवेदन दिए।

## अयोध्या में भी इसी से रखी गई है राम मंदिर की नींव

# राजस्थान के खास संगमरमर पत्थर से आकार ले रहा कोरबा का राम दरबार

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रभु श्री राम का खास दरबार कोरबा में मूर्त रूप ले रहा है। 12 जून को इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मशहूर कथा वाचिका जया किशोरी जिले में होंगी। इस मंदिर के निर्माण और जिले में जया किशोरी के आगमन में प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान है। जयसिंह के प्रयासों से ही कोरबा में एक भव्य राम मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगा। डीडीएम रोड में निर्माणाधीन राम दरबार का काम दिन के 24 घंटे तेजी से चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के पहले निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। मंदिर के निर्माण में बंसी पहाड़पुर पिंक पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। यह गुलाबी रंग के खास किस्म के संगमरमर पत्थर होते हैं। जो सिर्फ राजस्थान के बंसी पहाड़ में ही मिलते हैं। इन्हीं पत्थरों का उपयोग अयोध्या के राम मंदिर में निर्माण में भी किया गया है। जिले के सभी रामभक्तों के लिए अयोध्या जाना तो संभव नहीं है। लेकिन अयोध्या के मिट्टी की खुशबू और वैसे ही पत्थरों के उपयोग से कोरबा में बन रहे श्री राम मंदिर के दर्शन श्रद्धालु जरूर कर सकेंगे।

**अयोध्या में काम कर चुके 40 कारीगर कोरबा में कर रहे राम मंदिर का निर्माण** - राजस्व मंत्री और कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने इस मंदिर की नींव रखी है। इसके लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र से कारीगर बुलवाएं हैं। मजदूरों के साथ ही पत्थर पर नक्काशी करने वाले 30 से 40 ऐसे कारीगर हैं। जिन्होंने अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण में भी अपना योगदान दिया है। कुल मिलाकर 120 कारीगर और मजदूर मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। इनमें से अधिकतर राजस्थान से हैं। यह सभी धार्मिक स्थलों का ही निर्माण करते हैं। कोरबा के राम मंदिर का डिजाइन खासतौर पर एक यूनिक स्टाइल में किया गया है। जो कि देश में और किसी भी स्थान पर नहीं है। राजस्थान के इन पत्थरों का उपयोग देशभर के चुनिंदा धार्मिक स्थलों के निर्माण में किया गया है। अब कोरबा भी उसमें शामिल होगा। इन खास पत्थरों का उपयोग प्राचीन काल में राजा महाराजा करते थे। जिससे वह अपने महल और मंदिरों का निर्माण करते थे। पत्थरों का ब्लॉक पहाड़ से खोदकर निकाला जाता है। इसके बाद इसे निर्माण स्थल तक पहुंचाया जाता है। जहां कारीगर इनमें अपनी कारीगरी का जौहर दिखाकर नक्काशी करते हैं।

**जनवरी में शुरू हुआ कार्य, युद्धस्तर पर जारी** -डीडीएम रोड में निर्माणाधीन राम दरबार का निर्माण इसी वर्ष के जनवरी माह में प्रारंभ हुआ था। तीन जून तक इसे पूर्ण कर लेने का टारगेट तय किया गया है। मंदिर निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मंदिर का डिज़ाइन खासतौर सनातन हिंदू धर्म के अनुरूप है। मंदिर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यहां जाने पर सनातन धर्म के अलौकिक सुकून की अनुभूति होगी। मंदिर में सुकून का वातावरण होगा। आसपास हरियाली के लिए गार्डन और वॉटर फाउंटेन भी बनाया जाएगा। कोरबा का राम मंदिर सनातन धर्म की प्राचीन परंपरा और आधुनिक इंजीनियरिंग का एक बेजोड़ उदाहरण बनेगा। जिलेवासियों के लिए यह राम दरबार एक खास धरोहर की तरह होगा।

**जून को मुख्य पूजा, महाभंडारा के साथ जया किशोरी की धर्म सभा** -12 जून को प्रभु श्रीराम, जिले के राम मंदिर में विराजित होंगे। इसी दिन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य आयोजन सुबह 9:00 बजे कलश यात्रा के साथ शुरु होगा। श्री राम मंदिर तक कलश यात्रा के साथ निशान पदयात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे से महाभंडारे की भी शुरुआत कर दी जाएगी। इसी दौरान दोपहर 1:40 बजे से 3:21 तक प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा पूजा के बाद शाम 5:00 बजे से विश्व विख्यात कथा वाचिका जया किशोरी कथा वाचन करेंगी। यह कार्यक्रम रात के 8:00 बजे तक लगातार चलता रहेगा।

# शराब बंदी पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में मंत्री कवासी लखमा का कोरबा दौरा रहा, इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के द्वारा शराब बंदी कराने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। शराब दुकान बंद कराने को लेकर 27 मई से शराब बंदी का अभियान चलाया जा रहा हैं जो 31 मई तक लगातार चलता रहेगा, इसके तहत् भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के द्वारा शराब दुकान को बंद कर वहां पोस्टर चस्पा किया जा रहा हैं एवं रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा हैं। इस रैली में काफी अधिक संख्या में पार्टी के सदस्यों के अतिरिक्त आस पास की कुछ जागरूक महिलाएं व पुरुष भी शामिल हुए, जो कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध करती नजर आई, इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, महामंत्री संजू देवी राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी रेखा श्रीवास, सोशल मीडिया प्रभारी ज्योति गायत्री दास, मंत्री हार बाई यादव, मंडल अध्यक्ष स्वाति कश्यप, महामंत्री पुष्प कला साहू, निर्मला साहू, सुनीता दास, कृष्णा राठौर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, कन्या शक्ति संयोजिका प्रीति स्वर्णकार, मंडल अध्यक्ष दिनेश सेन, मंडल अध्यक्ष रामावतार पटेल, पिंकू रंजन, गीता चौहान, सरिता दास, गायत्री श्रीवास, गीता चौहान, ममता यादव एवं भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरगुजा की भाजियों का स्वाद मैं आज तक नहीं भूला : मुख्यमंत्री बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सरगुजा संभाग में जिन ग्रामीण परिवारों के घर भोजन किया था, मुख्यमंत्री ने आज उन्हें अपने निवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि मैंने आप सब के घर भोजन किया था, जिस स्नेह और अपनत्व से आप लोगों ने मेरा स्वागत किया उससे मैं अभिभूत हूं। सरगुजा और जशपुर में आप सभी ने अनेक तरह के फल और भाजियां परोसी थी, उनका स्वाद आज तक मैं नहीं भूला हूं। आज मुझे आप सभी को अपने निवास पर आमंत्रित कर स्वागत करने का अवसर मिला है। भोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के पास जाकर बड़ी आत्मीयता से मुलाकात की और उनके घर-परिवार का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सरगुजा से आए मेहमानों का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन मूंग दाल का देहाती बड़ा, मूंग भाटा आलू की सब्जी, टमाटर चटनी और आम के पना के जायके के साथ स्वागत किया।




### मुख्यमंत्री ने मधुलिका की चित्र कला को सराहा, पढ़ाई के लिए दिया सहायता का आश्वासन

सरगुजा के ग्राम- करजी से आयी कुमारी मधुलिका प्रजापति ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि जब आप मेरे घर भोजन के लिए आये थे तो मैंने आपको अपने द्वारा बनाया आपका स्केच भेंट किया था। आपको स्केच भेंट करती फ़ोटो जनमन पत्रिका के कवर पर प्रकाशित हुई है। इसे देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। इसीलिये मैं फिर आपका स्केच बनाकर आपको भेंट करने लाई हूँ। मधुलिका ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और आगे खैरागढ़ विश्वविद्यालय से चित्रकला की पढ़ाई करना चाहती हूं। मुख्यमंत्री ने मधुलिका की कला की खूब सराहना की और खैरागढ़ विश्वविद्यालय में उसका दाखिला कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आमंत्रण पर उनके निवास पहुंचे पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के बागबहार निवासी गौरीशंकर यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमने कभी सोचा भी नहीं था कि मुख्यमंत्री कभी हमारे यहां भोजन के लिए आएंगे।

हमने उन्हें देशी खाना खिलाया था, जिसे मुख्यमंत्री जी ने बड़े प्रेम से ग्रहण किया। आज मुख्यमंत्री जी ने हमें अपने निवास पर भोजन के लिए आमंत्रित कर हमें सम्मान दिया है। सीतापुर विधानसभा के मैनपाट विकासखण्ड के ग्राम राजापुर से आए राजनाथ एक्का ने बताया हमने कभी सोचा भी नहीं था कि मुख्यमंत्री आदिवासी किसान के घर आएंगे, उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि हम लोगों ने मुख्यमंत्री को लकड़ा की चटनी और कोइलरी भाजी खिलाई थी। मुख्यमंत्री निवास आकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को घर से लाया गुड़ और अपने बाग की लीची भेंट की। सामरी विधानसभा के शंकरगढ़ से आए, जहां से मुख्यमंत्री बघेल ने पिछले वर्ष 4 मई को भेंट-मुलाकात की शुरुआत की थी।

, शंकरगढ़ के सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री उनके घर भोजन के लिए आए थे, उसे याद कर मुख्यमंत्री ने हमें भोजन के लिए बुलाकर छत्तीसगढ़ की परम्परा का निर्वाह किया और हमे सम्मान दिया। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव और पारसनाथ राजवाड़े, विधायक रामपुकार सिंह, खेलसाय सिंह, डॉ. विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, विनय भगत भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# नशे में वाहन चलाया तो सीधे ड्राइविंग लाईसेंस होगा निरस्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर के अंदर अब यदि शराब पीकर या अन्य किसी प्रकार का नशा कर वाहन चलाते पकड़े गए तो खैर नहीं। राजधानी पुलिस ने सड़क हादसों को रोकने के लिए ऐसे नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ एक नई मुहिम शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सप्ताह के अंतिम दो दिन याने शनिवार और रविवार को अधिकर लोग घर के बाहर भोजन करना, होटल, रेस्टोरेंट जाना पसंद करते हैं। इनमें युवा वर्ग की संख्या सबसे ज्यादा है जो कि रविवार या अवकाश के दिन में अक्सर शहर के आउटर, ढाबों व रेस्टोरेंट में भोजन करने जाते हैं। शनिवार और रविवार को ही बीयर बारों में भीड़ भी अधिक रहती है। अधिकतर लोग शराब पीकर अपनी छुट्टियां इंजॉय करते हैं और देर रात वापस लौटते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि यही सड़क हादसों की मुख्य वजह है। युवा वर्ग नशे में लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाकर न केवल खुद की जान जोखिम मे डालते हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी यह हादसे की मुख्य वजह बनते हैं। यही वजह है कि अब पुलिस ने सड़क हादसों को रोकने के लिए ऐसे लोगों की धरपकड़ शुरू कर दी है। राजधानी पुलिस ने शनिवार और रविवार की रात शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों में बकायदा जांच अभियान चलाते हुए नशेड़ी वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया है। पुलिस का कहना है कि इस तरह का औचक जांच और अभियान आगे भी जारी रहेगा। नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर सीधे ड्राइविंग लाइसेंस कैंसिल किए जाने की अनुशंसा होगी और वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही भी की जाएगी।

# गांजा खपाने बस स्टैण्ड में खड़ा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** अभनपुर थाना पुलिस ने कल बस स्टैण्ड में ग्राहक की तलाश कर रहे एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कल नव निर्मित बस स्टैण्ड में पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक युवक बस स्टैण्ड में अवैध रूप से गांजा लेकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। इस पर पुलिस ने संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1 किलो 10 ग्राम गांजा अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रूपए बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

## आधार कार्ड नामांकन या अपडेट के लिए यूआईडीएआई और चिप्स का समस्या निवारण शिविर 1-2 जून को शहीद स्मारक भवन में

**रायपुर।** यूआईडीएआई, क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद एवं चिप्स द्वारा 1 एवं 2 -जून - 2023 को शहीद स्मारक भवन, रायपुर में दो दिवसीय आधार समस्या निराकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में यूआईडीएआई की टीम द्वारा प्रातः 10:00 बजे से 05:00 बजे तक आधार नामांकन एवं अपडेट सम्बंधित समस्याओं की जाँच की जायेगी और उनका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। ऐसे नागरिक जिनके आधार में किसी प्रकार की समस्या है, वे इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

# हर वर्ग को मोह रहा है लन्दन ब्रिज के थीम में बना फन वर्ल्ड मेला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में फन वर्ल्ड फेयर मनोरंजन मेला को राजधानीवासियों का बढ़ाया रिस्पॉन्स मिल रहा है। मेले का फर्स्ट लुक ही काफी आकर्षक दिखता है, जो कि लन्दन ब्रिज के थीम में बना हुआ है। इसके बाद मेले के अंदर आकर लोग मनोरंजन की दुनिया में गुम हो जाते है। उपरोक्त जानकारी मेले के संचालक तमन्ना हुसैन ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में अनेक राज्यों के शिल्पकारों की आकर्षक रेंज की सैकड़ों वस्तुएं मेले की शोभा बढ़ा रही है, जिसमें घर सजाने के लिए एक से बढ़कर एक सामान जैसे-शो पीस, फर्निचर, होम एप्लायंसेस और टेराकोटा के एक से बढ़कर एक आईटम उपलब्ध है। इसके अलावा बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र है। उल्लेखनीय है कि हुसैन, जो विगत 20 वर्षो से फन वर्ल्ड फेयर के नाम से इस मेले का आयोजन करते आ रहे हैं, ने बताया कि इस बार इस मेले में नयी ताज़गी है. इसमें बच्चों के फन जोन का विशेष ध्यान रखा गया है। इस आयोजन में प्रदेश सहित देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं. एक्सपो में इनके कई स्टाल लगे हुए है जिसमे मुख्य आकर्षण के रूप में कश्मीरी साड़ी, कोलकाता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बाटिक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स ही नही बल्कि कपड़ों में टी-शर्ट, लोअर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कार्पेट, वुडन पेंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है. ज्ञात हो फन वर्ल्ड मेला रायपुर की जनता को काफी पसंद आता है। गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए बच्चों और युवाओं के लिए कई प्रकार के झूले लगे हुए हैं। आयोजन में ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, चीली झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले सकते हैं। यहां स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन भी है जिसमें एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट फूड के स्टॉल है। मेले का समय रोज़ाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है।


## आवश्यकता

नवीन प्रारंभ हुए फार्मेसी कॉलेज हेतु निम्न पदों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। अनुभवी को प्राथमिकता।

| पदनाम | योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|
| अध्यापक | बी. फार्मा | न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव अनिवार्य |
| प्रोफेसर | बी. फार्मा एवं एम. फार्मा | न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव अनिवार्य |
| प्राचार्य | बी. फार्मा एवं एम. फार्मा | न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव अनिवार्य |

मो. नं. - 98271-18884, 96914-70210
श्रीबालाजी हॉस्पिटल कैम्पस, दुबे कॉलोनी
मोवा रायपुर (छ.ग.) - 492014
Email - hrsbp.raipur@gmail.com










सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403